रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधि. 35.5° | अधि. 36.5° |
| न्यून. 23.5° | न्यून. 24.4° |

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, रविवार

15 जून 2025

वर्ष-26, अंक-133, पृष्ठ-12




पेज 12

## भारतीय सेना को कोटि-कोटि नमन

राष्ट्रीय नवीन मेल




किरण कुमारी वर्तनी

'ऑपरेशन सिंदूर' ने हिंद सेना की डंका पूरे विश्व में बजाई है। आधुनिक युग की सेना अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित नई तकनीक में कदम रख चुकी है, जिसका लोहा अब दुनिया भी मान रही है। भारतीय सेना ने पराक्रम, अदम्य साहस और वीरता का जीता जागता उदाहरण पेश किया है। भारतीय सेना हर एक मोर्चे पर मजबूती से खड़ी थी। बर्फीली घाटी, जलती रेत, सागर हो या ऊंचा व्योम, अपनी ताकत से दुश्मनों को धूल चटाई। भारत एक शांतिप्रिय देश है। किंतु, अगर कोई दुश्मन आम जन या सेना पर वार करे, तो उसका नामो-निशां धरती से हम मिटा देते हैं। अपने शौर्य का परिचय देते हुए जो वीर जवान शहीद हुए, उनके शौर्य और जज्बे को सलाम करती हूं। कोटि-कोटि नमन। जय हिंद की सेना।

## कल से 19 जून तक दस्तक दे सकता है मॉनसून

**रांची।** झारखंड में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान हैं।



ऐसे में हर कोई मॉनसून के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, ताकि इस चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत मिल सके। मौसम विभाग के अनुसार 16 जून से 19 जून के बीच कभी भी मॉनसून का आगमन झारखंड में हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 16 जून से बारिश की शुरुआत हो जाएगी। मौसम वैज्ञनिक अभिषेक आनंद ने कहा कि वैसे तो मॉनसून नार्थ झारखंड से अमूमन आता है, लेकिन इस बार फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं कि जा सकती है। वहीं, मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार इस वर्ष अच्छी बारिश होने की संभावना है।

# सीआरपीएफ के शहीद जवान को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची के सेक्टर-2, धुर्वा के 133 बटालियन स्थित शहीद स्मारक उद्यान पहुंचकर सीआरपीएफ के शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों के अद्वितीय योगदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मुख्य सचिव अलका तिवारी और डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी।

विदित हो कि शनिवार की सुबह चाईबासा स्थित झारखंड एवं ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की चपेट में आने से सीआरपीएफ, 134वीं बटालियन के एएसआई सत्यवान कुमार सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए राउरकेला स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के क्रम में वे वीरगति को प्राप्त हुए।



## झारखंड में नशे के कारोबार के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी

# दो करोड़ रुपए के ड्रग्स और 44.57 लाख नकद बरामद

नवीन मेल डेस्क

**चतरा।** चतरा में पुलिस को नशे के कारोबारियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। अफीम और ब्राउन शुगर के स्टॉकिस्ट के रूप में चर्चित तस्कर रौशन दांगी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से लगभग 2 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद हुए हैं। साथ ही, 47.57 लाख रुपए नगद भी मिले हैं। पुलिस को उसके पास से अफीम से ब्राउन शुगर बनाने की लोहे की संरचना भी मिली है। चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।

पुलिस ने 287 ग्राम ब्राउन शुगर, 11.172 किलोग्राम अफीम और 44 लाख 57 हजार 350 रुपए नकद के साथ महिला तस्कर रूबी देवी को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि रूबी राजपुर थाना के बुढ़ीगड़ा निवासी शंभु दांगी की पत्नी है। वह रौशन की साली है। दो दिन पहले तस्कर रौशन की एक अन्य साली पत्थलगडा के कुम्हारटोली निवासी मधु कुमारी की गिरफ्तारी हुई थी।

शेष पेज 11 पर

### अफीम व ब्राउन शुगर का सप्लायर रौशन दांगी और महिला तस्कर रूबी देवी गिरफ्तार



चतरा में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल।

### लोहरदगा में 30 लाख के गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बगडू थाना क्षेत्र के ग्राम अरैया में एक बड़े गांजा तस्करी रैकेट का पदार्फाश किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने संदीप साहू (33 वर्ष) के घर से कुल 42 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। गांजा 28 पैकेटों में भरा हुआ था। इसकी अनुमानित बाजार कीमत 30 लाख रुपए आंकी जा रही है। इसकी बरामदगी वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने की। छापामारी के दौरान दंडाधिकारी की उपस्थिति में संदीप साहू के घर की विधिवत तलाशी ली गई, जहां गांजा का यह जखीरा मिला। पुलिस पूछताछ में संदीप साहू ने इस अवैध कारोबार में लोहरदगा थाना क्षेत्र के राजा

शेष पेज 11 पर

#### अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान में जन भागीदारी की जरूरत : एसपी

बड़े पैमाने पर गांजा समेत अन्य मादक पदार्थों का लोहरदगा में खपत को गंभीर मामला मानते हुए पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि इस पर रोकथाम और पूर्ण नियंत्रण लगाना नितांत जरूरी है।

शेष पेज 11 पर

### खूंटी से 1.48 करोड़ का अफीम डोडा बरामद, तस्कर फरार



**खूंटी।** खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र के बेड़ाहातु गांव के पास निमार्णाधीन पुल के नजदीक शुकवार की देर रात पुलिस ने छापेमारी कर एक करोड़ 48 लाख 65 हजार मूल्य का अफीम डोडा बरामद किया है। पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर एक ट्रैक्टर पर लदे 991.01 किलोग्राम डोडा बरामद कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।पुलिस ने शनिवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि 13 जून की देर रात करीब 10.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि डोडा लदा एक ट्रैक्टर होड़ोंग से बेड़ाहातु होते हुए बुंडू की ओर जाएगा।

शेष पेज 11 पर

## नीट यूजी 2025 के रिजल्ट घोषित

# महेश कुमार ने 686 अंकों के साथ किया टॉप

एजेंसी



- उत्कर्ष अवधिया द्वितीय और कृषांग जोशी को तृतीय रैंक
- पांचवीं रैंक प्राप्त अविका अग्रवाल महिला टॉपर

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) नई दिल्ली की ओर से देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2025 का परीक्षा परिणाम शनिवार सुबह जारी कर दिया गया। परीक्षा में 22 लाख से अधिक विद्यार्थी बैठे थे। इनमें से 12.36 लाख विद्यार्थी क्वालिफाई हुए हैं। राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी महेश केसवानी ने 720 में से 686 नंबर हासिल कर टॉप किया है। इंदौर के उत्कर्ष अवधिया की द्वितीय और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी की तृतीय रैंक आई है। दिल्ली के मृणाल किशोर झा चौथे स्थान पर हैं। शीर्ष 10 रैंक में दिल्ली, गुजरात, पंजाब और महाराष्ट्र के सामान्य श्रेणी के छात्रों का दबदबा रहा। दिल्ली की अविका अग्रवाल महिला टॉपर हैं। उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर पांचवीं रैंक प्राप्त की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जनरल तथा ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के लिए नीट यूजी 2025 की क्वालीफाइंग कट ऑफ में 18 अंकों का गिरावट देखने को मिली है। गत वर्ष 2024 के मुकाबले 162 अंक से गिरकर 144 अंक हो गई है। वर्ष 2025 में ओबीसी, एससी, एसटी कैटेगरी की क्वालीफाइंग कट ऑफ में भी 14 अंकों की गिरावट देखने को मिल रही है। ओबीसी, एससी, एसटी कैटेगरी की क्वालीफाइंग कट ऑफ 127 अंकों से घटकर 113 अंक हो गई है। इसका सबसे बड़ा कारण इस वर्ष के प्रश्न पत्र का विगत 10 वर्षों में सबसे कठिन होना है। नीट यूजी 2025 का रिजल्ट फाइनल आंसर की के साथ अब आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध है। उम्मीदवार अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स की मदद से विषयवार अंक, कुल स्कोर, प्रतिशत रैंक और अपनी योग्यता स्थिति वेबसाइट पर देख सकते हैं।

एनटीए जल्द ही एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले के लिए जरूरी कट-ऑफ अंक भी जारी कर सकता है। पिछले साल, सामान्य श्रेणी के लिए कट-ऑफ 50 प्रतिशत था, जबकि ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के लिए यह 40 प्रतिशत था। इस साल की कट-ऑफ भी ऑल इंडिया मेरिट लिस्ट में मिले उच्चतम अंकों के आधार पर तय की जाएगी।

शेष पेज 11 पर


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।


## दर्दनाक दुर्घटना : अनगड़ा में सड़क हादसा, दो की हुई मौत

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना सिकिदिरी क्षेत्र के भूसूर जंगल मोड़ पर की है। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार एक बाइक, सड़क किनारे रखे लोहे के बड़े पाइप से टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक और पीछे बैठी एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान 16 वर्षीय गीता कुमारी के रूप में हुई है, जो पिठोरिया थाना क्षेत्र के राढ़ा गांव की रहने वाली थी। जबकि, मृत बाइक चालक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। घायल किशोरी का नाम रेखा मुंडा (15) है, जो गीता की ही गांव की रहने वाली बताई जा रही है। घटना के कुछ ही देर बाद मौके से गुजर रही 108 एंबुलेंस ने तीनों को अनगड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

शेष पेज 11 पर

## राज्य में 25 हुई कोविड के सक्रिय मामलों की संख्या

**रांची।** झारखंड में कोरोना संक्रमण के मामले में मामूली वृद्धि हुई है। पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित एक मरीज मिला है। कोविड डैशबोर्ड के अनुसार, शनिवार को झारखंड में कोविड के सक्रिय मामलों की संख्या 25 हो गई है। शुक्रवार को कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 24 थी। वहीं, पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमित एक मरीज ठीक हो कर घर चला गया है। राज्य में अब तक 11 कोरोना संक्रमित मरीज ठीक हुए हैं। देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 7400 हो गई है।

# गुमला के चैनपुर में महिला की टांगी से मारकर हत्या

नवीन मेल संवाददाता



- हत्या से पहले हमलावार ने दो अन्य महिलाओं और एक बच्चे को घायल किया
- हमला करने के आरोपी बलिराम को ग्रामीणों ने घेरा, तो वह कुएं में कूद गया


**चैनपुर।** गुमला जिले के चैनपुर अंचल अंतर्गत कुरूमगाड़ थाना क्षेत्र के कमलपुर गांव में शनिवार को बलिराम खड़िया नाम के एक व्यक्ति ने रीना देवी नाम की महिला की टांगी से वार कर हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना दिन में करीब 11:00 बजे की बताई जा रही है, जिसने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, हत्या की इस वारदात को अंजाम देने से पहले, बलिराम ने जंगल में लकड़ी इकट्ठा कर रही दो महिलाओं - कमलटोली निवासी चंद्रमुनी देवी और चंदगो निवासी कोरवाइन - से उनकी टांगी छीनकर उन पर भी हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गईं। इतना ही नहीं, उसने गांव में ही साढ़े चार साल के एक मासूम बालक अनुज खड़िया को डंडे से मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद, तीनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं, मृतक रीना देवी की बहन रंजिता कुमारी ने बताया कि घटना के वक्त रीना के बच्चे स्कूल गए हुए थे और वह घर में अकेली थीं। बलिराम ने रीना से पानी मांगा, और जैसे ही रीना पानी लेकर आईं, उसने बेरहमी से टांगी से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में रीना की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रीना के पति अनिल खड़िया तमिलनाडु में मजदूरी करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, हमलावर बलिराम हर्रा करचा का निवासी है।

शेष पेज 11 पर

## इंडिया | जब अपने बच्चे बिगड़ जाते हैं तब पिता समझ में आता है, उसके जाने के बाद

किसी भी अच्छे या बुरे नागरिक पर सबसे गहरा प्रभाव दो व्यक्तियों का अवश्य पड़ता है पहला उसकी माता का जो अपनी ममतामयी गोद में बैठाकर अपने बच्चे को संसार की पहली सीख देती है और दूसरा उसके पिता का जो उसे संसार की वास्तिवकता से परिचित कराता है। दोनों का उसके व्यक्तित्व पर स्पष्ट प्रभाव दिखाई पड़ता है जिससे कई बार किसी युवा के अच्छे या बुरे कार्यों के बाद उसके माता-पिता का उल्लेख समाज से लेकर देश-विदेश तक में होता है। प्राचीन भारतीय सनातन समाज मनोविज्ञान को अच्छी तरह जानता था इसलिए कहावतों,कहानियों,लोक कथाओं से लेकर नीति के श्लोकों के माध्यम से चरित्र निर्माण और आदर्श व्यक्तित्व के मानक उपस्थित करता था । इसमें दान-पुण्य,उदार मानवीय पक्ष और क्षमा को परम धर्म जैसे अनेक दूरगामी सिद्धांतों को युद्ध और हिंसा के दुष्परिणामों के बाद धर्म के नाम पर शामिल किया गया। पहले सविधान नहीं था तो धर्म को ही संविधान जैसी मान्यता थी और विधर्मी को समाज से बहिष्कृत करने के अनेक प्रसंग हैं । भारत के इतिहास में कहीं वर्णन नहीं है कि किसी देश को लूटने के लिए भारत ने किसी पर आक्रमण किया हो पर भारत आक्रमणकारियों के पसंदीदा स्थलों में से एक था। आक्रमणकारी भारत को मुख्य रूप से इसकी अपार संपदा, कृषि क्षमता, मसाला व्यापार, उपजाऊ नदी घाटियों आदि के कारण उपनिवेश बनाना चाहते थे। भारत में प्रत्येक विदेशी विजेता ने निर्दयतापूर्वक लोगों का शोषण किया क्योंकि भारत में मानव और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता थी।भारत पर आक्रमण करने वाले सभी आक्रान्ताओं का भारत पर असर पडा और साथ ही पिता से होते हुए बच्चों पर जिसका नवीनतम रूप हम आज देख सकते हैं जहां राजा तक को कहा जाता था कि राजन आप धर्म के मार्ग से भटक गए हैं । आज की इंडिया में पुत्री जिसे पिता का सबसे प्रिय माना जाता है तक माता-पिता की हत्या में शामिल मिल रही है पुत्र से लेकर माता तक कुमाता साबित हो रही है तो कहीं न कहीं पिता पर भी उंगलियां उठ रहीं हैं क्योंकि उसे ही परिवार के मार्गदर्शक की कठोर भूमिका निभानी पड़ती है। बचपन में शिशु पिता के साथ खेलता है, मस्ती करता है लेकिन कई सारे परिवारों में ऐसा होता है कि जैसे-जैसे पुत्र युवावस्था की दहलीज पर कदम रखता है पिता और पुत्र के बीच दूरियां आने लगती हैं। जबकि यह वो समय है जब पिता और बच्चों के बीच का संबंध और प्रगाढ़ होना चाहिए था इसका कारण एक पीढ़ी का अंतर तो होता ही है साथ में बड़ा कारण समाज में फैला प्रदूषण भी है जो तुरंत सब कुछ दिलाना चाहता है ।ऐसे में दोनों के बीच एक दूरी आ जाती है पिता को लगता है कि वे अनुभवी हैं उम्र के इस पड़ाव पर बच्चे किसी गलत दिशा में न चले जाएं इसलिए वे उसे हर जगह जाने के लिए या हर काम के लिए हां नहीं कह पाते हैं।इस रोक-टोक में बच्चों के भविष्य की चिंता छिपी होती है लेकिन बच्चों को लगता है कि पिता अभी भी उसे छोटा बच्चा ही समझते हैं इसलिए इतनी रोक-टोक कर रहे हैं। मन ही मन दूरियां बढ़ जाती है।मां और पिता का स्वभाव बहुत अलग होता है। मां जहां बच्चों को डांटकर पुचकार लेती हैं वहीं पिता का स्वभाव ऐसा नहीं होता है। पिता को नारियल की उपमा दी गई है, बाहर से सख्त और अंदर से कोमल। कई बार नौकरी या रोजगार की मजबूरियों में पिता अपने प्रेम की अभिव्यक्ति नहीं कर पाते हैं और बच्चों को लगता है कि पिता को उनसे कोई मतलब ही नहीं है, वो अपनी बातों को पिता से साझा करना भी छोड़ देते हैं।





सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

ऐसे में उनके जीवन में प्यार पाने के लिए किसी लडके या लड़की प्रवेश होता है जैसा फिल्मों में दिखाया जाता है प्यार-जीने मरने की कसमें जो हमेशा सही नहीं होता और बच्चे माता-पिता कि हत्या तक पर उतारू हो जाते हैं । चाणक्य नीति और आचार्य कौटिल्य की नीतियों में कई ऐसे गुण छिपे हुए हैं, जिनका पालन करने से व्यक्ति कई विषम परिस्थितियों को आसानी से पार कर लेता है पर आधुनिक अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई में उन्हें अछूत बना दिया गया है ।चाणक्य कहते थे -लालयेत् पंचवर्षाणि दशवर्षाणि ताडयेत् ।प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत् ।।अर्थात पुत्र का 5 वर्ष तक लालन करना चाहिए। 10 वर्ष तक तारण करना चाहिए। 16 वर्ष में उसके साथ मित्र के समान व्यवहार करना चाहिए।पैरेंटिंग की आधुनिक शिक्षा में बच्चों के अंदर सॉफ्ट स्किल्स यानी व्यावहारिक और सामाजिक कौशल भी विकसित किए जाने की बात कही जाती है ।अपनी बात को प्रभावी ढंग से, स्पष्ट रूप से और समझदारी भरे लहजे में दूसरे तक पहुंचाना सुनना, समझना, बॉडी लैंग्वेज और भावनाओं को व्यक्त करना भी शामिल है। आज वैश्विक युग में समय के हिसाब से अपने को अपडेट करना जरुरी है पर पिता को भी समझना चाहिए कि बच्चे उनकी प्रॉपर्टी या रेस के घोड़े नहीं और अपनी अधूरी इच्छाएं उनपर थोपने नहीं चाहिए उन्हें समाज का ऊंच-नीच समझाना तो चाहिए पर विश्वास भी करना चाहिए।

## नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से भरेगा उड़ान

# एक्सिओम-4 मिशन की लांचिंग अब 19 जून को

नई दिल्ली (हि.स.)

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन अब 19 जून को लांच होगा। यह मिशन भारत के लिए गर्व का क्षण होगा, क्योंकि शुभांशु शुक्ला, राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय होंगे, जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखेंगे। इससे पहले शुभांशु का एक्सिओम-4 मिशन कई बार टल चुका है।



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने शनिवार को एक्स पोस्ट में बताया कि एक्सिओम-4 मिशन की लांचिंग की तिथि अब 19 जून के लिए पुनर्निर्धारित की गई है। स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की कि लांचिंग को पहले स्थगित करने वाले सभी मुद्दों का उचित समाधान कर लिया गया है। यह मिशन 19 जून को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट पर उड़ान भरेगा। यह मिशन भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन एवं अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय दल में शामिल हैं। ज्ञात हो कि एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून की शाम को लांच किया जाना था, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते इसे रोकना पड़ा था। इससे पहले यह मिशन 29 मई, 8 जून और 10 जून को भी किसी न किसी कारण के चलते टाला जा चुका है।

### बाबूलाल मरांडी ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान की हालत पर खड़े किए सवाल, कहा

# मुख्यमंत्री पहले मौजूदा रिम्स की हालत सुधारें

**बोले नेता प्रतिपक्ष**

- रिम्स की हालत सुधरने के बाद ही नए रिम्स की दिशा में बढ़ाएं कदम
- रिम्स जैसा प्रतिष्ठित संस्थान बना राजनीति और भ्रष्टाचार का अड्डा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की हालत पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा है कि पहले मौजूदा रिम्स की हालत सुधारें, फिर नए रिम्स के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाएं।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट 'एक्स' में आगे लिखा है कि राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के जर्जर भवन लगातार दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। दीवारों से गिरता प्लास्टर, दरारें और जलजमाव न केवल मरीजों, बल्कि डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की जान को भी खतरे में डाल रही हैं। हाल ही में एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर में हुई दुर्घटना के बावजूद राज्य सरकार ने इससे कोई सबक नहीं लिया है।

बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी निशाने पर लिया है। स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय सचिव ने रिम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान को राजनीति और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि रिम्स की बदतर स्थिति को सुधारने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि रिम्स की जर्जर दीवारें हेमंत सरकार की नाकामी की गवाही दे रही हैं। हर गिरती ईंट, टपकती छत हेमंत सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार का जीता-जागता सबूत है।

### हमारे विकास कार्यों से बाबूलाल को हो रही जलन : डॉ इरफान



**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी के ट्वीट पर तंज कसा है। उन्होंने अपने 'एक्स' हैंडल पर शनिवार को पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में रिम्स का रीडेवलपमेंट तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारा संकल्प है। लेकिन बाबूलाल मरांडी को राज्य का विकास कार्य रास नहीं आ रहा है। इससे बाबूलाल को जलन हो रही है। बाबूलाल बेवजह सरकार के काम पर टीका टिप्पणी करते रहते हैं। लेकिन, याद रहे भाजपा कि बाबूलाल की टीका टिप्पणी से यूपीए गंठबंधन के विकास का संकल्प नहीं रुकेगा। बल्कि, यह विकास कार्य और दोगुने जोश के साथ होगा। ज्ञात हो कि बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर रिम्स में जमे जल जमाव, गिरती उजड़ती दीवारें सहित कई खामियों को वीडियो के माध्यम से दिखाया था। बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए इरफान अंसारी ने कहा कि भ्रष्टाचार की जननी भाजपा है। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे बेदाग और जमीन पर काम करने वाले लोगों पर भाजपा अंगुली उठाती है। यह शर्मनाक बात है।

## यूनेस्को की को-चेयरपर्सन नियुक्त होने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को रांची में कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में दुमका के सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. सोनाझारिया मिंज ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. सोनाझारिया मिंज को यूनेस्को की को-चेयरपर्सन नियुक्त होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि डॉ. सोनाझारिया मिंज यूनेस्को की सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए आदिवासी भाषा, संस्कृति, विरासत जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को मजबूती प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समस्त झारखंडवासी एवं विशेष तौर पर आदिवासी समुदाय की ओर से आपको शुभकामनाएं देता हूं। यह राज्य के आदिवासी समुदायों के लिए बहुत गर्व की बात है कि आपके द्वारा किए जाने वाले कार्य से आदिवासी समुदाय के मुद्दे, उनके आत्मनिर्णय के अधिकार एवं ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच प्रदान होगा।

## जेसीईसीई की परीक्षा को लेकर लगेगी 8 परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीई), रांची की ओर से (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने रविवार को परीक्षा केंद्रों पर जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लगा दिया है। इसे लेकर प्रशासन ने आठ परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगा दिया है। यह परीक्षा रविवार की सुबह सात बजे से लेकर दोपहर 1.45 बजे तक होगी। वहीं पीसीएम ग्रुप की परीक्षा सुबह 11.45 बजे से दोपहर तीन एवं पीसीएमबी ग्रुप की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगी। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त संचालान के लिए विधि व्यवस्था के लिए उपायुक्त और एसएसपी सह डीआईजी, विधि व्यवस्था शाखा की ओर से पुलिस बल और पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस संबंध में प्रशासन की ओर से कहा गया है कि परीक्षा में शामिल होनेवाले छात्र, उनके अभिभावक या असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि व्यवस्था भंग करने की कोशिश कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए सदर एसडीओ ने धारा-163 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी कर दी है।

**इन आठ परीक्षा केंद्र पर होगी परीक्षा**

विवेकानन्द विद्या मंदिर, सेक्टर-दो, धुर्वा, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जेपी मार्केट, धुर्वा, डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, बुटी मोड, बरियातु, संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज, पुरुलिया रोड, संत जॉन्स हाई स्कूल, कर्बला टैंक रोड, संत अलोईस इंटरमिडिएट कॉलेज, डॉ कामिल बुल्के पथ, र्सुलाईन इंटर कॉलेज, डॉ कामिल बुल्के पथ और संत अलोईस हाई स्कूल, डॉ कामिल बुल्के पथ शामिल हैं।

# झारखंड में जैविक उत्पादों की अपार संभावनाएं : कृषि मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में जैविक खेती की असीम संभावनाएं हैं। यहां अगले 10 साल में जैविक उत्पाद के बाजार में 20 प्रतिशत का ग्रोथ हो सकता है। इसके लिए एसओपी बनाकर किसानों को घोषित जैविक राज्यों का दौरा कराना होगा। ताकि झारखंड के किसान जैविक खेती की उपयोगिता को समझने के साथ इसके बाजार को समझ सकें। मंत्री हॉटल बीएनआर में ओफाज के सौजन्य से आयोजित बायर और शेलर मीट-2025 के कार्यक्रम में बोल रही थीं।

मंत्री कहा कि जब देश में जैविक उत्पाद का बहुत बड़ा बाजार जैविक बाजार के ग्रोथ की संभावना है। ऐसे में ये जान लेना जरूरी है कि झारखंड इस दौड़ में कहां रहेगा। आज का यह आयोजन एक छोटी सी शुरुआत जरूर है पर इसका उद्देश्य बहुत बड़ा है। झारखंड के जैविक उत्पादों को खरीददारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म ओफाज ने मुहैया कराया है। इसमें क्रेता-विक्रेता और सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। झारखंड जैसे राज्य जहां 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां जैविक खेती की अपार संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सिक्किम ने जैविक उत्पाद राज्य के तौर पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। पहले से कई और राज्य भी इस दिशा में बेहतर काम कर रहे हैं। झारखंड को भी जैविक उत्पाद के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जैविक उत्पाद किसान के घर तक सीमित ना रहे, बल्कि उसे बाजार तक पहुंचाने और उससे अधिक से अधिक आर्थिक लाभ पहुंचाने पर काम करना होगा।

मौके पर ओफाज के सीईओ विकास कुमार, भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक अशोक सम्राट, एपेक्स सोसाइटी से राकेश कुमार, अभिनव मिश्रा, केन्या के साथ-साथ भारत के कई राज्यों की कंपनियों के प्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### पर्यावरण व मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बचाए रखने के लिए जैविक खेती जरूरी : विभागीय सचिव

वहीं मौके पर विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बचाए रखने के लिए जैविक खेती जरूरी है। आधुनिक युग में भी आज लोग खुद को स्वास्थ्य रखने के जैविक उत्पाद का सेवन करना चाहते हैं। किसानों के लिए जैविक उत्पाद आर्थिक लाभ का बेहतर विकल्प है। बाजार में जैविक उत्पाद की कीमत दूसरे उत्पाद से अधिक है। कार्यक्रम में आम और जैविक उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई गई थी। स्टॉल पर रसीले आम की खरीददारी के लिए लोगों का तांता लगा रहा। मंत्री ने भी स्टॉल में लगे उत्पादों का जायजा लिया।

## झारखंड लोक कलाकार संघ की रांची में हुई बैठक

- अधिक से अधिक कला दलों को जोड़ने और संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा
- बैठक के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक, संस्कृति को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक कलाकार संघ के सचिव सह अंतरराष्ट्रीय छऊ नृत्य कलाकार प्रभात कुमार महतो की अध्यक्षता में झारखंड लोक कलाकार संघ की एक आवश्यक बैठक संघ कार्यालय चापुटोली रांची में हुई। संगठन में अधिक से अधिक कला दलों को जोड़ने और संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई।

बैठक समाप्ति के बाद संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक, संस्कृति सांस्कृतिक कार्य निदेशालय से मिलकर 27 जून से 05 जुलाई तक जगन्नाथपुर रथ मेला में जगन्नाथ महोत्सव का आयोजन कर अधिक से अधिक पारंपरिक कला दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यथाशीघ्र आवेदन आमंत्रित करने, भाग लेने वाले सभी कला दलों के मानदेय वृद्धि एवं आयोजन समिति में झारखंड लोक कलाकार संघ के प्रतिनिधि को शामिल करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इसकी प्रतिलिपि मंत्री पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड एवं विभागीय सचिव को भी दी गई। बैठक में संघ के सचिव एवं नटराज कला केंद्र चोगा से प्रभात कुमार महतो, केंद्रीय युवा सरना संगम समिति खूंटी से लखन गुड़िया, वनांचल कला केंद्र लोहरदगा से दीप नारायण सिंह, अंकुर कला जथा लातेहार से अरविंद कुमार, गूंजे झारखंड कला केंद्र सुंदरपुर पालकोट गुमला से राजेश बड़ाइक, मां दुर्गा छऊ नृत्य दल बूंदी रांची से लखींद्र महतो, पांच परगनिया सांस्कृतिक दल बुंडू से विश्वनाथ महतो, मनभावन कला केंद्र भरनो गुमला से कालिंदी कुमारी, मुंडा अखाड़ा दशम फॉल रांची से सोमा मुंडा आदि बहुत सारे कला दल के दल नेता उपस्थित थे। संचालन कार्यकारिणी सदस्य लखन गुड़िया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शहाबुद्दीन अंसारी ने किया।

## भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही हेमंत सरकार : अमित मंडल

- हेमंत सरकार की मंशा बेरोजगारों को नौकरी देने की नहीं है
- यह अबुआ सरकार नहीं, बबुआ सरकार है
- भाषाओं को हटाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ क्यों कर रही है सरकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि हेमंत सरकार भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही है। हेमंत सरकार की मंशा नहीं है कि राज्य के बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिले। यह सरकार अबुआ नहीं बबुआ सरकार है। भाषा और पहचान से हेमंत सरकार ने खिलवाड़ किया है।

वे शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की मूल संस्कृति, भाषाओं और जनजातीय पहचान को खत्म करने की साजिश हेमंत सरकार कर रही है।

मंडल ने कहा कि झारखंड की स्थानीय भाषाओं को नजरअंदाज कर हटाया गया. खूंटी से मुंडारी,पलामू-गढ़वा से भोजपुरी, गोड्डा से अंगिका और कुड़ुख, जनगणना फॉर्म से इन भाषाओं को बिना जनसंख्या गणना क्यों हटाया गया. भाजपा किसी भाषा के विरोध में नहीं, लेकिन अंगिका, भोजपुरी और मुंडारी जैसी भाषाओं को हटाने के इस कृत्य का हम कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि अंगिका में शपथ लेने वाले विधायक और मंत्री मौजूद हैं, तो फिर अंगिका को क्षेत्रीय भाषा में क्यों नहीं माना जा रहा? 2016 के जेटेट में अंगिका थी, फिर अब क्यों नहीं? गोड्डा की जनता को अपमानित करने के उद्देश्य से अंगिका को परीक्षा से हटाया गया।

हेमंत सरकार जेटेट को जानबूझकर उलझा रही है, ताकि बहाना बनाकर युवाओं को नौकरी से वंचित किया जा सके। अमित मंडल ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि भाषाओं के साथ यह अन्याय जारी रहा तो भाजपा और जनजातीय समाज मिलकर सड़क से लेकर विधानसभा तक जनआंदोलन चलाएंगे।

सत्ता पक्ष के मंत्री-विधायक एवं सांसद से पूछा कि मंत्री राधाकृष्ण किशोर बतायें कि पलामू-गढ़वा में मगही बोली जाती है या नहीं। अंगिका में शपथ लेने वाली दीपिका पांडे सिंह को पता नहीं की गोड्डा में अंगिका भी बोली जाती है। मंत्री संजय यादव को भी नहीं पता क्या की गोड्डा में अंगिका बोलने वालों की बहुलता है। सांसद कालीचरण मुंडा बताएं कि खूंटी में मुंडारी बोली जाती है या नहीं, यदि हां तो उसे हटाया क्यों गया।

### स्वास्थ्य मंत्री का जनता दरबार 17 को

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी आगामी मंगलवार (17 जून) को जनता दरबार लगाएंगे। जनता दरबार कांग्रेस भवन में दिन में 11:00 बजे से शुरू होगा। इस दौरान मंत्री संबंधित विभाग और जनहित से जुड़ी समस्याओं एवं शिकायतों को सुनेंगे। यह जानकारी शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने दी।

## संजय सिंह यादव ने प्रदेश राजद अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में वर्ष 2025-28 के लिए संगठनात्मक चुनाव हो रहे हैं। इसके तहत शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए विधायक संजय सिंह यादव ने तीन सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रदेश राजद महासचिव कैलाश यादव के अनुसार, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निर्देश पर विधायक संजय सिंह यादव ने अध्यक्ष पद के लिए राज्य निर्वाचन अधिकारी गिरधारी गोप के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया है। इस अवसर पर राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, महिला अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, महासचिव श्रीराम यादव, सुनीता चौधरी, मो इरफान अंसारी, मनोज पांडेय, आबिद अली, प्रणय कुमार बबलू, मदन यादव, चंद्रशेखर भगत, जनार्दन राय, केडी सिंह सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 22 जून को बलिदान दिवस होगा ऐतिहासिक : सुदेश महतो



- कांके व ओरमांझी में आजसू की तैयारी बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में लगे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने में स्वयं जुट गए हैं। उन्होंने शनिवार को अपने बुकरू स्थित आवास में कांके विधानसभा और शुक्रवार की देर रात ओरमांझी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

सुदेश महतो ने कहा कि आगामी 22 जून को रांची में आयोजित बलिदान दिवस ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान और आंदोलनकारियों के संघर्ष की बदौलत झारखंड बना है। बैठक को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, युवा नेता संजय मेहता आदि ने भी संबोधित किया।

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष महतो कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत और ग्राम का दौरा कर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में राज्य की राजनीतिक दिशा ठीक नहीं हैं। राज्य में भ्रष्टाचार और लूट का बाजार गर्म है। जनसमस्याओं का समाधान करने में पदाधिकारियों की रुचि नहीं दिखती। युवाओं को रोजगार का सपना दिखाकर हेमंत सरकार सो गई है। ऐसे माहौल में आजसू पार्टी सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएगी।


कांके विधानसभा की बैठक में रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, पार्वती देवी, सत्यनारायण मुंडा, नागेश्वर महतो, रूपलाल महतो, संजीव महतो, अभिषेक राज हेरेंज, मीना देवी, सूरज मिश्र, मोजिबुल रहमान, किशोर महतो, विकास चौहान, रामविलास गोप, शत्रुघ्नमहतो, राजेश उरांव, रूपाश्री गाड़ी, कमला देवी, अजीत कश्यप, मनोज महतो, सचिन महतो, दीपक दुबे आदि उपस्थित थे।

**ऑनलाइन बैठक** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के डीईओ के साथ की बैठक, कहा

# मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर करें सूचीबद्ध

- सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 के अंदर होगी
- मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ेगी, नए बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर नियुक्त होंगे

### त्रुटि रहित मतदाता सूची के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन हो



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व संशोधन गतिविधि के लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने स्तर पर तैयारी कर लें। त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन करें।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने शनिवार को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्पष्ट निर्देश है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए अधिकतम वोटरों की संख्या 1200 के अंदर ही रखनी है। इस कारण राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि होगी। इसके लिए नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। साथ ही, ऐसे मतदान केंद्रों के लिए नए बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर भी नियुक्त किए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को रांची स्थित निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त एवं उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) से कहा कि मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध करें। इसके लिए पदाधिकारी अपने जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए नक्शा, गुगल अर्थ व्यू मैप और की-मैप भी तैयार करा लें।

ऑनलाइन बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सभी उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्यालय से उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## पेयजल घोटाले में संतोष कुमार की 42.85 लाख की संपत्ति जब्त

- इसमें बैंक में जमा राशि, म्युचुअल फंड, बीमा और शेयर के रुप में किया गया निवेश शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ईडी ने पेयजल घोटाले में संतोष कुमार की 42.85 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। सूत्रों के अनुसार, संतोष कुमार की 42.85 लाख रुपए की संपत्ति जब्त करने के बाद पेयजल घोटाले में ईडी द्वारा जब्त की गई कुल संपत्तियों की कीमत 7.25 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। ज्ञात हो कि ईडी ने पेयजल विभाग द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर इस घोटाले की जांच शुरू की थी। विभाग ने दो करोड़ रुपए की फर्जी निकासी के मामले में लिपिक संतोष कुमार के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। ईडी ने प्रारंभिक जांच के दौरान संतोष के खाता के सहारे 23 करोड़ रुपए की निकासी का मामला पकड़ा था। मिली जानकारी के अनुसार, ईडी द्वारा जब्त संपत्ति संतोष कुमार और उनकी पत्नी ललिता देवी के नाम पर है। जब्त की गई 42.85 लाख रुपए की संपत्तियों में बैंक में जमा राशि, म्युचुअल फंड, बीमा और शेयर के रूप में किया गया निवेश शामिल है। ईडी ने संतोष कुमार द्वारा बनाई गई रॉक ड्रिल नाम की शेल कंपनी को भी जब्त कर लिया है। ट्रेजरी के फर्जी निकासी के दौरान संतोष कुमार की इस कंपनी का इस्तेमाल किया गया था।

# सम्मानित की गईं शिवनारायण कन्या पाठशाला की छात्राएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● मैट्रिक एवं प्लस टू की बोर्ड परीक्षा में किया है उत्कृष्ट प्रदर्शन

शिवनारायण कन्या पाठशाला की मैट्रिक एवं प्लस टू की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को पुरस्कृत किया गया। मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अल्पना कुमारी विद्यालय में सर्वोच्च एवं झारखंड में दसवें स्थान पर रहीं। उन्हें एक आकर्षक ट्रॉफी एवं 2500 रुपए नगद पुरस्कार में दिए गए। तृषा यादव 95.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर और रानी कुमारी 93.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। सृष्टि कुमारी, रीतिका, सृष्टि विश्वकर्मा, नीतू कुमारी एवं गरिमा गाथा को भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

प्लस टू विज्ञान की बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर निशा कुमारी, प्लस टू कॉमर्स में 90.8 प्रतिशत अंक के साथ निशा कुमारी तथा प्लस टू आर्ट्स में मानसी कुमारी ने विद्यालय में अपने-अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें भी ट्राफी तथा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या वर्षा ने सभी का स्वागत किया एवं पूरे कार्यक्रम के स्पॉन्सरर मिनिमैक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड पुणे को धन्यवाद दिया। समारोह में विनोद कुमार बंका, वेद बागला, प्रभाकर अग्रवाल, रूपा अग्रवाल, मधु सराफ, बीना मोदी, उर्मिला पाड़िया विशेष रूप से उपस्थित थे। मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय की शिक्षिकाएं पुरस्कृत होने वाली अपनी छात्राओं को देखकर हर्षित एवं गर्वित हो रही थीं। कार्यक्रम का संचालन सुनीता ओझा एवं प्रभाकर अग्रवाल ने किया। निर्धन परिवारों से आने वाली छात्राओं के इतने शानदार प्रदर्शन के लिए मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सभी सदस्यों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना की।

# समर्पण शाखा के रक्तदान शिविर में किया गया 25 यूनिट रक्त संग्रह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से रक्तदान पखवाड़ा के अंतर्गत जून माह में दो रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पहले शिविर का आयोजन हरमू रोड स्थित ओकावा शोरूम के परिसर में किया गया। वहीं, दूसरे शिविर का आयोजन कोकर इंडस्ट्रीयल एरिया में संपन्न हुआ। दोनों शिविर के माध्यम से कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।संस्था की रक्तदान प्रभारी पायल जैन, संयोजिका कोमल पोद्दार, रोजी खंडेलवाल ने पूरे कार्यक्रम के आयोजन में महती भूमिका अदा की। रक्तदाताओं को संस्था की तरफ से सर्टिफिकेट दिया गया। साथ ही, सभी को जूस और फल भी दिया गया। शिविर के लिए सेवा सदन और सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्वेता भाला, शुभा अग्रवाल, रोजी खंडेलवाल, कोमल पोद्दार, पिंकी शर्मा एवं अन्य सदस्य मौजूद थीं।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में 2500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 160वां श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। भंडारे का आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल ने किया था। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, राजेश शर्मा, सीमा शर्मा एवं परिवार के सदस्यों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। भक्ति भावना से ओत-प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। शर्मा परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में पुलाव, आलू, चना दाल एवं कद्दू की मिक्स सब्जी, केसरिया जलेबी, आमरस, खीर चूरमा के प्रसाद का वितरण किया गया। श्री श्याम भंडारे में महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, राजेश शर्मा, सीमा शर्मा, अविरल शर्मा, दिया शर्मा, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, अमित सरावगी, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, मनोज महेश्वरी, कमलेश सावा, वेद भूषण जैन, रोहन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अंकित सिंह, कृष्णा अग्रवाल, हर्ष कुमार, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।



● बरामद हुए 5100 रुपए के दो रेलवे टिकट

# अवैध ई-टिकट कारोबार का खुलासा, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अवैध ई-टिकट का खुलासा करते हुए गुमला के घाघरा निवासी दीपक कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 5100 रुपए के दो रेलवे टिकट बरामद हुए हैं। निरीक्षक अरविंद कुमार ने शनिवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार आरपीएफ लगातार सतर्क एवं सक्रिय है। इसी क्रम में 'ऑपरेशन उपलब्ध' के तहत अवैध ऑनलाइन टिकट दलाली की सूचना पर एक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। यह छापेमारी आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा और रांची की अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने निरीक्षक लाल बहादुर के नेतृत्व में चलाया। स्थानीय थाना घाघरा की सहायता से दीपक मोबाइल दुकान पर की गई छापेमारी के दौरान दुकान में एक महिला और एक पुरुष मिले। पूछताछ में महिला ने अपना नाम पिंकी देवी, पति दीपक कुमार गुप्ता बताया, जबकि पुरुष की पहचान दीपक कुमार गुप्ता के रूप में हुई। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका पति दीपक कुमार गुप्ता आईआरसीटीसी की व्यक्तिगत यूजर आईडी से रेलवे ई-टिकट खरीदने और बेचने का अवैध कारोबार करता है। पूछताछ में आरोपित दीपक ने स्वीकार किया कि वह फर्जी और डिस्पोजेबल यूजर आईडी का उपयोग कर अतिरिक्त 200-250 रुपए में टिकट बुक करता है। अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट खरीदने और बेचने के जुर्म में आरोपित दीपक कुमार गुप्ता को रेलवे अधिनियम की धारा 179(2) के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया।

## समाहरणालय में हुआ 'प्रशासन से परिचय' का आयोजन

# नेतृत्व कौशल को विकसित करना कार्यक्रम का उद्देश्य : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड की 8वीं बोर्ड की परीक्षा में रांची जिले ने राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन की ओर से प्रखंडवार 8वीं बोर्ड के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करने और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से 'प्रशासन से परिचय' नामक कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय सभागार शनिवार को किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने की। उन्होंने जैक बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रखंडवार टॉपर छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने छात्रों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपायुक्त भजंत्री ने कहा कि रांची जिले के टॉपर छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम इन होनहार छात्रों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली से परिचित कराकर उनके नेतृत्व कौशल को विकसित करना चाहते हैं।

### उपायुक्त ने इन छात्रों को किया सम्मानित



रौशनी कुमारी, बुढ़मू, रा उत्क्रमित मध्यम विद्यालय, बरौदी, बुढ़मू, किशोर गंझू, खलारी, उत्क्रमित कोनका, खलारी, प्रेरणा कुमारी, बुंडु रामवि अभ्यासिक, बुंडू, कत्यायन कुमार, बेड़ो,रामवि (बालक) बेड़ो, अंजना कुमारी, चान्हो, रा उत्क्रमित मवि मिलानी, चान्हो, पलक कुमारी केशरी, नगड़ी, रामवि लालगुटवा, नगड़ी, अक्सा कायनात, ओरमांझी, रामवि बरवे, ओरमांझी, तनुजा कुमारी, लापुंग, रामवि दोलैचा, लापुंग, संदीप महतो, तमाड़, रामवि लुपुंगडीह, तमाड़, अभय कुमार, रांची-1, रामव बुटी, पियुष कुमार गंझू, अनगड़ा, रामवि चिलदाग, अनगड़ा, तबिश रेहान, इटकी, उर्दू बालक मवि इटकी, प्रतिमा कुमारी, सिल्ली, रामवि पतराहातु सिल्ली, तनुष्का कुमारी, कांके, रामवि बोड़ेया कांके, अभय गोप, मांडर, रा उत्क्रमित म वि महुआजाड़ी, मांडर, आकांक्षा कुमारी, रातु, रामवि, झखराटांड रातू, अनुप्रिया कुमारी, नामकुम, राबुमवि नामकुम, स्मृति कुमारी, रांची-2, रामवि कल्याणपुर रांची-2, दीपक कुमार महतो, सोनाहातु-1, रामवि पोगरा सोनाहातु-1, भूमिका कुमारी, सोनाहातु- 2, रामवि पोगरा सोनाहातु-1 ।

### छात्रों ने जिला प्रशासन का जताया आभार

कार्यक्रम में शामिल छात्रों ने इस अनूठे अनुभव के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। टॉपर्स ने बताया कि कार्यालयों के भ्रमण और अधिकारियों से संवाद ने उन्हें प्रशासनिक प्रक्रियाओं को समझने और भविष्य में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने में काफी योगदान देगी।

### भ्रमण के दौरान छात्रों ने इन कार्यालयों का किया दौरा

1. जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय
2. सड़क सुरक्षा कार्यालय
3. सदर एसडीओ कार्यालय
4. जिला भूमि सुधार कार्यालय
5. रांची नगर निगम

### छात्रों को दी गई चुनाव प्रक्रिया संबंधित जानकारी

अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार ने छात्रों को अपने बारे में बताया कि उन्होंने कैसे पढ़ाई की और कैसे सफलता पाई। उन्होंने छात्रों को स्थानीय प्रशासन और अनुमंडल स्तर की जिम्मेदारियों की जानकारी देते हुए उन्हें जिला प्रशासन के कार्यों को बारीकी से बतार्या। उन्होंने उन्हें कहा कि ऐसे ही आगे पढ़ाई कर अपने राज्य का नाम देश में रौशन करें। छात्रों कों कोर्ट रूम से संबंधित जानकारी दी गई। छात्रों को चुनाव प्रक्रिया संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। बीएलओ के कार्य एवं दायित्व से परिचय कराया गया। सरकारी कार्यालय में किसी भी प्रकार के प्रमाण पत्र का कैसे बनवाया जाता है, इससे भी उनके रूबरू कराया गया।

## रिनपास, सदर और रिम्स सहित सभी प्रमुख संस्थाएं चला रहीं नशा मुक्ति अभियान

# सालों पुराने नशे की लत से काउंसलिंग और दवाओं से मिल सकता है छुटकारा

**काजल मेहता रांची।** नशे की पुरानी से पुरानी लत भी छोड़ी जा सकती है। जिसमें व्यक्ति को इलाज के साथ साथ अपने आत्मविश्वास को साथ लेकर चलना होता है। राजधानी रांची स्थित कांके रिनपास, सदर अस्पताल, रिम्स और अन्य संस्थानों में नशा मुक्ति केंद्र हैं जहां लोग जाकर अपनी पुरानी से पुरानी नशे की आदत को भी ख़त्म कर सकते हैं। सभी संस्थानों में व्यक्ति के पहचान को पूर्णत: गुप्त राखी जाती है।

## दूसरे पीड़ित को देख कर सुधरने की शुरुआत करते हैं मरीज : डॉ सिद्धार्थ सिन्हा

डॉ सिद्धार्थ सिन्हा ने कहा राजधानी के कांके स्थित रिनपास में नशा मुक्ति का मुफ्त चिकित्सा अस्पताल है जहां सभी वर्ग के लोग आते हैं। उन्होंने कहा रिनपास में नशा मुक्ति के लिए 100 से 150 नए लोग प्रतिमाह आते हैं। उन्होंने कहा रिनपास में नशे से राहत पाने के लिए आने वाले लोग अन्य पीड़ितों की हालत देखकर संभलने की शुरुआत करते हैं। डॉ सिद्धार्थ ने बताया हाल ही में झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित ट्रेनिंग कार्यक्रम में रिनपास के डॉ सजन ने पुरे झारखंड के कई चिकित्सकों को ट्रेनिंग दिलवाया गया था। इस ट्रेनिग में नशे का आदि होने का लक्षण और सुधार जैसी कई बाते सिखाई गई। उन्होंने कहा नारकोटिक्स विभाग के द्वारा नशा मुक्ति अभियान में टोल फ्री नंबर 1933 भी जारी किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकते हैं या फिर सुझाव ले सकते हैं।



वरीय मनोचिकित्सक रिनपास

» पूर्णत: गोपनीय रखी जाती है पीड़ित की पहचान

» गुटका से लेकर ड्रग्स तक की आदत छुड़वाई जा सकती है

## रिम्स और सदर अस्पताल में तंबाकू नशा मुक्ति में होती है बेहतर काउंसलिंग



राजधानी के बड़े सरकारी अस्पताल सदर अस्पताल और रिम्स अस्पताल में तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र में भी लोग इलाज करने पहुँचते हैं। जहां रोजाना एक से दो लोग इलाज करने पहुंचते है। सदर अस्पताल परबंधन के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति को नशे कि लत है वह अपने आप को नियंत्रित करे तो वह आसानी से नशा मुक्त हो सकता है। सदर और रिम्स अस्पताल में काउंसलिंग की जाती है। सभी सरकारी संस्थानों में तम्बाकू नशा मुक्ति अभियान मुफ्त में चलाया जाता है जहां लोग बेझिझक आकर इलाज करवा सकते हैं।

### रिनपास और सीआईपी जैसी संस्थाएं पागलखाना नहीं, अस्पताल हैं

डॉ सिद्धार्थ उन्होंने कहा समाज के पढ़े लिखे लोगों में यह धारना बनी हुई है कि रिनपास में जाकर इलाज करवाने से इज्जत पर बात आ जाएगी इस वजह से भी कई लोग नशे के आदि ही रह जाते हैं। लोगों का मानना है रिनपास या सीआईपी जैसी जगहें पागलखाना है। उन्हें ये समझना चाहिए वह कोई पागलखाना नहीं बल्कि अस्पताल है। डॉ सिद्धार्थ ने कहा नशे कि शुरुआत में लोग मामूली छोटे मोटे नशे से शुरुआत करते हैं जो बढ़ते बढ़ते एक बड़ा रूप ले लेता है। चाहे वह गांजा, तम्बाकू या ब्राउन शुगर का नशा हो या फिर कोई अन्य नशा हो। आहिस्ता आहिस्ता नशे की लत इतनी बढ़ जाती है कि लोग मादक पदार्थ खरीदने के लिए पैसे कमाने के लिए सट्टे जैसी चीजों में समा जाते हैं जो उनकी बर्बादी का सबसे बड़ा कारण बन जाता है।

### समाज को समझना चाहिए नशा करने वाले अपराधी नहीं, बल्कि पीड़ित होते हैं

डॉ सिद्धार्थ ने कहा अक्सर समाज में नशे के आदी लोगों को अपराधी बना देते हैं लेकिन वास्तव में वह अपराधी नहीं बल्कि वह पीड़ित होते हैं। क्योंकि वह वही नशा कर रहे हैं जो दुकानों में मिल रही है। उन्होंने कहा नशा करने वालों को अचानक से आदत नहीं लगती वह भी किसी ना किसी परेशानी से जूझते जूझते नशे का रास्ता चुनते हैं जिसके बाद लोग कई अलग-अलग कारणों से शराब और नशीली दवाओं का प्रयोग करने लगते हैं। कई लोग पहले जिज्ञासा से, अच्छा समय बिताने के लिए, क्योंकि दोस्त ऐसा कर रहे हैं, या एथलेटिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने या तनाव, चिंता या अवसाद जैसी किसी अन्य समस्या को कम करने के प्रयास में उन्हें आज़माते हैं। रिनपास आने वाले मरीजों में सबसे अधिक शराब, तम्बाकू और ड्रग्स के नशे के आदी आते हैं इनकी तदाद प्रतिवर्ष बढ़ ही रहा है।

### नशा छोड़ने के लिए व्यक्ति आत्मविश्वास को रखें मजबूत

वहीं, निजी नशा मुक्ति केंद्र संस्थान के अनुसार आम इंसान को नशा छोड़ने के लिए सिर्फ अपने आत्मविश्वास मजबूत करने कि जरूरत है। एक निजी संस्थान के संचालक संजय एस ने बताया कि लोग जब इलाज करवाने आते हैं तो उन्हें शुरुआती दौर में थोड़ी मुश्किलें आती है लेकिन समय के साथ सब सही हो जाता है। उन्होंने कहा सुबह से लेकर शाम तक उनकी दिनचर्या तय कर दी जाती है जिसका पालन सख्ती से करवाया जाता है। योगा, काउंसलिंग, जरुरी और सबंधित दवाओं के सहारे उन्हें नशे से मुक्ति मिल सकती है।





राधा नगर के रोड में **एक स्कूटी में चार लोगों** की सवारी पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने दिखाई सख्ती और दी कड़ी चेतावनी

# ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला 27 जून से शुरू

- **51.51 लाख रुपए की बोली के साथ मेले का जिम्मा स्थानीय वेंडर आरके इंटरपराइजेज को मिला**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** "ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला 27 जून से शुरू होने जा रहा है। मेले का शानदार आयोजन छह जुलाई तक किया जाएगा। इसे लेकर मंदिर न्यास समिति की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी की गई। इस बार 51.51 लाख रुपए की बोली के साथ मेले का जिम्मा स्थानीय वेंडर आरके इंटरपराइजेज को दिया गया है।""न्यूनतम बोली 31 लाख तय की गई थी। कई दावेदारों के बीच ऊंची बोली लगाकर यह टेंडर फाइनल हुआ। टेंडर जीतने वाले वेंडर को मेले में दुकान, बाजार, झूले व अन्य व्यवसायिक गतिविधियों की अनुमति मिलेगी। सभी कार्य मंदिर न्यास समिति की निगरानी में होगी। वीएसएफ स्वीक्रीटी एजेंसी ने न्यूनतम बोली गनमैन 1775 व लाठीधारी सुरक्षा प्रहरी 875 प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन लगाकर निविदा अपने नाम किया।"

## अबुआ साथी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन करें : संजय भगत



- **रांची डीसी के निदेशानुसार शिकायतों को लेकर समीक्षा बैठक हुई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार अबुआ साथी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों से संबंधित समीक्षा बैठक शनिवार को हुई। नोडल पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, समेकित जनजातीय विकास अभिकरण, रांची संजय भगत ने अबुआ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के संबंध में ऑनलाइन बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पोर्टल पर विभागवार प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों के लॉगिन में मामले लंबित हैं, वे इसे गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र त्वरित निष्पादन करें। ऑनलाइन बैठक में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

परीक्षा के समय हम कहां जाएंगे सर, साइकिल मत निकालिए

# दखल देहानी कराने गई प्रशासन की टीम समय देकर लौटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** राधा नगर के रोड नंबर तीन में दो घंटे तक दखल-देहानी के मामलें में नवीन सरना कॉलेज छात्रावास के छात्रों ने प्रशासन का विरोध किया। छात्रों ने कहा कि परीक्षा के समय हम कहां जाएंगे सर, साइकिल मत निकालिए ।प्रशासन ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार आपलोगों को जमीन खाली करना होगा, कई बार आपलोगों को कहा गया है और नोटिस भी भेजी गई है। इस पर छात्रों ने कहा कि हमें कोई नोटिस नहीं मिला है, बिना नोटिस के हमलोग कमरा खाली नहीं करेंगे। छात्रों ने बताया कि नवीन सरना कॉलेज छात्रावास 1977 में बना था, इसके टाइटल को लेकर विवाद है मामला पुराना है।

वहीं हाईकोर्ट कंटेप्ट होने पर कार्यपालक दंडाधिकारी शाइनी तिग्गा, उपसमाहर्ता अंचल अधिकारी, हेहल घनश्याम कुमार और सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज दल - बल के साथ अपनी टीम लेकर पहुंचे।

150 की संख्या में पुलिस की दो गाड़ियों पर पैदल आए सुरक्षाकर्मियों जिनमें महिलाएं भी थी, ने पूरे घटनास्थल को दोपहर बारह बजे तक घेर लिया था। दुकानें बंद करायी गईं और तीन बुलडोजर लेकर प्रशासन नवीन सरना कॉलेज छात्रावास पहुंची और छात्रावास में रह रहे छात्रों को अपने बोरिया-बिस्तर के साथ निकलने का आदेश दिया। इस पर छात्रावास के छात्रों और प्रशासन के बीच कहा सुनी बढ़ी और पुलिस ने धक्के देकर छात्रों को हॉस्टल के गेट से बाहर निकालना शुरू किया उनके कमरों में घुसकर कैमरे के रिकॉड में छात्रों का सामान निकलवाया। इस पर छात्रों ने रोष प्रकट करते हुए अपना शैक्षणिक प्रमाण पत्र को जलाने की बात की और प्रमाणपत्रों को इक्कठा किया गया।छात्रों के बढ़ते विरोध को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को भी आना पड़ा। प्रशासन ने छात्रावास के छात्रों को कुछ समय दिया।





उपसमाहर्ता अंचल अधिकारी, हेहल घनश्याम कुमार ने **राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता** को बताया कि नवंबर से छात्रों को बैठा कर कई बार समझाया है और हॉस्टल में नोटिसें भेजीं गई हैं बावजूद इसके हॉस्टल खाली नहीं किया गया है।

## अवैध हथियार के साथ एक आरोपी नाबालिग निरुद्ध



**रांची।** डी आई जी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा शनिवार की सुबह गुप्त सूचना मिली की खरसीदाग ओपी क्षेत्र में बायो-डायवर्सिटी पार्क रोड के पास कुछ व्यक्ति हथियार के साथ देखे गये है और कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते है। मिली सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसपी के आदेशानुसार ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बायो डायवर्सिटी पार्क रोड़ के पास पहुंचा और पुलिस बल को देखकर तीन व्यक्ति तेजी से भागने लगे। छापामारी दल के द्वारा घेराबंदी कर उनमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। वहीं, दो व्यक्ति जंगल झाड़ी का लाभ उठाकर भाग गये। पकड़ाए व्यक्ति के द्वारा पूछताछ के दौरान मिली जानकारी से पता चला कि वह नाबालिग है। पकड़ाए किशोर की तलाशी लिये जाने पर उसके पास से एक लोडेड दो नाली देशी कट्टा और एप्पल कंपनी का आई फोन-11 मोबाईल बरामद किया गया। वहीं आगे की पुछताछ के क्रम में उसने भागने वाले दोनों व्यक्ति का नाम नीतिश तिवारी और प्रफुल्ल कच्छप बताया और भागे हुए व्यक्तियों के पास भी अवैध हथियार और गोली होने की बात बतलायी।

## हनुमान मंदिर का स्थानांतरण संपन्न, रैंप चौड़ीकरण का कार्य होगा तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजभवन स्थित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. निर्माण कार्य में आ रही बाधा को दूर करते हुए हनुमान वाटिका मंदिर को विधिवत रूप से स्थानांतरित कर दिया गया है. शनिवार को हनुमान वाटिका नव जागृति संघ के अध्यक्ष संतोष यादव की अगुवाई में बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर मंदिर की मूर्तियों को नई जगह पर स्थापित किया गया।



पूजन अनुष्ठान पंडित दिनेश पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ. अब यह मंदिर रातू रोड वेजिटेबल मार्केट के सामने एक नए स्थान पर बनाया जा रहा है, जहां इसकी संरचना अधिक भव्य और विस्तृत होगी।

स्थानांतरित हनुमान मंदिर की लंबाई 8 मीटर और चौड़ाई 6 मीटर रखी गई है. मंदिर का मुख्य द्वार पर पूर्व दिशा की ओर बनाया गया है, जिसे वास्तुशास्त्र में शुभ माना जाता है. मंदिर की शोभा बढ़ाने के लिए एक सुंदर और ऊंचा गुंबद भी तैयार किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा। मंदिर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होते ही अब रैम्प के चौड़ीकरण का कार्य तेज़ी से शुरू किया जाएगा।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विभिन्न कार्यक्रमों में हुए सम्मिलित

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सिल्ली विधानसभा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।इस दौरान वे डीएभी पब्लिक स्कूल एवं सिंगपुर नर्सिंग होम के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।उन्हें सिंगपुर नर्सिंग होम एवं डीएभी परिवार की ओर से अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात वे भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में सीसीएल द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत चार कमरा निर्माण कार्य का उद्घाटन किये। कार्यक्रम के दौरान सिंगपुर नर्सिंग होम एवं डीएभी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण भी किया। उन्होंने नर्सिंग होम में उपस्थित लोगों के बीच एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर संबोधित करते हुए कहा कि इससे चुनाव में अनावश्यक खर्च में कमी आएगी और बजत पैसों से देश का विकास में कार्य किया जाएगा ताकि जनता को सीधा लाभ प्राप्त हो सके और देश मजबूत स्थिति में खड़ा हो सके साथ ही देश भी आर्थिक रूप से मजबूत हो सके। अभी हमारा देश अर्थव्यवस्था में चौथे स्थिति में है इसको और बेहतर बनाने की जरूरत है ताकि पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन हो सके। रक्षा के मामले में हमारा देश काफी सुदृढ़ हो चुका है जिसका पूरी दुनिया में डंका बज चुकी है। सिंगपुर नर्सिंग होम में डॉ रमणेश प्रसाद के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 10 लोगों ने रक्तदान किया।कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज,डीएभी के प्राचार्य बी शरण, सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबल रजक,पतराहातू मंडल अध्यक्ष भगीरथ महतो,राहे महामंत्री मेघनाथ महतो, शिबू हजाम,सुधीर साहू,रघुवीर महतो, गुरुकुल कुटाम के दास गदाधर प्रभु,अतिम कृष्णा प्रभु,सुबल दास समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



### चंद्र प्रकाश चौधरी ने रिम्स जाकर सुखलाल महतो का हाल-चाल जाना

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रिम्स जाकर जिंदगी व मौत से जूझ रहे सुखलाल महतो का हाल चाल जाना। उन्होंने इलाज कर रहे डाक्टरों से भी बात चीत की। उन्होंने रिम्स प्रबंधन से मिलकर सुखलाल महतो के बेहतर से बेहतर इलाज को लेकर भी चर्चा की। साथ ही परिजनों से भी मुलाकात की।

## डीटीओ ने खलारी में वाहनों का किया औचक जांच, चार वाहन सीज



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी क्षेत्र में शनिवार दोपहर 12.30 बजे जिला परिवहन विभाग और डीएमओ की संयुक्त टीम ने औचक वाहन जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई सीसीएल एनके एरिया के केडीएच कांटा संख्या-2 के पास की गई, जहां चार वाहनों को दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर जब्त कर खलारी थाना के सुपुर्द कर दिया गया। जांच अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। जांच के दौरान पानी टैंकर एपी03/6969 व एपी 04 टीयू/7623, टर्बो गाड़ी जेएच01सीसी/7835 व जेएच01एफवाई/4649 के कागजात नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए। अधिकारियों ने मौके पर ही सभी चार वाहनों को सीज कर थाने भेज दिया। डीटीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि यह औचक जांच अभियान जिला भर में चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। जिन वाहन चालकों के पास वैध दस्तावेज नहीं होंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीज किए गए वाहनों पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में डीटीओ अखिलेश कुमार के साथ एमवीआई मुकेश कुमार, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा और खलारी थाना के एसआई देव कुमार शामिल थे।

**रक्तदान महादान** 18 से 65 वर्ष की आयु के स्वस्थ व्यक्ति हर 3-4 महीने में रक्तदान कर सकते हैं

# रक्तदान सबसे महान सेवा है, एक सच्चा जीवन दान है : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता**



**संजय सर्राफ ने कहा**

कि रक्तदान महादान है। यह न केवल दूसरों की जिंदगी बचाता है, बल्कि समाज में सहानुभूति और मानवता की भावना को भी बढ़ावा देता है। विश्व रक्तदाता दिवस हमें यही सिखाता है कि यदि हम स्वस्थ हैं, तो हमें किसी जरूरतमंद के लिए आगे बढ़कर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। यह सबसे महान सेवा है, एक सच्चा जीवनदान।

**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के लाइफ मेंबर संजय सर्राफ ने कहा कि हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं को समर्पित है, जो निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर अनगिनत जिंदगियों को बचाते हैं। इस दिवस का उद्देश्य रक्तदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना, अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करना, और सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

संजय सर्राफ ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2004 में विश्व रक्तदाता दिवस की शुरुआत की थी। यह दिन कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन पर मनाया जाता है, जिन्होंने वर्ष 1901 में रक्त समूहों की खोज की थी। उनके इस अद्भुत योगदान ने चिकित्सा विज्ञान को नई दिशा दी और रक्तदान को सुरक्षित बनाया। उन्होंने कहा कि भारत सहित दुनिया भर में हर दिन लाखों लोगों को खून की जरूरत पड़ती है, चाहे वह दुर्घटना पीड़ित हों, सर्जरी के मरीज हों, या थैलेसीमिया, कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोग। रक्तदान के बिना इनकी जान बचा पाना संभव नहीं होता। विश्व रक्तदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं के योगदान की सराहना करना, रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना, युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना, सुरक्षित रक्त की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है।

संजय सर्राफ ने कहा कि हर वर्ष एक खास थीम के साथ विश्व रक्तदाता दिवस को मनाया जाता है, इस वर्ष का थीम है- रक्त दें, आशा दें, साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं। इस बार की थीम रक्तदान के महत्व को उजागर करती है। रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान को बचाया जा सकता है। एक व्यक्ति का छोटा-सा कदम किसी अन्य के लिए जीवनदान बन सकता है। एक बार रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। शरीर रक्तदान के बाद स्वयं ही कुछ ही दिनों में खोया हुआ रक्त बना लेता है। उन्होंने कहा कि 18 से 65 वर्ष की आयु के स्वस्थ व्यक्ति हर 3-4 महीने में रक्तदान कर सकते हैं। नियमित रक्तदान से हृदय रोग और आयरन ओवरलोड की आशंका कम होती है।

# न्यूज बॉक्स

## एएनसी शिविर में 102 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**खलारी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खलारी में शनिवार को गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी (प्रसवपूर्व देखभाल) प्रोफाइल टेस्ट शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में कुल 102 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस दौरान सीएचसी बुड़मू से आईं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा पल्लवी सिंह ने महिलाओं की चिकित्सकीय जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, वजन सहित अन्य जरूरी परीक्षण किए गए। जांच के बाद प्रत्येक महिला को आयरन, फोलिक एसिड, कैल्शियम, मल्टीविटामिन, विटामिन-सी तथा ओआरएस की गोलियां प्रदान की गईं। इसके साथ ही उन्हें पोषणयुक्त आहार लेने, समय-समय पर जांच कराने और संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी दी गई। डा इरशाद ने बताया कि एएनसी जांच से गर्भावस्था के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं का समय रहते पता चलता है, जिससे मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है

## बाल संसद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



**मांडर।** प्रखण्ड अंतर्गत संत जॉन्स उच्च विद्यालय नवाटांड में शनिवार को बाल संसद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रखण्ड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अपने अनुशासन और पढाई में विशेष ध्यान देने की जरुरत है। उन्होने मोबाइल के दुष्प्रभाव से भी बच्चो को बचने की सुझाव दी। कार्यक्रम की शुरुवात बच्चो के स्वागत गान से हुआ। प्रमुख द्वारा विभिन्न वर्गों के वर्ग नायक , नायिका , गाँधी बिरसा नेहरू और सुभाष दल के दल नायक नायिका और स्वस्थ विभाग , पर्यावरण विभाग , खेल कूद विभाग, सांस्कृतिक विभाग , परिभ्रमण विभाग के पद में चयनित छात्र नेताओं का शपथ लिया गया। प्रधानाध्यापक ब्रदर सुबोध कच्छप ने कहा कि विद्यालय में बाल संसद का गठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरुरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनोद सर, अविनाश बाड़ा सर, अल्फोंस लकड़ा सर, शाही सर , ब्रदर बिपिन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विमान दुर्घटना पीड़ितों को दी गई श्रद्धांजलि



**खलारी।** एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी में हाल ही में अहमदाबाद में घटित भीषण विमान दुर्घटना के पीड़ितों की स्मृति में एक भावपूर्ण प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एकत्र होकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सामूहिक रूप से मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुर्घटना में दिवंगत हुए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री को विशेष रूप से याद किया गया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। स्कूल परिवार ने उनके असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल गुजरात ही नहीं, पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी संवेदनाएं अभिव्यक्त करने के लिए काले रंग से हाथों की छाप से दीये बनाए और उन्हें जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। यह दृश्य अत्यंत भावुक कर देने वाला था, जिसमें हर छात्र की आंखों में पीड़ा और सहानुभूति की झलक साफ दिखाई दे रही थी। विद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर छात्रों को संवेदनशीलता, करुणा और मानवीय मूल्यों के महत्व की शिक्षा दी। प्राचार्य ने कहा कि ऐसी घटनाएं हमें एकजुटता, समर्थन और मानवीय संवेदना की ओर प्रेरित करती हैं।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर मेगा रक्तदान शिविर का हुआ सफल आयोजन



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा संचालित गांधीनगर अस्पताल, रांची स्थित ब्लड सेंटर में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर का उद्घाटन सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री नीलेन्दु कुमार सिंह द्वारा किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक एवं चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। यह रक्तदान शिविर सीसीएल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रत्नेश जैन के मार्गदर्शन में गांधीनगर अस्पताल ब्लड सेंटर द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें 7 महिलाएं एवं 33 पुरुष रक्तदाताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## एक्वा वर्ल्ड में 'डांस रांची डांस' का 'ग्रांड फिनाले' संपन्न



**रांची।** निर्मला को सीनियर में और जूनियर में आकृत को डांसिंग सेंसेशन का खिताब मिला एक्वा वर्ल्ड में समर कार्निवल श्रृंखला 2025 के अंतर्गत बीते छह शनिवार को डांस प्रतियोगिता के प्रारंभिक और एलिमिनेशन राउंड का आयोजन किया गया था। आज इस डांस प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले था। इस अवसर पर सफल आयोजन के लिए एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव ने दीपांजलि ग्रुप के डायरेक्टर विपुल नायक और कार्यक्रम संयोजक देव ज्योति नाहा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आज इस अवसर पर निर्णायक के रूप में खुशहाल आर्यन, नमिता सिंह और नमिता सिंह उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि में पांपा सेन विश्वास, डेविड, गौतम, नीतू और उपासना उपस्थित थे। सभी अतिथियों और निर्णायकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया बच्चों ने भी डांस रांची डांस के ग्रैंड फिनाले में शानदार नृत्य पेश किया। प्रतिभागियों ने छम्मा छम्मा, ओ साकी साकी रे,गीतों पर लोगों को नृत्य कर झुमा दिया।

## 31 जुलाई के बाद बढ़ जाएगा पैन कार्ड आधार लिंक का दंड शुल्क

**बरही।** आयकर विभाग में पैन कार्ड का आधार कार्ड से जुड़ने को लेकर कई बार नोटिस जारी किया है। अब वैसे पैन कार्ड जो आधार से नहीं जुड़ा हुआ है वह एक रद्दी कागज के समान होगा। जिसका बैंक या अन्य किसी भी स्थान पर उपयोग नहीं किया जा सकता है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार 31 जुलाई के बाद पैन कार्ड का आधार से जुड़ने के लिए बिलंब शुल्क 5000 (पांच हजार) रुपए हो जायेंगे। जो वर्तमान में 1000 (एक हजार रुपए हैं)। उक्त बातें सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि आयकर विभाग ने रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय किया है। निर्धारित अवधि तक दंड नहीं लगेंगे। आय कर जमा करने के लिए आयकर दाता न्यू टैक्स या ओल्ड टैक्स रिजिंम किसी का भीं उपयोग कर सकते हैं। ऐसे नई व्यवस्था पुरानी व्यवस्था से बहुत हद तक लाभकारी है।

## राजस्व संबंधित कार्यों की अपर समाहर्ता ने की समीक्षा

**रामगढ़।** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ अहमद मुमताज के निर्देश पर अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में अपर समाहर्ता ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली वहीं उन्होंने ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### सांसद मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ टाटीझरिया और दारू का किया दौरा

# सांसद का हुआ भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा और सदर विधानसभा क्षेत्र के 08 गांवों का तूफानी दौरा कर कई कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरना पंचायत स्थित ग्राम चलकरी अवस्थित प्राचीन महादेव वर मंदिर में पूजा- अर्चना के साथ किया। यहां स्थानीय ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक तरीके से ढोल-मांदर के साथ नाचते- झूमते हुए और आरती उतारकर भव्य अभिनंदन किया। यहां से ग्राम भंडेरी पहुंचे जहां नाबार्ड और जनजागरण केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जीवा कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। यहां से ग्रहमुर्गी, कोनार डैम, अचलजामु, विष्णुगढ़ करोंज मोड़ में स्थानीय समाजसेवी नवल किशोर प्रसाद के आवासीय परिसर में स्थानीय व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों संग बैठक ।

टाटीझरिया मंडल भाजपा कार्यालय में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं संग मुलाकात और सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड स्थित ग्राम तलैया स्थित पूर्व विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू के आवासीय परिसर में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर करके अपने आगामी योजना सांसद तीर्थ दर्शन-2025 से उन्हें अवगत कराया और इसमें सहयोग का अपील किया। सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र वासियों को आगामी 29 जून 2025 को सांसद तीर्थ दर्शन-2025 के शुभ उद्घाटन सह प्रथम जत्थे के रवानगी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां स्थित भगवान नृसिंह के दरबार में पहुंचने का अपील भी किया ।

## न्यूज बॉक्स

### सम्मान वह दीप है जो आपके अंदर के उजाले को जगाता है: सुधीर मंगलेश



**रामगढ़ ।** दुलमी प्रखंड के दुलमी पंचायत भवन (यूथ हब) में शनिवार को युवा प्रतिभा सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन (टीआरआईएफ) द्वारा किया गया। जिसमें भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), जेआईएस ग्रुप तथा ग्लोबल अपॉर्च्युनिटी यूथ नेटवर्कः रामगढ़ (एस्पेन संस्थान) की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा, दुलमी पंचायत के मुखिया रविंद्र कुमार एवं प्रमेश्वर पटेल उपस्थित थे। इस अवसर पर क्षेत्र के उन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने हाल ही में संपन्न मैट्रिक व इंटर परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने अपने संबोधन में कहा शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा। शिक्षा ही वह ताकत है जो व्यक्ति को आत्मविश्वास, सम्मान और नेतृत्व क्षमता प्रदान करती है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना समय की मांग है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा ने कहा ऐसे आयोजनों से युवाओं का मनोबल बढ़ता है और वे आगे की शिक्षा तथा करियर की दिशा में दृढ़ता से कदम बढ़ाते हैं। प्रशासन हमेशा ऐसे प्रयासों में सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य था शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें करियर के प्रति जागरूक करना, तथा विभिन्न अवसरों की जानकारी देना।

### समाधान नहीं हुआ तो होगा जन आंदोलन : धनंजय कुमार पुटूस




**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में इन दिनों लगातार हो रही अनियंत्रित और अनियमित बिजली कटौती से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दिन-रात बिना पूर्व सूचना बिजली की आवाजाही ने आम नागरिकों, व्यापारियों, छात्रों को परेशानी हो रही है । इस मामले को लेकर भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस द्वारा शनिवार को झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता को एक लिखित आवेदन सौंपा गया, जिसमें उन्होंने बिजली व्यवस्था में अविलंब सुधार की मांग की है। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि रामगढ़ जिले के लोग इस बदहाल बिजली व्यवस्था से त्रस्त हो चुके हैं। व्यापार चौपट हो रहा है, छात्र परीक्षा की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं, और घरों में पानी तक नहीं पहुंच पा रहा है। यह सब सहन नहीं किया जा सकता। उन्होने कहा की यदि 7 दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति में स्पष्ट और ठोस सुधार नहीं किया गया, तो हम व्यापक जन आंदोलन शुरू करेंगे।"

### विमान दुर्घटना की घटना दुर्भाग्यपूर्ण और चितनीय, चित्रांश परिवार ने जताया शोक



**बरही।** गुरुवार को गुजरात के अहमदाबाद की विमान दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण और चिंतनीय है. उक्त बातें अखिल भारतीय कायस्थ्य महासभा हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष सह बरही अनुमंडल प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिन्हा और बरही अध्यक्ष अशोक बख्शी ने चित्रांश समाज की ओर से संयुक्त रूप से कही. इन दोनों ने विमान दुर्घटना पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अत्यंत दुखदाई बताया. साथ ही उड़ान पूर्व विमान की जांच करने वाले एयरपोर्ट के सभी अधिकारियों की कार्यशैली की त्वरित जांच करने और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग किया. जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि दिल को झकझोर देने वाली यह घटना लंबे समय तक भूले नहीं जा सकते है. सरकार को इस दिशा में विशेष व्यवस्था करने की आवश्यकता है, जिससे भविष्य ने ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृति नही हो. जिला उपाध्यक्ष सहित अध्यक्ष श्री बख्शी ने प्रखंड समिति की ओर से मृतक की आत्मा शांति और परिजनों को साहस देने के लिए ईश्वर से कामना किया है।

### जीआरसी सलाहकार समिति का गठन



**रामगढ़।** 14 जून 2025 को प्रखंड सभागार पतरातु में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में जीआरसी सलाहकार समिति का गठन किया गया। इस समिति का उद्देश्य जेंडर संबंधी मुद्दों पर चर्चा करना, नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करना और जेंडर समानता को बढ़ावा देना है।

**जीआरसी सलाहकार समिति के सदस्य कौन कौन होंगे**

जीआरसी सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता होंगे। जबकि प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक पुरुषोत्तम कुमार सिन्हा संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा, प्रखण्ड प्रमुख बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, डालसा प्रतिनिधि, पुलिस थाना प्रभारी, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी, एनजीओ /सीएसओ प्रतिनिधि, डीआरपी जेएसएलपीएस और प्रखण्ड के सभी संकुल संगठन से दो प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे। समिति जेंडर संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने, नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करने, और जेंडर समानता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगी। यह सलाहकार समिति प्रखण्ड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और जेंडर समानता को बढ़ावा देने में मदद करेगी। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और समिति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, जिला प्रबंधक (सामाजिक विकास) सौरभ प्रसाद, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक पुरुषोत्तम कुमार सिन्हा , प्रखण्ड परियोजना पदाधिकारी अभिषेक कुमार वर्मा, आश्रेंद्र कुमार - क्षेत्रीय कोऑर्डिनेटर (प्रदान), अरुण कुमार एडमिन, रविश कुमार राय - स्वास्थ्य विभाग, सन्नी कुमार नीति आयोग कोऑर्डिनेटर, और अन्य जीआरसी सलाहकार समिति के सदस्यगण उपस्थित हुए।

# सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता आयोजित

- जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्रों ने दिखाई लेखन कला की प्रतिभा

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल, रसोईया धमना में शनिवार को सीसीए के तहत इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को दो समूहों जूनियर (कक्षा 1 से 5) और सीनियर (कक्षा 6 से 10) में विभाजित किया गया था। बच्चों ने वेलकम, कंप्यूटर, माय डैड इज माय हीरो, एजुकेशन इज द मोस्ट इंपॉर्टेंट इन अवर लाइफ, आई लव माय इंडिया, आई लव माय फैमिली, नेवर गिव अप बिकॉज ग्रेट थिंग्स टेक टाइम, एवरीथिंग स्टार्ट्स विद ए ड्रीम, स्टॉप ड्रीमिंग, स्टार्ट डूइंग, एजुकेशन इज द की टू अनलॉक द गोल्डन डोर ऑफ फ्रीडम जैसे प्रेरणादायक वाक्यांशों को सुंदर और कलात्मक ढंग से प्रस्तुत कर अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि कैलीग्राफी एक शांत और एकाग्रता बढ़ाने वाली कला है, जो बच्चों के मानसिक विकास के लिए लाभकारी होती है।

वहीं विद्यालय के निदेशक टुकलाल साव ने कहा कि कैलीग्राफी एक रचनात्मक माध्यम है, जिसके द्वारा व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और सौंदर्यबोध को सुंदर अक्षरों के रूप में व्यक्त कर सकता है। प्रतियोगिता परिणाम जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान स्वीटी कुमारी (कक्षा 5), द्वितीय स्थान रिंकी कुमारी (कक्षा 2), तृतीय स्थान अंशु (कक्षा 5), सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान सोनल कुमारी एवं ज्योति प्रसाद (कक्षा 9), द्वितीय स्थान करीना यादव (कक्षा 10) एवं अनुष्का कुमारी (कक्षा 7), तृतीय स्थान सुमन यादव (कक्षा 9) एवं मनीष कुमार (कक्षा 8) शामिल है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सलाहकार राजेन्द्र प्रसाद, शिबू रजक, अजय कुमार, नरेश कुमार, अरुण कुमार, रवि कुमार, चंदन कुमार, नुरेशा खातून, मनीषा कुमारी, स्वाति कुमारी, सोनी कुमारी, सविता कुमारी, सरिता कुमारी, पुष्पा कुमारी सहित सभी शिक्षकगणों एवं कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

## रामगढ़ जिले में खाद्यान्न से भरे हर गोदाम पर है डीएसओ की नजर

**रामगढ़।** खाद्यान्न वितरण की बात जब आती है, तो इसमें अक्सर चोरी और घोटाले का संदेह रहता है। झारखंड में अक्सर जिला आपूर्ति कार्यालय इसी विषय को लेकर विवादों में भी रहा है। लेकिन रामगढ़ जिले का यह विभाग अब चोरी के विवादों को खत्म कर चुका है। जिन गोदामों से खाद्यान्नों का वितरण पीडीएस डीलर के बीच होता है, उन स्थानों को सीसीटीवी कैमरे से लैस कर दिया गया है। हर गोदाम में 7 से 8 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सभी कैमरों पर रामगढ़ जिला आपूर्ति कार्यालय में बैठी डीएसओ रंजीता टोपो अपनी नजर रखती हैं। इससे पहले भी उन्होंने गोदाम प्रबंधक पर शिकंजा कसने के लिए काफी प्रयास किया था। लेकिन वह कारगर साबित नहीं हो रहा था। अंत में उन्होंने सभी गोदाम में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए, ताकि किसी को भी जांच करने में परेशानी ना हो।

### यूपीएससी सीएपीएफ की परीक्षा में बरही विस का युवक को मिली सफलता, बधाई

## पवन की सफलता युवाओं को देता है समर्पित परिश्रम, संघर्ष व धैर्य का संदेश : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही विस क्षेत्र अंतर्गत चंदवारा निवासी रामदेव यादव के पुत्र कोडरमा ज़िला के पवन यादव उर्फ अक्षत के यूपीएससी सफलता पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि पवन ने कवि हरिवंश राय बच्चन के कविता कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती है जैसी पंक्ति को सिद्ध किया है। जिन्होंने एनडीए, सीडीएस, सीएपीएफ, एएफसीएटी जैसे प्रतियोगिता परीक्षा में लगातार प्रयास करने के बाद भी मेरिट न बनने पर भी हार नहीं मानी। समर्पित होकर प्रयास किया और अंततः यूपीएससी सीएपीएफ (सहायक कमांडेंट) की परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 315वाँ स्थान प्राप्त कर पूरे विस क्षेत्र सहित राज्य का नाम रौशन किया है। यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और कभी हार न मानने वाले जज़्बे का परिणाम है। इस शानदार उपलब्धि के लिए विधायक ने हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने यह भीं कहा कि यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं. हर एक युवा को इनकी तरह धैर्य के साथ निरंतर प्रयास करनी चाहिए. निश्चित ही सफलता उसके कदम चूमेंगे. इस सफलता के लिए विधायक सहित हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष किसून यादव, भाजपा नेता अर्जुन साहू आदि सहित कई लोगों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत जेंडर सीआरपी के माध्यम से लोगों को किया जा रहा है जागरूक




**रामगढ़।** पूरे जिले में 10 से 26 जून तक मादक पदार्थ के दुरुपयोग के सम्बंध में जेएसएलपीएस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिले के सभी जेंडर सीआरपी (100 से अधिक) को प्रखंड वार जेएसएलपीएस द्वारा ट्रेनिंग उपलब्ध कराया गया है।मादक पदार्थ के दुरुपयोग से संबंधित जानकारी और इसका युवाओं तथा समाज पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को विस्तार से समझाया जा रहा है। अब ये जेंडर सीआरपी सभी समूह तथा ग्राम संगठन में जाकर महिलाओं तथा युवाओं से विस्तार में चर्चा कर रही है और इसको अपने घर और समाज मे लोगों को जागरूक कर रही है। इसके लिए सखी मंडल के द्वारा रैली, शपथ, समुह में चर्चा, पुरुषों में चर्चा इत्यादि के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं।

### रक्तदान शिविर आयोजित, जिप उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**बरही।** कारिमाटी स्थित आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया हजारीबाग ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने किया। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। जिसका एक बूंद भी जीवनदायिनी है। जिससे कई जिंदगियां बचाई जा सकती है, सभी लोगों को ऐसे कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर दर्जनों लोगों ने स्वेच्छा से रक्त दान भी किया। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, दिनेश यादव, उमेश यादव, मनोज राणा, कृष्णा यादव सहित वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर कमलेश सिंह, डॉ. सिद्धांत, ब्लड बैंक इंचार्ज अजय कुमार, संतोष कुमार, मुकीम अंसारी, शमीम अंसारी, सीनियर तकनीशियन उत्तम कुमार आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

### अच्छी लिखावट आपके विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है : प्राचार्य सोनू कुमार

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल ,घंघरी में कक्षा 1 से लेकर 8 तक के बच्चों में लेखन प्रतियोगिता करवाया गया।लेखन प्रतियोगिता को लेकर बच्चों मे उत्साह व्याप्त थी। वहीं प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया गया।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने प्रतिभागियों को हमेशा सुंदर अक्षरों में लिखने को कहा तथा सुंदर लेखन का महत्व बताते हुए बच्चों को प्रत्येक दिन हिंदी व अंग्रेजी में एक पेज राइटिंग लिखने को कहा। उन्होंने कहा अच्छी लिखावट के कई महत्व है ।यह न केवल पढ़ने में आसानी प्रदान करती है बल्कि विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने, याददाश्त और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मदद करती है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी राजन, साक्षी,पीयूष, साहिल, मनीष ,खुशी ,अंकित, खुशनुमा, अहमद रहे ।

### भवन निर्माण विभाग की कार्यशैली पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

## सभी योग्य संवेदकों को मिलना चाहिए बराबरी का मौका : कांग्रेस प्रभारी मुन्ना सिंह

- टेंडर प्रणाली का उद्देश्य समान अवसर और पारदर्शिता है, लेकिन यहां तो अपने लोगों की दुकानदारी चल रही है

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग ।** भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल हजारीबाग में निविदा (टेंडर) प्रक्रिया को लेकर अब विरोध खुलकर सामने आने लगा है। शनिवार को सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं नगर निगम कांग्रेस प्रभारी मुन्ना सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और संवेदकों के साथ विभाग के कार्यपालक अभियंता अमित कुमार से मुलाकात कर निविदा में हो रही गड़बड़ियों को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। मुन्ना सिंह ने आरोप लगाया कि विभाग बार-बार कुछ गिने-चुने चहेते संवेदकों को ही ठेका दे रहा है, जिससे बाकी दर्जनों योग्य संवेदकों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रणाली का उद्देश्य समान अवसर और पारदर्शिता है, लेकिन यहां तो अपने लोगों की दुकानदारी चल रही है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा, अगर जल्द ही इस मनमानी पर रोक नहीं लगी, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक यह बात पहुंचाई जाएगी। ज़रूरत पड़ी तो कांग्रेस कार्यकर्ता

सड़कों पर उतरेंगे और बड़े आंदोलन की शुरुआत करेंगे। सिंह ने कहा कि सरकारी विभागों को जवाबदेह और निष्पक्ष होना चाहिए। यदि विकास कार्यों में भी भाई-भतीजावाद और पक्षपात का बोलबाला रहा, तो यह न केवल शासन की साख गिराएगा, बल्कि आम जनता के हितों के खिलाफ होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि हर संवेदक को बराबरी का मौका मिले, चाहे वह छोटा ठेकेदार हो या बड़ा। सरकार जनता की है, चंद लोगों की नहीं। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभागीय प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पर सवाल उठाए और कहा कि वर्षों से कुछ ही संवेदकों को ठेके मिलते आ रहे हैं। यह भ्रष्टाचार और सांठगांठ की बू देता है।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि हालात नहीं बदले, तो वे जनसमर्थन के साथ घेराव और विरोध प्रदर्शन करेंगे। मौके पर विरेन्द्र कुमार सिंह, प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह 20 सुत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता ,उपाध्यक्ष कैलाश पति देव,विक्की धान के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

**चैंपियनशिप** श्रीदस के छात्रों का राष्ट्रीय गदका चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है श्रीदस : प्राचार्य

- छात्रा नेहा टोप्पो ने लड़कियों की श्रेणी में जीता कांस्य पदक
- झारखंड का नाम रोशन करने में अग्रणी बना श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल
- राजा और नेहा की लगातार उपलब्धियों ने न सिर्फ विद्यालय के नाम को रोशन किया है

नवीन मेल संवाददाता




**बरही।** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जहां कल स्कूल के छात्र राजा ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय गदका चैंपियनशिप में लड़कों की श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर झारखंड और विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं शनिवार को विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा नेहा टोप्पो ने भी लड़कियों की श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर सफलता की नई इबारत लिख दी है। इस प्रतियोगिता में श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के कुल तीन छात्र-छात्राएं, झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 14 विभिन्न श्रेणियों में भाग ले रहे हैं। राजा और नेहा की लगातार उपलब्धियों ने न सिर्फ विद्यालय के नाम को रोशन किया है, बल्कि पूरे राज्य के लिए यह गर्व का विषय बन गया है। विद्यालय में इस सफलता को लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल है। दोनों ही छात्रों के अभिभावकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीदस स्कूल ने हमारे बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा दी है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल आज एक ऐसा शैक्षणिक संस्थान बनकर उभर रहा है जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बच्चों को समान अवसर देते हुए उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। खेल हो, विज्ञान हो या कला, विद्यालय हर दिशा में छात्रों को प्रोत्साहित कर रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में स्कूल की ओर से और भी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा ताकि छात्रों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता रहें।

**विद्यालय के प्राचार्य के. कुमार ने कहा**

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखते हैं। राजा और नेहा की ये सफलताएं इस बात का प्रमाण हैं कि जब विद्यालय समर्पण से कार्य करे और विद्यार्थी लगन से मेहनत करें, तो कोई भी मंच दूर नहीं रहता। हमारी कोशिश है कि हर छात्र अपने भीतर की प्रतिभा को पहचाने और उसे देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सके।

## सिमडेगा में 16 से 28 जून तक जनजातीय परिवारों के लिए विशेष शिविर

# धरती आबा योजना के तहत जागरूकता रथ रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत सिमडेगा जिले में 16 जून 2025 से 28 जून 2025 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य जिले के ऐसे जनजातीय परिवारों को चिन्हित करना है जो अब तक विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया जाएगा। जनजातीय समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने शनिवार को जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के दूरस्थ गांवों और प्रखंडों में जाकर विशेष शिविरों की तिथियों, स्थानों और संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी देगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सभी जनजातीय परिवारों से अपील की है कि वे शिविरों में आकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराएं और योजनाओं का लाभ लें। श्रीमती तिर्की ने सभी संबंधित विभागों को शिविरों के सफल संचालन एवं अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को जोड़ने हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। सरकार का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश केरकेट्टा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं आई.टी.डी.ए. कार्यालय के कर्मी गण उपस्थित थे।

### 20 से अधिक सरकारी योजनाओं के लाभ

परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-कल्याण पदाधिकारी सरोज तिर्की ने बताया कि इन शिविरों में आधार कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया जांच, राष्ट्रीय यक्ष्मा रोग उन्मूलन कार्यक्रम सहित कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनजातीय समुदाय को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

## अल्पसंख्यक विद्यालयों की समस्याओं पर आयोग सख्त

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेष सॉलोमन एवं सदस्य शमशेर आलम ने समाहरणालय सभागार में जिले के सभी अल्पसंख्यक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं संचालकों के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया बैठक में विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। उपाध्यक्ष ने विद्यालयों की आधारभूत संरचनाओं जैसे भवन, बिजली, पानी, शौचालय और चारदीवारी की स्थिति की जानकारी ली।प्रधानाध्यापकों द्वारा बताया गया कि अधिकतर विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में हैं, जिससे विशेषकर बरसात के मौसम में छात्रों और शिक्षकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर उपाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि शिक्षा विभाग से विस्तृत प्रतिवेदन मंगाया गया है और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर इन समस्याओं का समाधान राज्य सरकार के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अल्पसंख्यक विद्यालयों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आयोग हर संभव प्रयास करेगा। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष ने शिक्षक नियुक्ति, अनुमोदन, एवं वेतन भुगतान की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिक्षकों को समय पर वेतन मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने सभी प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए तथा विभागीय नियमों का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अल्पसंख्यक विद्यालय एक माह के भीतर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर रिक्त पदों पर शिक्षक नियुक्ति करें।श्री आलम ने विद्यालय प्रबंधन से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वे विभाग या आयोग से सीधे संपर्क कर सकते हैं। आयोग विद्यालयों की समस्याओं का नियमानुसार समाधान करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न अल्पसंख्यक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 108 एम्बुलेंस कर्मियों की मांगों को लेकर हंगामा

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ झारखंड के बैनर तले 108 एम्बुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों ने शनिवार को सिमडेगा जिला डीसी एवं सिविल सर्जन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सेवा संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में 108 एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसके साथ ही कर्मचारियों को सेवा के दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा, बीमा या चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।संघ के सदस्यों ने यह भी कहा कि लंबे समय से संविदा पर कार्यरत कर्मियों की सेवा स्थायी नहीं की जा रही है। वहीं एम्बुलेंस संचालन में लगे वाहनों की स्थिति भी खराब है, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ती है।ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगें रखी गईं जिसमे नियमित समय पर वेतन भुगतान,कार्यस्थल पर सुरक्षा की गारंटी,स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया शुरु करना,खराब वाहनों को बदलना,चिकित्सा बीमा सुविधा उपलब्ध कराना,संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो कर्मचारी आंदोलन को बाध्य होंगे।

## घायल धर्मपुरोहितों से मिलने बिशप हाउस पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा शनिवार को बोलबा के समसेरा में हुए लूटपाट एवं डकैती की घटना में घायल तीनों पुरोहितों से मिलने बिशप हाउस पहुंचे। मौके पर विधायक ने तीनों पुरोहितों से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। विधायक ने पीड़ित पुरोहितों को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। विधायक ने घटना की जानकारी लेने के बाद सिमडेगा एसपी से फोन पर बात की और अब तक की गई पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को शीघ्र चिन्हित कर गिरफ्तार किया जाए। विधायक ने प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि चर्च परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विधायक ने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज की एकता और भाईचारे पर हमला है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मौके पर विधायक ने सभी पुरोहितों के जल्द स्वास्थ्य की ईश्वर से कामना की। गौरतलब है कि घटना के दूसरे ही दिन विधायक भूषण बाड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और डीजीपी को पूरी घटना की जानकारी दी थी। इधर ज़िप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी घायल पुरोहितों से मुलाक़ात कर जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मौके पर उपप्रमुख सिलबेस्टर बाघवार, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, समाजसेवी संजय तिर्की सहित कई लोग मौजूद थे।

## पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के कोलोमडेगा में अपनी पत्नी को लोहे से बने बेसला से मार कर जख्मी करने वाले आरोपी पति को जलडेगा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जलडेगा थाना प्रभारी ने बताया कि वादी जोहान कुंडलना, पता कोलोमडेगा के लिखित आवेदन के आधार पर जलडेगा थाना कांड संख्या 47/25, दिनांक 14.06.2025, धारा 109/118(1)/118(2) भारतीय न्याय संहिता अंकित कर कांड के प्राथमिकी अभियुक्त धाम होरो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि है दिनांक 13.06.25 को शाम में अभियुक्त बाजार से अपने घर आया तो उनकी पत्नी आइलीन होरो घर के बाहर खड़ी थी, इसपर पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई हुआ, जिसके बाद पति ने लोहे से बने बेसला से अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया।

## सिमडेगा में अल्पसंख्यक मुद्दों पर कांग्रेस की विशेष पहल

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला प्रभारी हसनैन जैदी ने प्रेस वार्ता कर आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 जून को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी जिनल एन. गाला एवं अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी का सिमडेगा आगमन प्रस्तावित है। इस अवसर पर जिले में अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।हसनैन जैदी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को लंबे समय से उनके अधिकारों से वंचित किया जाता रहा है। इस स्थिति में सुधार लाने के लिए कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ भी विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि समाज के वास्तविक मुद्दों को समझकर उसका समाधान खोजा जा सके।प्रेस वार्ता में उन्होंने सिमडेगा जिले में उर्दू विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इस विषय पर सरकार से बातचीत जारी है और जल्द ही उर्दू शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।इसके अलावा उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ी अन्य समस्याओं जैसे छात्रवृत्ति, रोजगार, शिक्षा और सुरक्षा के मुद्दों पर भी बात की और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी इन सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक काम कर रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ,अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष रावेल लकड़ा ,महासचिव विपिन पंकज मिंज, जमीर हसन जमीर खान जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन सहित अन्य उपस्थित थे।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव की प्रक्रिया हुई शुरू, 29 जून को होगा मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा में वर्षों से लंबित चैंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव का आखिरकार आज औपचारिक ऐलान हो गया। लंबे समय से व्यापारी समुदाय इस चुनाव की मांग कर रहा था। अब प्रदेश स्तरीय चैंबर ऑफ कॉमर्स के निर्देशानुसार चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।शनिवार को सिमडेगा के आनंद भवन धर्मशाला में एक प्रेस वार्ता कर चुनाव अधिकारियों की टीम ने चुनाव की तारीखों की घोषणा की। चुनाव अधिकारी ने बताया कि कुल 21 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 684 पंजीकृत मतदाता मतदान करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 जून को नामांकन दाखिल किया जाएगा, 22 जून को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) होगी। 23 जून को नाम वापसी की अंतिम तिथि रखी गई है। मुख्य चुनाव 29 जून को होगा और 30 जून को मतगणना के साथ चुनाव परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी।सभी चुनावी गतिविधियां आनंद भवन धर्मशाला से ही संचालित होंगी। चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक स्वतंत्र और सक्षम चुनाव समिति का गठन किया गया है, जिसमें सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा।व्यापारियों में चुनाव को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। सिमडेगा में पहली बार इतने व्यवस्थित रूप में चैंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव होने जा रहा है, जिससे व्यापारिक समुदाय को एक मजबूत मंच मिलने की उम्मीद जगी है। चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशियों की तैयारियां भी तेज हो गई हैं और व्यापारिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है।

## जलडेगा में प्रखंड स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी पूरी

**जलडेगा।** प्रथम फुटबॉल टूर्नामेंट एवं 64 सुब्रतो कप फुटबॉल चैंपियनशिप तथा खेलो झारखंड कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जलडेगा प्रखंड अंतर्गत सभी खेल शिक्षको के साथ प्रखंड संसाधन केंद्र जलडेगा में मनमोहन कुमार गोस्वामी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें सर्व सम्मति से दिनांक 18.06.2025 को सुब्रतो फुटबॉल कप प्रतियोगिता तथा 19.06.2025 को प्रथम फुटबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता प्रखंड स्तर पर पीएम श्री एस एस + टू उच्च विद्यालय जलडेगा के मैदान में पूर्वाहन 07 बजे से करने का निर्णय लिया गया। मौके पर शिक्षक राजेश कुमार, विकास कुमार, एमन मस्कल हेरेंज, अरविंद कुमार, सोमनाथ साहू आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत कौशल विकास केंद्रों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** शनिवार को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग की सहायक निदेशक सह जिला कौशल पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा एवं यूएनडीपी के जिला प्रोजेक्ट असिस्टेंट अनुराग ने कोलेबिरा प्रखंड में संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत संचालित हो रहे हैं।निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण केंद्रों में मौजूद युवाओं से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता और सुविधा की जानकारी ली। सुश्री लकड़ा ने बताया कि कोलेबिरा में यह योजना सफलतापूर्वक क्रियान्वित हो रही है और युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण मिल रहा है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे न केवल नौकरी प्राप्त कर सकें, बल्कि स्वरोजगार भी शुरू कर सकें।इस दौरान सेंटर हेड प्रभु कश्यप, इंचार्ज पवन कुमार, ट्रेनर सबना प्रवीण, पिंकी कुमारी, समृद्धि श्री, समेत अन्य उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण की व्यवस्था पर संतोष जताया और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**झारखंडी में नई पहल** | कोलेबिरा में पलाश दीदी कैफेटेरिया का भव्य शुभारंभ

# व्यंजनों और स्थानीय स्वादों को मिलेगा नया मंच

- **कैफे न केवल स्वादिष्ट बल्कि पौष्टिक भोजन प्रदान करेगा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** जेएसएलपीएस द्वारा वित्तपोषित एवं कोलेबिरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के संचालन में शनिवार को कोलेबिरा में पलाश दीदी कैफेटेरिया का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए झारखंड की पारंपरिक खाद्य संस्कृति को बढ़ावा देना है।कैफेटेरिया का उद्घाटन कोलेबिरा की प्रमुख दुतानी हेंब्रम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर दुतानी हेंब्रम ने जेएसएलपीएस एवं कोलेबिरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आर्थिक समृद्धि में मील का पत्थर साबित होगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने कहा कि जेएसएलपीएस महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा सरकार भी महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से न केवल महिलाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि मोटे अनाज के उपभोग के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी और इससे कई गंभीर बीमारियों से भी बचा जा सकेगा।पलाश दीदी कैफेटेरिया में आगंतुकों को रागी, कोदो, सांवा जैसे स्थानीय मोटे अनाज से बने झारखंडी व्यंजन परोसे जाएंगे। रागी पीठा, चावल छिलका, मीठा पीठा आदि पारंपरिक व्यंजन यहां की खासियत होंगे। यह कैफे स्वाद और स्वास्थ्य का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा, साथ ही ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी ने कहा कि यह कैफे झारखंड के खाद्य उत्पादों और सांस्कृतिक विरासत को पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### देसी उत्पादों को मिला नया ठिकाना

कैफेटेरिया में कार्यरत सभी महिलाएं स्वयं सहायता समूहों की सदस्य हैं, जिन्हें जेएसएलपीएस द्वारा खाद्य प्रसंस्करण, आतिथ्य सेवा एवं उद्यम प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोलेबिरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी पूर्व से ही रागी लड्डू, तिल लड्डू, रागी पापड़, रागी मिक्सर एवं रागी भुजिया का उत्पादन कर रही है, जिनकी बाजार में अत्यधिक मांग है। इन उत्पादों को सरस मेला में भी प्रदर्शित किया गया है, जहां इनकी बिक्री अत्यधिक होती रही है। अब यह उत्पाद पलाश दीदी कैफे के माध्यम से भी ग्राहकों तक पहुंचेंगे।

# न्यूज बॉक्स

### मुआवजा भुगतान के बिना सड़क निर्माण नहीं होने देंगे : सुजान मुंडा



**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड के खरवागढ़ा बाजार टांड़ में लचड़ा गढ़ से बड़ीबिंगा तक सड़क चौड़ीकरण और कालीकरण कार्य को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता एवं कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुजान मुंडा ने की। बैठक में खरवागढ़ा, पंगुर, कारीमाटी, बड़ीबिंगा व तुरुपदेगा गांव के सैकड़ों रैयत व ग्रामीण शामिल हुए।ग्रामीणों ने निर्माण कार्य से पूर्व मुआवजा भुगतान की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि बिना अनुमति पेड़ों की कटाई की जा रही है, जलमीनार की पाइप क्षतिग्रस्त हो रही है और सरकारी तालाब में भी मिट्टी भर दी गई है। साथ ही संवेदक द्वारा मुआवजा मांगने पर एफआईआर की धमकी देने की शिकायत भी की गई।बैठक में संवेदक कंपनी SRMV कन्स्ट्रक्शन के मुंशी प्रमोद कुमार गिरी को बुलाया गया। सुजान मुंडा ने स्पष्ट कहा कि जब तक रैयतों को मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा।मुंशी ने 16 जून को खरवागढ़ा बाजार टांड़ में संवेदक, अंचल अधिकारी, भू-अर्जन विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी की उपस्थिति में बैठक करने का आश्वासन दिया। सुजान मुंडा ने कहा कि यदि मुआवजा नहीं मिला तो आंदोलन होगा।

### दिल्ली में युवती को बेचने के मामले में महिला गिरफ्तार

**सिमडेगा।** दिल्ली ले जाकर युवती को बेचने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई एएचटीयू पुलिस की ओर से की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम केरेया कुढपानी, थाना ठेठईटांगर निवासी अलबर्ट केरकेट्टा द्वारा अपनी बेटी संजीता केरकेट्टा की गुमशुदगी और बेच दिए जाने की आशंका को लेकर लिखित शिकायत दी गई थी। आवेदन के आधार पर मानव तस्करी निरोधक इकाई थाना कांड संख्या-02/24, दिनांक 19.09.2024 को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण), 370(4) (मानव तस्करी) तथा किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 एवं 81 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।जांच के दौरान यह सामने आया कि संजीता केरकेट्टा को गांव की ही महिला बिनिता केरकेट्टा, पति-आनन्द केरकेट्टा, द्वारा बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाया गया और वहां उसे बेच दिया गया।एएचटीयू की पुलिस द्वारा बिनिता केरकेट्टा को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, पीड़िता संजीता की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी एवं तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि पीड़िता को शीघ्र सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।



### 17 जून को झारखंड मुक्ति मोर्चा का बानो नगर भवन में होगा मिलन समारोह

**बानो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति बानो के तत्वावधान में 17 जून दिन मंगलवार कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन नगर भवन बानो में समय समय 11:00 बजे रखा गया है।जिसमें बानो प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायतों के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित होंगे, इस मिलन समारोह में मुख्य रूप से तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया,सिमडेगा जिला समिति एवं खूँटी जिला समिति के साथ साथ सिमडेगा जिला के सभी केंद्रीय सदस्य शामिल होंगे। उक्त जानकारी झामुमो प्रखंड कमेटी के पदाधिकारीयों ने दी।

### समसेरा हमले व वक्फ संशोधन एक्ट के विरोध में आजाद समाज पार्टी की आमसभा




**सिमडेगा।** वक्फ संशोधन एक्ट और समसेरा चर्च में धर्मगुरु पर हुए हमले के विरोध में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा भट्ठीटोली मेन रोड पर आमसभा आयोजित की गई। सभा में प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा सिद्दीकी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार वक्फ एक्ट में संशोधन कर मुसलमानों की संपत्ति छीनना चाहती है, जिसे किसी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा।समसेरा हमले पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि जब धर्मगुरु ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आमजन की सुरक्षा कैसे संभव है। विधायक और सांसदों की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।उन्होंने झारखंड सरकार को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि कांग्रेस-झामुमो जिन मुद्दों पर सत्ता में आई, उससे भटक चुकी है और इसका खामियाजा मुस्लिम, दलित, आदिवासी व पिछड़े समाज को भुगतना पड़ रहा है।सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अपनी टीम के साथ विशप हाउस पहुंचकर पीड़ित ईसाई धर्मगुरु से मिले। सभा के बाद सर्किट हाउस में कार्यकर्ता बैठक में कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी ने आगामी नगर परिषद चुनाव मजबूती से लड़ने की घोषणा की।

### जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने सिमडेगा टीम जमशेदपुर रवाना

**सिमडेगा।** 15 जून से 19 जून 2025 तक जमशेदपुर में आयोजित हॉकी झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए सिमडेगा जिला की हॉकी टीम शनिवार को जमशेदपुर रवाना हो गई। टीम को हॉकी सिमडेगा के वरिष्ठ सदस्यों पंखरासियुस टोप्पो और कमलेश मांझी ने शुभकामनाएं देते हुए किट प्रदान कर विदा किया।टीम रवाना होने से पूर्व खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर खिलाड़ियों से मेहनत, अनुशासन और टीम भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया।जमशेदपुर जाने वाले सिमडेगा जिला सब जूनियर पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी में सुमित किंडो, सिकंदर मिंज, अनुज केरकेट्टा, नितेश बा, बिनय बड़ा, आशीष लकड़ा, विनय तिर्की, नेल्शन टोप्पो, सुमित उरांव, गुलशन होरो, आनंद लकड़ा, अर्पण बड़ा, अनुकेत केरकेट्टा, अंकित एक्का, दीपक लकड़ा, कपिल मिंज, सैमनेल मिंज और अनुज तिग्गा।टीम के कोच रोहित बेसरा और मैनेजर रोहित मिंज खिलाड़ियों के साथ रवाना हुए हैं।हॉकी सिमडेगा द्वारा उम्मीद जताई गई है कि खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन करेंगे।

### पुलिस ने नशामुक्ति को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**जलडेगा।** शनिवार को जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में समाज को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए कोनमेरला में जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर पुलिस ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाकर लोगों में संदेश दिया कि शराब समाज व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। मौके पर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नशा सेवन करने से सेहत के साथ-साथ समाज में विपरीत प्रतिक्रिया उत्पन्न करती है जिसके कारण आपसी भाईचारा से लेकर एक-दूसरे में द्वंद पैदा होती है तथा शरीर को हानि भी पहुंचती है। साथ ही उन्होंने कहा कि अनेक युवा वर्ग नशे में किसी कारणवश फंस जाते हैं और वह नशे के लिए कोई भी आपराधिक वारदात को करने से नहीं चुकते हैं। वहीं सामुदायिक पुलिस के जयकांत कुमार ने कहा कि नशा अपराधमुक्ति की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे, तभी स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। इस मौके पर उपस्थित लोगों से अपील किया कि नशीली चीजों से दूर रहते हुए अपने घर से ही नशामुक्ति अभियान की शुरुआत करें।

## कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन की तैयारी

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित ग्रामीण क्षेत्र बोडाम प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में "संगठन सृजन अभियान" के तहत शनिवार को एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार महतो ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि बोडाम एवं पटमदा प्रखंडों में जनता कई बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है। चांडिल डैम का निर्माण सिंचाई के उद्देश्य से हुआ था, लेकिन आज भी यहां के किसान सिंचाई की समुचित सुविधा से वंचित हैं। इसे लेकर एक व्यापक और योजनाबद्ध आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि बोडाम प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज की अत्यंत आवश्यकता है और स्थानीय किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। साथ ही, जमीन का ऑनलाइन अभिलेखांकन नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पीड़ित ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रखंड कांग्रेस कमिटी को सौंपें ताकि आंदोलन के माध्यम से प्रशासनिक स्तर पर समाधान की पहल की जा सके।

### गिरिडीह जिला समाहरणालय परिसर से बाल मित्र ग्राम कारवां को दिखायी गई हरी झंडी

# देवरी, तीसरी और गांवा प्रखंड के 60 गांवों में एक माह तक चलेगा जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** बाल अधिकारों और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जन-जागरूकता के उद्देश्य से करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां का भव्य शुभारंभ आज गिरिडीह जिला समाहरणालय परिसर से किया गया। बाल अधिकारों के लिए कार्यरत संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन के द्वारा इस जागरूकता अभियान को चलाया जा रहा है। महाराष्ट्र से चलकर अब झारखंड तथा यहां के बाद राजस्थान में जागरूकता संदेश फैलाने का कार्य करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां के तहत किया जा रहा है। करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां को माननीय जिलाधिकारी श्री रामनिवास यादव, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार, जिला उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेहा कश्यप एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो अगले एक माह तक देवरी, तीसरी और गांवा प्रखंड के 60 से अधिक गांवों में भ्रमण कर बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार, नशा, घरेलू हिंसा तथा अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनजागरूकता फैलाएगा। शुभारंभ समारोह के दौरान महाराष्ट्र से चलकर आई नाटकशाला की टीम ने नाटक का मंचन भी किया।




**शुभारंभ समारोह में जिला उपायुक्त ने कहा कि**

"समाज में सकारात्मक परिवर्तन तभी संभव है जब बच्चे स्वयं अपनी समस्याओं को पहचानें, बोलें और समाधान की दिशा में पहल करें। बाल मित्र ग्राम कारवां इसी सोच को धरातल पर उतारने का एक सशक्त माध्यम है।" कारवां का यह प्रयास न केवल बाल अधिकारों को बढ़ावा देगा, बल्कि समुदायों को भी बच्चों की भलाई के लिए एकजुट करने का कार्य करेगा। आने वाले दिनों में यह अभियान गिरिडीह जिले के दूरदराज़ के गांवों तक पहुंचकर नई चेतना का संचार करेगा। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है क्योंकि बदलाव के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का अहम योगदान होता है।

विदित हो कि, नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित, भारत के गौरव श्री कैलाश सत्यार्थी जी नेतृत्व में करुणामय समाज निर्माण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां दिनांक 10 मार्च 2025 को पुणे जिले के शिरूर प्रखंड से इस कारवां का शुभारंभ श्रीमति सुमेधा कैलाश द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जहां 40 दिनों में कुल 80 गावों से होकर 3500 किलो से अधिक यात्रा तय करते हुवे झारखंड के कोडरमा पहुंची जहां जिला में 25 दिनों यात्रा के दौरान कुल 50 अति सुदूरवर्ती गावों में जन-जन तक बाल अधिकार के प्रति जागरूकता विस्तार किया इसके पश्चात, अब यह करुणामय बाल मित्र ग्राम कारवां गिरिडीह जिला पहुंची है जहां यह तिसरी, देवरी तथा गांवा प्रखंड में कुल 30 दिनों में 60 से अधिक अति सुदूरवर्ती गावों में भी जागरूकता फैलाने का कार्य करेगी, तत्पश्चात यह कारवां राजस्थान के लिए प्रस्थान करेगी, जहां 300 से अधिक गाँवों में यह कारवां भ्रमण कर जागरूकता के माध्यम से बच्चों, महिलाओं, पंचायत प्रतिनिधियों, युवा मंडलों एवं महिला मंडलों के सहयोग से सामुदायिक भागीदारी को सशक्त बनाएगा।

यह अभियान गाँव-गाँव जाकर बाल अधिकारों और सामाजिक परिवर्तन के प्रति चेतना जागृत करेगा, समुदायों को सशक्त बनाएगा और हर बच्चे के सुरक्षित, शिक्षित और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प को मजबूत करेगा।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर भंडारी में कार्यशाला का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**तीसरी।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग व पीरामल फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को तिसरी प्रखंड के भंडारी पंचायत में एमएमडीपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया पिंकेश कुमार सिंह ने की। कार्यशाला में मरीजों को फाइलेरिया से बचाव, देखभाल एवं रोज़ाना किए जाने वाले व्यायाम की प्रक्रिया को पिरामल फाउंडेशन की पीओ - सीडी टीम द्वारा समझाया गया। बताया गया कि फाइलेरिया थर्ड ग्रेड मरीजों का डिसेबिलिटी रजिस्ट्रेशन कर विकलांगता प्रमाण पत्र की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। कार्यशाला के दौरान एमएमडीपी किट एवं विशेष चप्पलों का वितरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत स्तरीय एसएचजी महिलाएं, वार्ड सदस्य, धर्मगुरु, युवा, सहिया-सहिया साथी, तथा सीएचसी तीसरी की मेडिकल टीम (आईएमटीएस एवं एमपीडब्लूयु) की उपस्थिति रही। मौके पर मुखिया पिंकेश कुमार सिंह नेलोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य भंडारी पंचायत को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। इसके लिए सभी ग्रामीणों को मिलकर प्रयास करना होगा।

## अधूरे आवास को जल्द पूर्ण करे बीडीओ निशांत अंजुम

नवीन मेल संवाददाता



**गांडेय(गिरिडीह)।** प्रखंड विकाश पदाधिकारी निशांत अंजुम ने प्रखंड के उदयपुर पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण करके निर्माणधीन अबुआ आवास योजना की जांच किया और लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत के बेलडीह, उदयपुर, चुटिया डीह गांव में भ्रमण करके कुल 12 लाभुकों का आवास योजना का जांच किया। लाभुकों को 15 दिनों के अंदर में घर का ढलाई कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बातचीत के क्रम में लाभुकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी के अभाव की वजह से घर का ढलाई नहीं हो पा रहा है। बारिश के मौसम शुरू होते ही ढलाई कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बीडीओ ने गांवों में भ्रमण करके जल - नल योजना की स्थिति को भी देखा। निरीक्षण के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी निशांत अंजुम ने पंचायत सचिवालय में बैठक करके पंचायत के मुखिया, उपमुखिया, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को जल्द से जल्द आवास योजना को पूर्ण करवाने का निर्देश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### पतरातू के विकास के लिए जीआरसी सलाहकार समिति का गठन



**रामगढ़।** पतरातू के प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को जीआरसी सलाहकार समिति का गठन किया गया। इस समिति का उद्देश्य जेंडर संबंधी मुद्दों पर चर्चा करना, नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करना और जेंडर समानता को बढ़ावा देना है। जीआरसी सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता होंगे। जबकि प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक पुरुषोत्तम कुमार सिन्हा संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा, प्रखंड प्रमुख, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, डालसा प्रतिनिधि, थाना प्रभारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, एनजीओ, सीएसओ प्रतिनिधि, डीआरपी जेएसएलपीएस और प्रखंड के सभी संकुल संगठन से दो प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे। यह सलाहकार समिति प्रखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और जेंडर समानता को बढ़ावा देने में मदद करेगी। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने समिति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, जिला प्रबंधक (सामाजिक विकास) सौरभ प्रसाद, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पुरुषोत्तम कुमार सिन्हा, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी अभिषेक कुमार वर्मा, आश्रेंद्र कुमार - क्षेत्रीय कोऑर्डिनेटर (प्रदान) सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रदीप वर्मा की सांसद निधि से चेंबर भवन में लगेगा लिफ्ट



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राज्य सभा सांसद प्रदीप वर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। चेंबर भवन में सांसद निधि से नया लिफ्ट लगाने के लिए स्वीकृति को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के प्रति आभार जताया। मौके पर चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि सांसद के इस पहल से हमारे संगठन की सुविधाओं में महत्वपूर्ण सुधार होगा। मुलाकात के दौरान सांसद और चेंबर प्रतिनिधिमंडल के बीच व्यापार व उद्योग जगत की मौजूदा समस्याओं और चुनौतियों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी शामिल थे। उक्त जानकारी चेंबर के प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

### आम उत्सव सह बागवानी मेला के जरिए किसानों को मिला बाजार

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)। जिला के किसानों की आम के खेती को उच्च स्तर तक पहुंचाने और उसे देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर जिला प्रसाशन की पहल पर पहली बार आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन शनिवार को साकची स्थित धालभूम क्लब में किया गया। बागवानी मेला में जिले भर के तमाम सुदूरवर्ती इलाकों से किसान इसमें शामिल हुए। मेला में किसानों ने अपने फसलों की प्रदर्शनी लगाई। जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान समेत जिले के कई वरीय पदाधिकारी इस आम महोत्सव मे शामिल हुए। साथ ही किसानों के फसलों का अवलोकन किया और उनके गुणवत्ता की जानकारी भी हासिल की। इस प्रदर्शनी में आम्रपाली, लंगड़ा, हिमसागर, फज़ली, दशहरी जैसे कई तरह के ब्रीड के आम शामिल थे। उपायुक्त कर्ण स्त्यार्थी ने कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके हौसले को बढ़ाया। इसमें बोड़ाम के किसान दिनबंधु महतो, पटमदा के किसान अशोक महतो, मुसाबनी के किसान हेमंत गिरि, चाकुलिया के किसान मनेंद्र नाथ महतो और फलों के एक्सपोर्टर अब्दुल हमिद खान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### चलंत भोजनालय का सरयू राय ने किया निरीक्षण

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में जरुरतमंदों को सस्ता और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए चलंत भोजनालय का निरीक्षण शनिवार को क्षेत्रीय विधायक सरयू राय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने पांच रुपये का टोकन लेकर थाली का भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता की परख की। करीब दो सप्ताह पूर्व विधायक सरयू राय के प्रयासों से इस पहल की शुरुआत की गई थी। इसके तहत महज पांच रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## खेल और खिलाड़ियों के विकास को लेकर हेमंत सरकार गंभीर : इरफान

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि खेल में असीम संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार, खेल और खिलाड़ियों के विकास को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल खिलाड़ियों की हर संभव मदद कर रही है, बल्कि उनके सम्मान में भी कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है।

मंत्री ने कहा कि राज्य के जो खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, उनके नाम दें वे व्यक्तिगत रूप से प्रयास कर सरकार की ओर से उन्हें सम्मानित कराएंगे। मंत्री शनिवार को जामताड़ा में आयोजित दूसरे झारखंड स्टेट सब-जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक स्पोर्ट्समैन रहे हैं और खेलों के प्रति उनकी विशेष रुचि है। वे चाहतें हैं कि झारखंड के बच्चे आगे बढ़ें। देश-दुनिया में राज्य का परचम लहराएं। हेमंत सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि राज्य का दूसरा सब-जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप जामताड़ा में आयोजित किया जा रहा है। जामताड़ा जैसे ज़िले में इस आयोजन का होना हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा करता है।

मौके पर मंत्री ने प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहे खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया।

### आद्रा डिवीजन में ट्रेनों की व्यवस्था में बदलाव

**पूर्वी सिंहभूम।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा डिवीजन में विकास कार्यों के चलते ट्रेनों के परिचालन में बड़े बदलाव किए गए हैं, जिससे टाटानगर सेवा क्षेत्र के यात्रियों को विशेष ध्यान दिया गया है। आगामी सप्ताह में टाटानगर से जुड़ी कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा, जिसमें कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है तो कुछ को आंशिक रूप से चलाया जाएगा। इसके साथ ही कुछ ट्रेनों के मार्ग भी बदले गए हैं। शनिवार को रेलवे के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इन सभी बदलावों का उद्देश्य ट्रेन सुविधा को अधिक बेहतर बनाना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। आद्रा डिवीजन में विकास कार्य के दौरान आसनसोल से आद्रा के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन को 16 जून से 22 जून तक रद्द कर दिया गया है। इसी तरह, झारग्राम-धनबाद-झारग्राम मेमू पैसेंजर ट्रेन भी 16 और 18 जून को रद्द रहेगी। टाटानगर से जुड़ी एक अन्य महत्वपूर्ण मेमू पैसेंजर ट्रेन, जो आमतौर पर आसनसोल और बाराभूम तक चलती है, उसे अब आद्रा तक ही सीमित कर दिया गया है। यह व्यवस्था भी 16 जून से 22 जून तक लागू रहेगी। इसी क्रम में, भोजुडीह से चंद्रपुरा के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर को 20 और 22 जून को महुदा तक ही सीमित कर दिया गया है। वहीं, टाटानगर से हटिया के लिए चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को 21 और 22 जून को चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी मार्ग से परिवर्तित कर दिया गया है।

## लूटपाट करने वाले अपराधिक गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार, हथियार और जेवर बरामद

नवीन मेल संवाददाता




**गिरिडीह।** लूटपाट करने वाले आपराधिक गिरोह के खिलाफ गिरिडीह पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में पचम्बा थाना इलाके के करहरबारी निवासी भोला सिंह, माथाडीह निवासी मो समीर अंसारी, मुफ्फसिल थाना इलाके के पपरवाटांड निवासी अजय दास और राजू कुमार दास, जमुआ थाना इलाके के कुरूमटांड निवासी छोटू सिंह एवं धनबाद जिले के झरिया थाना इलाके के साहना पहाड़ी निवासी मुनेश्वर बेलदार शामिल है। इनके पास से बरामद सामानों में 10 पीस चांदी की पायल, 2 देसी पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त वाइट अपाचे मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त रेड होंडा बाइक शामिल है। एसपी डॉ बिमल कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 22 मई को जमुआ थाना इलाके के पोबी मोड़ से आगे लूटपाट की घटना घटी थी। यहां द्वारपहरी चौक स्थित विशाल ज्वेलर्स के मालिक विशाल कुमार सोनी को वाइट अपाचे पर सवार तीन अपराधियों ने ओवरटेक कर फायरिंग कर जेवरात एवं पांच हजार रुपया से भरा बैग लूट लिया। फायरिंग से विशाल घायल हो गया था। इस मामले को लेकर जमुआ थाना में कांड अंकित किया गया था। घटना को देखते हुए खोरी महुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में 12 अधिकारियों के साथ तकनीकी शखा की टीम और पुलिस बल को शामिल किया गया। टीम ने छानबीन शुरू की और छह अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए जमुआ - धनवार में घटित तीन कांडों का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर इस कांड में लूटे गये जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त दो देशी पिस्टल और दो मोटर साइकिल बरामद किया गया।

## विधिक जागरूकता से नशा और डायन प्रथा के उन्मूलन का प्रयास : न्यायमूर्ति

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश् पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी की ओर से शनिवार को बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और खूंटी न्याय मंडल के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी उपस्थित थे। झालसा रांची की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार, उपायुक्त आर रॉनिटा, पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप समेत कई विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने विधिक जागरूकता और सशक्तीकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह प्रयास लोगों को न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। उन्होंने नशा उन्मूलन, डायन प्रथा के खिलाफ जनजागरूकता, एनडीपीएस एक्ट, पोक्सो एक्ट जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशा मुक्त झारखंड के संकल्प के तहत सभी उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई और कहा कि केवल शपथ लेना पर्याप्त नहीं, इसे व्यवहार में भी लाना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को मुख्य धारा से जोड़ना है। सभी गांवों को अपने निकटवर्ती प्रखंड कार्यालय में ही सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके।




**अटल क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन**

इस अवसर पर न्यायमूर्ति ने पिपरा टोली, सहयोग विलेज खूंटी स्थित ओल्ड एज होम में अटल क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन किया तथा वर्चुअल माध्यम से वहां रह रहे वृद्धजनों से संवाद किया। उन्होंने सिविल सर्जन को क्लिनिक में नियमित चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि कोई भी नागरिक न्याय से वंचित न रहे, यही हमारी प्राथमिकता है।


**न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी, सिमडेगा**

10,034
12/6/25

**शपथ-पत्र**

सीएफ नं0: -10034

मैं, इम्तियाज अहमद उम्र 54 वर्ष पिता स्व० अहमद अली, निवास ग्राम भट्टीटोली, पोस्ट-सिमडेगा, थाना- सिमडेगा, जिला सिमडेगा, झारखण्ड सशपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि :-
मेरे दो पुत्र है बड़ा पुत्र का नाम एहतेशाम अहमद है, तथा छोटे पुत्र का नाम हस्सान अहमद है। यह कि मेरा बड़ा पुत्र एहतेशाम अहमद शादी शुदा है तथा उसकी पत्नी इफ्तिशाम नाज है, यह कि मेरा पुत्र एहतेशाम अहमद शादी के बाद हमेशा घर में चोरी करता है तथा माँ का जेवर भी चोरी कर लिया है। यह कि मेरा बड़ा पुत्र और पुत्र वधु हमेशा मुझसे और मेरी पत्नी से पैसे के लिए लड़ाई-झगड़ा करते है और पैसे के लिए हमलोगों को गाली-गलौज भी करते है। यह कि मैं अपने बड़े पुत्र एहतेशाम अहमद एवं उसकी पत्नी इफ्तिशाम नाज से अपना सारा संबंध खत्म करता हूँ, तथा आज के बाद से मेरा एवं मेरी पत्नी शकीरा तब्बसुम का किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहेगा, साथ ही साथ मैं अपने पुत्र एहतेशाम अहमद और अपनी पुत्र वधु इफ्तिशाम नाज को अपने चल और अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ, तथा भविष्य में भी वे मेरे किसी मकान दूकान या सम्पति में दावा नहीं करेगें। यह कि समस्त कथन मेरे ज्ञान एवं विश्वास में सही है।

हलफनामा- मैं इम्तियाज अहमद पिता स्व० अहमद अली, निवास ग्राम भट्टीटोली, पोस्ट-सिमडेगा, थाना- सिमडेगा, जिला सिमडेगा यह हलफनामा तसदीक करता हूँ कि उपरोक्त लिखी गई समस्त कथन मेरे ज्ञान एवं विश्वास में पुरी तरह से सही है।

प्रार्थी जो, श्री भूषण सिंह अधिवक्ता, सिमडेगा के द्वारा पहचान किए गए है, ने मेरे समक्ष उपस्थित होकर इस शपथ पत्र की सत्यता की पुष्टि किए है।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी सिमडेगा।**



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा**
**सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सिमडेगा**
**(जिला बाल संरक्षण इकाई, सिमडेगा।)**
Email/dcpssimdega@gmail.com

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य दिशा–निर्देशिका में उल्लेखित प्रायोजन (Sponsorship) एवं पालन–पोषण(Foster care) योजना अन्तर्गत देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों को इस योजना से लाभान्वित करना है। बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए परिवार अत्यंत आवश्यक है। इस योजना के तहत बच्चों को शिक्षा, पोशण, चिकित्सा एवं विकास हेतु आर्थिक सहायता एवं परिवार विहीन बच्चों को अल्पकाल हेतु परिवार उपलब्ध कराना है। परिवार विहीन बच्चों के सम्पूर्ण विकास हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा पालन पोषण देख–रेख दिशा–निर्देश 2018 के आलोक में संचालित विभिन्न बालगृहों में रहने वाले 18 वर्ष तक के बच्चों को अल्पकाल हेतु परिवार से जोड़ने के लिए पालन–पोषण देखरेख (Foster care) योजना से लाभान्वित करना है। पालन–पोषण देखरेख प्रदान करने वाले परिवार के चयन हेतु अधिनियम की धारा 44 (2) के अन्तर्गत पालन–पोषण देखरेख प्रदान करने वाले परिवार का चयन परिवार की योग्यता, आशय, क्षमता एवं बच्चों की देखभाल करने के पूर्व अनुभव के आधार पर किया जायेगा, जिसमें निम्नलिखित मापदंडों पर विचार किया जाना है :–

1- पति–पत्नी दोनों का भारतीय नागरिक होना।
2- पति–पत्नी दोनों का बच्चें की पालन–पोषण देखरेख प्रदान करने के लिए इच्छुक होना।
3- पति–पत्नी दोनों की आयु का 35 वर्ष से अधिक होना तथा उनका शारीरिक, भावनात्मक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य होना।
4- आमतौर पर पालन–पोशण देखरेख प्रदान करने वाले परिवार की कोई आय होनी चाहिए, जिससे वे बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो।
5- एक परिसर में रहने वाले पालन–पोषण देखरेख प्रदान करने वाले परिवार के सदस्यों की चिकित्सीय रिपोर्ट प्राप्त की जानी चाहिए, जिनमें ह्यूमन इम्यूनोंडेफीसिएंसी वायरल (एच0आई0वी), तपेदिक (टी0बी) एवं हेपेटाइटिस बी, अन्य वंशानुगत रोग, कैंसर इत्यादि सम्मिलित है, ताकि उनके चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ्य होने को निर्धारित किया जा सके।
6- उपयुक्त जगह एवं आधारभूत सुविधाएं होनी चाहिए।
7- निर्धारित नियमों का पालन करना चाहिए, जिसमें डॉक्टर के नियमित दौरे, बच्चे के स्वास्थ्य का रख–रखाव एवं उसकी रिर्पोट सम्मिलित है।
8- जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा आयोजित पालन–पोषण देखरेख उन्मुखीकरण कार्यक्रमों में भाग लेना।
9- किसी प्रकार की अपराधिक दोशसिद्धि या अभियोग का नहीं होना चाहिए।
10-किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं किशोर न्याय नियम के अनुसार एक अकेले पुरूष को एक बालिका को पालन पोषण देखरेख के लिए केवल उसी स्थिति में दिया जायेगा, जब उनके बीच आयु का अन्तर 21 वर्ष से अधिक हो।
11-एक संगठन/गैर–सरकारी संगठन, जिसके द्वारा किसी बाल देखरेख संस्थान का संचालन किया जा रहा है, सामूहिक पालन–पोषण देखरेख सुविधा का संचालन नही कर सकेगा।

अतः सिमडेगा जिले के वैसे इच्छुक दम्पति/परिवार जो बच्चों को अल्प अवधि सहायता करने एवं जिले के बाल गृहों में रहने वाले 18 वर्ष तक के परिवार विहीन बच्चों को अल्प अवधि के लिए अपने परिवार में रखकर उनका पालन पोषण एवं देखरेख करना चाहते है, वे इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति, सिमडेगा के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

पता :– कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, सिमडेगा।
जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग 1st Floor सिमडेगा।
झारखण्ड, पिन – 835223
सम्पर्क संख्या :– 8969602518, 9999159827, 7321043179

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा। | सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, सिमडेगा। | उप विकास आयुक्त, सिमडेगा। | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 355074 Simdega(25-26).D

# मामला सरकारी है



अभी बिहार झारखंड के कस्बों और गांवों में हर जगह नए सरकारी भवन निर्माण का कामकाज चल रहा है। जहां जाइए, चाहे वह पथ निर्माण विभाग द्वारा संचालित हो, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हो या सरकारी स्कूल कालेज के भवन निर्माण विभाग का नाम हो, वहां आपको जीर्णोद्धार कार्य होता हुआ दिखाई देगा। हर जगह जेसीबी की बड़ी बड़ी मशीनें बस कुछ गड्ढे खोदते भरते नज़र आ जाएगीं। वैसे एक और बात गौरतलब है कि पुराने भवनों को ध्वस्त करने का कोई प्रावधान नहीं है। इस बाबत किसी ठेकेदार से या संबद्ध विभाग के किसी कर्मचारी से पूछो, तो जवाब मिलेगा कि सरकारी मामला है जनाब, ऊपर की बात है।



डॉ आकांक्षा चौधरी

वैसे भी विभागों के पास इतनी संपत्ति है, इतनी जमीनें हैं तो उसका हो भी क्या! सही तो है कि नए भवनों का निर्माण हो रहा है। पुराने भवन तो ऐसी जीर्ण अवस्था में दिखते हैं कि यदि उसे कोई दुधमुंहा बच्चा अपनी कनिष्ठ उंगली से छू दे, तो भरभरा कर ढह जाए। पर, फिर भी यह सवाल उसी स्थान पर तटस्थ भाव से खड़ा है कि नए भवनों के निर्माण आदेश के साथ पुराने भवनों के ध्वस्त होने का आदेश निर्गत नहीं होता है क्या? पुराने भवन ज्यों के त्यों मुंह बाए खड़े भन्ना रहें हैं। उनमें शाम के बाद हर तरह के निशाचर प्राणी पाए जाते हैं। कोई पिल्ला बारिश में भींग कर उनमें शरण लेता है, कभी कोई भटकता सांढ या भटकती गाय ठहर जाती है। इन जीवों की रहने दें तो कुछ और मानव प्रजाति के भटकते जीव वहां अपना ठौर ठिकाना जमा लेते हैं। कुछ तो भांति भांति के व्यसन और कुकर्म का अड्डा ही बना लेते हैं इन भवनों को।

देखिए, यदि पुराने भवनों का जीर्णोद्धार किया जाए, तो नवनिर्माण से आधे से कम लागत में काम निपट जाएगा। पर, फिर अमुक मंत्री के चाचाजी के साले साहब को नव भवन निर्माण का टेंडर कैसे मिलता! और तो और सीमेंट कंपनी से मंत्री, संतरी, सीनियर, जूनियर इंजीनियर, विभाग का क्लर्क, मंत्री जी का भतीजा, उनके ड्राइवर, चपरासी आदि सबका बंधा हुआ हिस्सा उन्हें कैसे नसीब होता?


अरे भई, समझिए मामला सरकारी है! यदि कभी किसी स्थान पर बंटवारे में गड़बड़ी हुई, तो फिर पूरा टेंडर ही कैंसल। प्रक्रिया फिर से शुरू। देखिए, सरकारी मामला है पूरी पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। बेइमानी नहीं होनी चाहिए। जिसका जितना प्रतिशत बंधा हुआ रेट है, उतना मिलेगा। उससे बढ़कर मिल सकता है, पर रेट घटेगा नहीं।

निश्चिन्त रहें, यदि मामला अवैध तालाब, नदी भराव का है, अवैध खनन का है या अवैध तरीके से टेंडर जारी होने का, तो समझिए काम सही चल रहा है। यदि किसी रोड बनने में बालू, गारे या तारकोल का गबन नहीं हुआ, तो मतलब ऊपर से नीचे लाइन में कहीं कुछ लिंक मिसिंग है। उस लिंक को ज्यादा शेयर की सप्लाई चाहिए। तो अब सरकारी मामले में टांग क्यों अड़ाना? आप नए भवन, सड़क, अस्पताल को देखकर एंजॉय किजिए, ख्वामखाह पुराने भवन की तरफ़ उंगली क्यों कर रहे हैं!!

# पिता के 'आलोक' से हुआ जीवन ज्योतिर्मय



आलोक तुलस्यान



हम सबकी जीवन यात्रा में माता पिता का आशीर्वाद और सहयोग सर्वाधिक होता है। बच्चों के लिए माता पिता धरती पर जीवंत भगवान का स्वरूप होते हैं। मेरी जीवनयात्रा में भी मेरे पिता स्वर्गीय दामोदर प्रसाद तुलस्यान का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रायः पिता का प्रेम,उनका ममत्व ,परिवार रूपी नेह नीड़ के लिए उनका मूक समर्पण, और जीवन प्रबंधन की उनकी छोटी बड़ी सीखें अनदेखी रह जाती हैं। बहुत कम लोग महसूस करते हैं कि प्रत्येक पिता के भीतर एक माँ होती है जो बिना प्रतिदान की इच्छा के परिवार को संघर्ष के तूफ़ानों के बीच उसी प्रकार संभालती है जिस प्रकार ओजोन की परत धरती के नाज़ुक हृदय को सूरज की पराबैंगनी किरणों से संभालती है। मेरा मानना है कि पिता से धन से अधिक मूल्यवान जो धन मिलता है वह चरित्र की पूँजी, आचरण की प्रेरणा और विचार की अनमोल विरासत होती है ।सब कुछ इन्हीं से मिलता है। मुझे भी मेरे पिता ने आचरण का महनीय पाठ पढ़ाया जिसने जीवन के झंझावातों में सदैव मेरी सुरक्षा की है, पथ पर पाथेय की तरह मुझे ऊर्जा दी है। पिता के चारित्रिक आलोक ने इस आलोक का जीवन ज्योतिर्मय कर दिया। पिता जी से पहला सबक मेरे लिए यह था कि दिनचर्या में सजगता और आत्मानुशासन होना चाहिए। वे कहते थे कि बिना अनुशासन के महान लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सकते। सुबह सुबह हम दोनों बगीचे की सैर करते थे। प्रकृति की आनंदमय पाठशाला में बाबूजी मुझे जीवन के सबक पढ़ाते थे। थोड़ा बड़ा हुआ तो बाबूजी ने मुझे छोटे छोटे पारिवारिक और सामाजिक उत्तरदायित्व सौंपने प्रारंभ कर दिए। मुझे समाज और जीवन से परिचित कराने का यह उनका अनूठा तरीका था ताकि मैं जीवन में संबंधों की महिमा और जिम्मेदारियों के भार का मूल्य जान सकूँ। युवावस्था में अपनी पढ़ाई के लिए मुझे कलकत्ता( अब कोलकाता) में निवास करना पड़ा। यहाँ उनकी उपस्थिति मुझे सुंदर लिखावट वाले उनके पत्रों के रूप में मिलती थी। उनके पत्र मुझे सामर्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा से भर देते थे वैसे ही जैसे निबिड़ अंधकार को अरुणोदय आलोक से भर देता है। व्यवहार की तरलता, व्यक्तित्व की सरलता, कर्म की निष्ठा और विचार की श्रेष्ठता - ये सब कुछ मुझे पिता जी से ही प्राप्त हुआ। वे प्रतिदिन रामायण की चौपाई का पाठ करते थे। गीताप्रेस से प्रकाशित 'तत्वविवेचनी गीता' की एक प्रति मुझे देकर उन्होंने मेरा परिचय इस अनूठे ग्रंथ रत्न से करवाया। इस तरह धार्मिकता और आध्यात्मिकता का संस्कार बीजरूप में मुझे अपने पिता से ही मिला। बासठ वर्ष की अल्पायु में मेरे पिता ने शरीर त्याग दिया। यह मेरे पूरे परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति थी लेकिन यहाँ भी भगवान की ओर से एक मार्गदर्शक की व्यवस्था थी। भगवान ने मेरे ससुर श्री सोहन लाल गाडोदिया के रूप में पितृछाया का आशीर्वाद मेरे ऊपर बनाये रखा। धीरे धीरे वे ही मेरे लिए पितृछाया बन गए। वे मुझे 'आलोक बाबू' कहकर बुलाते थे। ससुर जी के मार्गदर्शन ने मेरी प्रगति के रथ को विस्तार दिया। उन्होंने हमेशा इस बात का ध्यान रखा कि मैं अपनी माताजी को समय दूँ, उनके पास बैठूँ और उन्हें धन आदि के उपहार दूँ। वे कहते थे पति की छाया से वंचित होने पर स्त्री असहाय हो जाती है। बहुत सूक्ष्म दृष्टि ही ऐसा देख सकती है। माँ के पास बैठने का अर्थ उनके न रहने पर अब ज़्यादा अच्छे से समझ आता है। एक बात जब मेरी माताजी ने पितृ देवताओं की स्मृति में भागवत कथा करवाने का सुझाव दिया तो मेरे पितातुल्य ससुर ने मुझे इस कथा को अविलंब प्रारंभ करने का सुझाव दिया। जीवन के राजपथ पर सदैव ससुर जी की जामवंत जागृति ने मुझे संवारा और संभाला है। आज लौकिक रूप से दोनों पिताओं की भौतिक उपस्थिति आस- पास नहीं है लेकिन पितृछाया का स्नेह और आशीर्वाद मुझे अनवरत अनुभव होता है।

## बेवजह की वजह न बनाया करो



पूनम शर्मा स्नेहिल

बेवजह की वजह न बनाया करो।
दिल को दिल से यू हीं मत लड़ाया करो।।
बात से बात बनती है जग में सदा।
आस के दीप को बस जलाया करो।
बात करनी है दिल की करो शौख से।
बात ही बात में मत रुलाया करो।।
बात की बात है बात
में बात हो।
बात करके हमें मत
सताया करो।।
बात से याद की हर
कड़ी है जुड़ी।
छल न बातों में अपने
युँ लाया करो।।
जग में रूठे अगर कोई भी तो यहां।
बात ही बात में फिर मनाया करो।।
बात ही बात में बन रही दूरियां।
खार बातों में अपनी न लाया करो।।
बात करने से ही दिल के रास्ते खुले।
बात में जख्म दे के न जाया करो।।
बात में आस हो थोड़ा विश्वास हो।
बात में तुम मधु-रस मिलाया करो।।
दिल है नाजुक बड़ा हर किसी का यहां।
दे उसे चोट मत तुम रुलाया करो।।
बात से जिंदगी है बने ये हंसी ।
बात बातों में मरहम लगाया करो।।
रख अधर पर हंसी बाटना तुम खुशी।
दिलनशी की तरह मुस्कुराया करो।।

## पितृ आशीष



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

पितृ सर्व मिले आशीष, रख
पावन मर्म तू।
मिलता सब आशीर्वाद, कर
सार्थक कर्म तू ।।
मधु बोल रखे जो पास, दुनिया
तब मान दे।
पितृ प्यार सदा है खास, सुत
साधन ध्यान दे ।।
पितृ से सपने
साकार, स्व प्रयास
रखें सदा।
मिलता उसमें
आकार, बढ़
जीवन में तदा ।।
पितृ जीवन के
मुस्कान, मन
कोमल साथ में।
सबका रखते हैं ध्यान, सब
तात स्व हाथ में ।।
पितृ जीवन के सम्मान, मत
त्याग करो कभी।
कर प्रेम निराशा छोड़, सुविधा
तब दे सभी ॥

# घमंड का बक्सा फूटा लड्डू



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

पंडित रामबिलास दुबे जी का चाल-चलन वैसा था, जैसा किसी घड़ीसाज की दुकान में बंधी दीवार घड़ी का होता है-जो खुद चलती है पर दूसरों को रुकवा देती है। उनका चेहरा ऐसा जैसे व्रत वाली दादी का कटोरा-थोड़ा पीला, थोड़ा टेढ़ा, और अंदर से घमंड का हलवा लबालब। गाँव के चौपाल से लेकर सरकारी दफ्तर तक, उनकी हँसी गूंजती थी-"अरे हम जैसे लोग तो ज़ात के खंभे हैं, जो जिस दिन गिरेंगे, धरती हिल जाएगी।" लोग हँसते तो थे, लेकिन वो हँसी वैसी थी जैसे बिन नमक की खिचड़ी-खा तो ली पर रस कहाँ?

रामबिलास जी को अपनी योग्यता पर इतना भरोसा था कि यदि मथुरा से कोई बाबा भविष्यवाणी करे कि "अगले जन्म में आप बकरी बनेंगे," तो वो कह देते-"बकरी नहीं, कम से कम शेरनी बनाओ, इतनी योग्यता तो है।" उन्होंने कभी कोई नौकरी नहीं की, क्योंकि नौकरियाँ उन्हें छोटा बनाती थीं, और वो तो जन्मजात 'बड़ा' थे। अपने घर के सामने तख्ती टाँग रखी थी-"स्वघोषित विद्वान, परामर्श शुल्कः केवल सम्मान।"

उनका घमंड इतना चौड़ा था कि अगर सड़क पर फैल जाए तो जेसीबी भी रिवर्स ले ले। मोहल्ले के बच्चे तक उन्हें देख हँसते थे, पर वो सोचते-"मेरे व्यक्तित्व से प्रभावित हैं।" एक दिन भोर में एक बालक ने पूछा-"पंडितजी, आप कभी रोए हैं?" वो मुस्कराकर बोले-"हमने तो दूसरों को रुलाया है, खुद कहाँ रोए!" और वहीं कहीं ऊपर, बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। शायद ईश्वर भी हँसी में डूबा रो पड़ा।

वो दिन भी आया जब उनके पुत्र लल्लन ने आईआईटी निकाल ली। मोहल्ला गूंज उठा, पर रामबिलास जी की आँखें कह रही थीं-"मेरे जीन्स का कमाल है, वरना ये लड़का तो अमरूद चुराते पकड़ा गया था बचपन में।" उन्होंने तुरंत गेट पर नया बैनर लगाया-"आईआईटी पिता-रामबिलास दुबे जी।" मोहल्ले वाले हैरान-"अरे ये क्या टाइटल हुआ?" पर पंडितजी ने समझाया-"अब बेटा नहीं, ब्रांड बना है।" कुछ दिन बाद वही बेटा अमेरिका निकल गया, और रामबिलास जी का अहंकार सातवें आसमान पर। अब वो पान की दुकान पर जाकर कहते-"मसाले वाला पान देना, पर नथुनों से नीचे मत जाना, हमारी अमेरिका वाली नाक है!"

एक दिन गाँव में मेले की घोषणा हुई। रामबिलास जी को मंच संचालन का न्योता नहीं मिला। वो भड़क उठे जैसे कोई नटवरलाल को चेक बुक न दे। बोले-"ये अपमान नहीं, कला का क़त्ल है!" उन्होंने खुद ही माइक थाम लिया, जैसे जनता उनके शब्दों की गुलाम हो। बोले-"आपके सामने खड़ा हूँ, भारत का बुद्धि-गंगाजल!" और एक बच्चा पीछे से चिल्लाया-"तो फिर भैया बाल्टी कहाँ है?" और पूरा मैदान हँसी से गूंज उठा। पर रामबिलास जी मुस्कराते रहे-"बच्चे नासमझ हैं, विद्वता का स्वाद क्या जानें!"

धीरे-धीरे वो अकेले पड़ने लगे। मोहल्ले में नए पोस्टर लगे-"आईएएस मामा, सीए चाचा, एमबीए मौसी," पर उनके पोस्टर की स्याही सूख चुकी थी। बेटा भी अमेरिका में ग्रीन कार्ड से शादी कर बैठा, और महीने दो महीने में 'ओके' व्हाट्सएप करता। एक दिन पंडितजी ने कहा-"हमारी विद्वता ही तो है, जो सबने रास्ता पकड़ा।" एक बुज़ुर्ग बोला-"नहीं, आपकी नफ़ासत से सबने रास्ता बदल लिया।" पहली बार पंडितजी की मूँछें झुक गईं, जैसे बुढ़ापा भी शर्मिंदा हो।

घमंड का अंतिम चरण तब शुरू हुआ जब एक सरकारी योजना आई-"गाँव के बुजुर्गों को सम्मान।" नामांकन में उनका नाम नहीं था। उन्होंने खुद आवेदन दिया, प्रमाण भी जोड़े-"मुझे खुद पर गर्व है," "मैं खुद को ही गुरु मानता हूँ," "सभी ने मुझसे सीखा, चाहे मज़बूरी में सीखा हो।" अधिकारी ने हँसते हुए फ़ाइल अलग कर दी-"साहब, इनका आत्मसम्मान तो पहले ही हज़ार किलोमीटर लंबा है, सम्मान देंगे तो ब्रह्मांड चुक जाएगा!" पंडितजी चुपचाप घर लौटे। पहली बार वो आईने के सामने देर तक खड़े रहे-जैसे अतीत भी उनसे आँख चुरा रहा हो।

आखिरी दृश्य एक सरकारी दफ्तर में हुआ। किसी सामाजिक योजना में गाँव का नाम आया, और दिल्ली से अफसर आए। सभी पूर्व अध्यापक, समाजसेवी बुलाए गए, रामबिलास जी भी गए। मंच पर बैठे अफसर ने माइक उठाया-"किसी ने गाँव को आकार दिया?" और वहाँ बैठे बृद्ध बोला-"हाँ, दिया तो था, पर इतना झुककर नहीं कि बच्चा चढ़कर नाच जाए!" रामबिलास जी मुस्कराए नहीं, पहली बार पलकों में पानी था। मन ही मन बोले-"काश घमंड की जगह प्रेम बाँटा होता, तो आज ये मंच मेरा होता।"

शाम हुई, और रामबिलास जी लौटे उस घर में, जहाँ दीवारों पर अब भी पुराने कैलेंडर लटके थे-एक पर लिखा था-"संतोष सबसे बड़ा धन है।" उन्होंने धीरे से उस कैलेंडर को देखा, और कहा-"काश इसे पहले पढ़ लिया होता।" उसी रात दिल ने अंतिम हलचल की, और सुबह मोहल्ले में एक पोस्टर लगा-"पंडित रामबिलास दुबे जी स्वर्गवास।" नीचे लिखा था-"आईआईटी पिता नहीं, एक भटके हुए आत्मसम्मान के यात्री।" लोग आए, पर हँसी नहीं थी, आँखें नम थीं। और एक छोटा बच्चा जो कभी 'बाल्टी' कहकर हँसा था, बोला-"वो पंडितजी चले गए, पर उनके जैसे कोई हँसाया नहीं।"

***अंततः, घमंड गया, सम्मान बचा।***
***पर बहुत देर बाद, बहुत अकेले में।***

## फादर्स डे पर



सत्या सिन्हा

बाबुल............मैं तेरी ही बिटिया कहलाऊँ
अमरबेल-सी फैल गई है मेरी गृहस्थी, हर
कोने को बड़े ही करीने से सजाया है, कहने
को तो मालकिन
कहलाती, पर
जिम्मेदारी की
मकड़जाल में
खुद फँसकर रह
जाती।
तू भले ही
मुझे दूसरे की
अमानत समझे, पर मेरी हर गलतियों की तार
तुझ तक खींच लाती।
हुनर दिखाकर शाबाशी भले ही नहीं पाती,
पर गलती होने पर झट से बाबुल की
बिटिया कहलाती।
राजा जनक जब न दे सके बिटिया को वास,
तो बाबा कौन बताए बिटिया को खास ?
भूले-बिसरे किस्सों को संदूक में रख जाती,
पर बाबुल बार-बार मैं तेरी ही
बिटिया कहलाती।
विदा होते समय आँगन में छोड़ आई थी जो
नाम, अब नई पहचान से जानी जाऊँगी।
इस बात को मैं कब और कैसे झूठलाती ?
पर बाबुल बार-बार मैं तेरी ही
बिटिया कहलाती।
कमाकर जो कुछ भी लाऊँ, इस नये संसार में
लगाऊँ, तेरी दवा-पानी को पूछ लिया तो खुद
को कठघरे में खड़ा पाऊँ ?
वाद-विवाद में चुप रहूँ तो समझदार,
बोलूँ तो संस्कारों की टिप्पणी पाऊँ ?
पर बाबुल बार-बार मैं तेरी ही बिटिया कहलाऊँ।
कोई कुछ भी कहे, पर आज मैं सच्ची
बात बताऊँ?
तेरे दिए हुनरों से जिंदगी की रंगीन तस्वीर
बनाऊँ, कहकर नहीं, कुछ करके भी दिखाऊँ,
बाबा बार-बार मैं तेरी ही बिटिया कहलाऊँ।

काव्य कोना

## समानता में अंतर

उद्भावना रचनाशीलता की बात करना
उद्भावना के लिए भी उद्भव का ज्ञान होना
चाहिए।
भाषा और भाषा में अंतर की बात
सौहार्द और प्रेम की भाषा समान है।
मन में भाव हो तो भाव समझ आयेगी
भावविहीन को भाव कहाँ से आयेगा।
गरुड़ और गुरूर में गजब की समानता है
उड़ने की कला में दोनों माहिर हैं,
एक उड़ता है और जमीन पर आ जाता है,
दुसरा उड़ता है और उड़ता ही रहता,
बलात्, नहीं लाते जमीन पर जब तक।

नाग मणि

# बचपन और गर्मी की छुट्टियां



पद्मा मिश्रा

बीते हुए समय.में बचपन की प्यारी सुधियां, फिर याद आ रही हैं,गर्मी की छुट्टियां ।
ऊंचे पहाड़ों को हम छोड़कर चले थे,
अपने गृहनगर में बसाने अपनी दुनिया।
फिर याद आ रही हैं,गरमी की छुट्टियां ।

सचमुच सुदूर नैनीताल में स्कूल के दिन जितने निराले,यादगार होते थे उससे कहीं ज्यादा प्यारी लगती थी गर्मी की छुट्टियां,जिनका इंतजार रहता था हमें कि कब स्कूल बंद हों और हम.अपने गृहनगर बनारस की ओर चलें। परीक्षाओं के बाद ठीक 20 मई को मेरा स्कूल बंद होता और 7 जुलाई को खुला करता था। अब इतनी लंबी गर्मी की छुट्टिया हमे किसी मनपसंद त्योहार की तरह ही बहुत अच्छी लगती थीं। बनारस जाने का मतलब हम भाई बहनों के लिए नैनीताल की ठंडी वाले कोट, शाल, जूतों,कनटोपों से आजादी का भी प्रतीक होता था। नये कपडे खरीदे जाते,नयी खाने की चीजें बनती घर में और पिताजी सेब, आडू खुबानी की छोटी पेटियां भी खरीद लेते थे। ट्रेन से हम काशीपुर से मुरादाबाद फिर वहां से ट्रेन बदल कर बनारस। ट्रेन का नाम अब याद नहीं रहा। बनारस वाले घर में बाबा गांव के अपने बगीचे के लंगडे आम लाकर रखे रहते थे। रेवडी चिवडा, आम के अंचार से पूरा कमरा भरा रहता था। हमारी खुशी का ठिकाना नहीं होता था तब। आज जब हम विज्ञापन देखते हैं न कि मेहमानो का स्वागत पान पराग से करो, सचमुच तब याद आता था कि बच्चों का स्वागत लंगड़े आम से करो। यह कल्पना भी आज होठों पर हंसी ले आती है। बिना हाथ पांव धोये, यात्रा की। थकान मिटाये बिना हम तीनो आमों पर टूट पडते थे। शाम को सहेलियों से मिलना होता था, हम सब मिलकर मकान मालिक की आइसक्रीम फैक्ट्री से खूब आइसक्रीम खाते थे। मकान मालिक की बेटी दुर्गेश मेरी प्रिय सहेली थी इसलिए कोई रोकने टोकने वाला भी नहीं था। भोर होते ही पंचगंगा घाट जाना, स्नान कर पंडा जी से तिलक लगवाकर पक्के भक्त बने हम जब लौटते तो कचौडी गली में कचौड़ी जलेबी का नाश्ता आज भी बहुत याद आता है। आह, कितने प्यारे थे वो दिन ।इस बार हमारे प्रवास का आखिरी समय मेरे ननिहाल में बिताना था। छोटी-मौसी की शादी थी। पहली बार गांव की शादी में शामिल होना किसी उत्सव से कम नहीं था। मौसा जी एयरफोर्स में कार्यरत थे और बारात में सीधे अपनी ड्यूटी से ही आने वाले थे। नानाजी ने उनके स्वागत में चूने से पुती दीवारों पर चित्रकारी करने का काम हम बच्चो को सौंप दिया। हमने कमल का फूल, कलश, मोर बनाया, स्वागतम लिखा, जिसे देखकर अनगढ़ चित्रकारी की भी तारीफ मिली थी।

विवाह में एक ओर मौसा जी को हल्दी लगती तो दूसरी ओर मौसी को। एक बार इधर चुमावन तो फिर दूसरी तरफ। बहुत मजा आ रहा था। अंतत; छुट्टिया बीत गयीं, जैसे कोई प्यारा सपना देखते हुए अचानक आंखें खुल जाती हैं वैसी ही अनुभूति लेकर हम लौटते थे। लेकिन ढेर सारा आनंद, खुशी,उर्जा अपनी झोली में बाधकर। आज भी बच्चों की छुटटिया होती हैं पर उम्र के इस पड़ाव पर वो बचपन की खुशियां लौटकर कभी नहीं आयीं।

# कबीर का काव्य



रीना सिन्हा सलोनी

कबीर दास एक महान संत, कवि और समाज सुधारक थे इसलिए उन्हें संत कबीर दास भी कहा जाता है। कबीरदास का काव्य और विचार सामाजिक न्याय और समानता के संदेश को बढ़ावा देते हैं इसीलिए वो आज भी विभिन्न धर्मों के लोगों के लिए प्रासंगिक हैं. कबीर दास एक विधवा ब्राह्मणी के पुत्र थे और एक गरीब नीरू और नीमा नामक निःसंतान जुलाहे दंपति ने उनका पालन पोषण किया। ग़रीबी के कारण उनकी शिक्षा नहीं हो सकी फिर भी उनकी रचनाओं में जीवन की गहरी समझ , सूझबूझ और विविध भाव और रंग दिखते हैं।

मसि कागद छूयो नहीं, कलम गयो नहिं हाथ।

शिक्षित न होने के कारण कबीर दास ने अपने ग्रंथ स्वयं नहीं लिखे बल्कि उन्होंने उन्हें अपने मुँह से बोला और उनके शिष्यों ने उन्हें लिखा जो की बीजक नामक से संग्रहित है।

कबीर दास की कृतियाँ एक अद्भुत साहस से भरी थी। उनके काव्य में विभिन्न धर्मों और संप्रदायों की झलक दिखती है ।उस काल में जब हमारा समाज धर्म, कर्मकांड और पाखंड से भरा था तब कबीर दास जी ने इन सब चीजों का अपनी रचनाओं में खुल कर विरोध किया। उन्होंने असत्य, अंधविश्वास और कुरीतिओं को सिरे न सिर्फ़ नकारा बल्कि अपनी रचनाओं के माध्यम से उनका विरोध भी किया। उनकी रचनाएँ सरल शब्दों में और मर्म पर चोट करने वाली थीं। उन्हों बोलचाल की भाषा में ही अपनी बात कही जो इतनी सटीक थी की कड़वी होते हुए भी उनके आलोचकों का मुँह बंद करने में सक्षम थीं।

उन्होंने न सिर्फ़ हिंदू धर्म बल्कि मुस्लिम धर्म की कुरीतिओं पर भी चोट किया। हिंदू धर्म की मूर्ति पूजा का विरोध करते हुए वो एक साखी में कहते हैं -

पाहन पूजे हरि मिले, तो
मैं पुजौपहार।
था ते तो चाकी भली,
जासे पीसी खाय
संसार॥

अर्थात्, पत्थर पूजने से अगर भगवान मिल जाते तो मैं पहाड़ को पूजूँ और कर्म को प्रधानता देते हुए कहते हैं की इससे तो अच्छी पत्थर की चक्की है जिसको पीसने से कम से कम पेट भर ख़ाना मिलता है।

इसी प्रकार मुस्लिम धर्म पर चोट करते हुए लिखते है की

काँकर पाथर जोड़ के, मस्जिद लिया बनाए
ता चढ़ी मुल्ला बांग दे, बहरा हुआ खुदाए

मतलब पत्थर की ऊँची मस्जिद बना कर ऊपर बैठ कर चिल्लानें से क्या फ़ायदा , क्या खुद बहरा है, वो हमारी बात यूँ भी सुन सकता है।

इन सब दोहों और साखियों के कारण लोग उन्हें निर्गुण के उपासनाक मानने लगे थे। धर्म के अलावा समाज में फैले जात पात का विरोध करते हुए वो कहते हैं -

जाति न पूछो साधु
की, पूछ लीजिए
ज्ञान।
मोल करो तलवार
का, पड़ी रहन दो
म्यान।।

अर्थात व्यक्ति की योग्यता उसकी जात से नहीं बल्कि उसके ज्ञान से की जाती है ।

कबीर दास नें अपने काव्य में जीवन की बड़ी से बड़ी सीख कम शब्दों में दी है जो इतनी सटीक है की वो आज भी सार्थक है ।वाई कहते हैं-

निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटि छवाए
बिन साबुन बिन पानी के, निर्मल होत सुहाए

अर्थात् अगर कोई आपकी निंदा करता है तो वो आपकी ग़लतियाँ बता रहा है जिन्हें दूर कर आप अपनी छवि सुधार सकते हैं ।

कबीर दास जी ने जीवन के दर्शन पर भी लिखा है ।वो कहते हैं -

आय हैं सो जाएँगे, राजा रंक फकीर।एक
सिंहासन चढ़ी चले, एक बँधे जात जंजीर।।

इसका अर्थ है की जो इस जग में आया है उसका जाना निश्चित है चाहे वो राजा हो रंक या फ़क़ीर , फिर भी हम धन दौलत के पीछे भागते हैं।

अतः उनकी रचनाओं को देखते हुए यह पता चलता है की उनका व्यक्तित्व बिल्कुल मस्तमौला और सत्य कहने वाला था। उन्होंने अपनी कृतियों के माध्यम से समाज को जागृत करने और सुधारने की कोशिश की । उनकी यही सभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता रखने वाली छवि उन्हें सबसे अलग बनाती है। अपनी उदारवादी और व्यापक सोच के कारण से
कबीरदास ने अपने दोहों और पदों से समाज को एक नई दिशा दी है।
हिंदी साहित्य के महान कवि होने के साथ ही कबीर दास विद्दंत विचारक, भक्तिकाल के प्रमुख कवि और अच्छे समाज सुधारक थे जिन की काव्य कृतिया आज के समय में प्रासंगिक हैं।



संयोजक : नरेश अग्रवाल

## आज का दोहा

सोचो क्यों निष्फल हुए, जितने किए प्रयोग।
क्यों बदले माहौल में फिर से बदले लोग।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केदारनाथ के दर्शनार्थियों की संख्या 10 लाख के पार हुई

**एजेंसी। उत्तराखण्ड**

### केदारनाथ में श्रद्धालुओं की भीड़, दर्शन में लग रहा कम समय

दो मई को केदारनाथ के कपाट खुलेंगे इसके बाद अबतक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच कर दर्शन कर चुके है। लोगों की आस्था में किसी तरह की कमी नहीं देखने को मिल रही है। हर दिन हजारों की संख्या में भक्त केदारनाथ पहुंच रहे है। शाम की आरती में भी भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे है। अब गर्भगृह तक पहुंचने में भी लोगों को कम समय लग रहा है। व्यवस्था अच्छी होने से दर्शन करने का समय काफी कम हुआ है। बता दें कि इन दिनों मंदिर दिन-रात खुला हुआ है। भक्त लगातार बाबा के दर्शन करने पहुंच रहे है।

इस बार यात्रा में प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए टोकन सिस्टम लागू किया है, जिससे श्रद्धालुओं को कम समय में दर्शन का लाभ मिल रहा है। बाबा केदारनाथ के कपाट दो मई को आम श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे और तब से अब तक रिकॉर्ड संख्या में भक्त दर्शन कर चुके हैं।इन दिनों पवित्र केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जो अपनी आध्यात्मिक भावनाओं को व्यक्त करने के लिए यहां आ रहे हैं। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए पहुंच चुके हैं। हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु चुनौतीपूर्ण पहाड़ी रास्ते को पार कर बाबा केदारनाथ के चरणों में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। शाम की आरती में धाम में हजारों श्रद्धालु एक साथ आते हैं, जिससे मंदिर परिसर भक्ति और दिव्यता से भर जाता है। हर तरफ हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है।



● मंदिर में आरती के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी

इस बार यात्रा में प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए टोकन सिस्टम लागू किया है, जिससे श्रद्धालुओं को कम समय में दर्शन का लाभ मिल रहा है। बाबा केदारनाथ के कपाट दो मई को आम श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे और तब से अब तक रिकॉर्ड संख्या में भक्त दर्शन कर चुके हैं। इस समय केदारनाथ धाम में मौसम की भी कई कठिनाइयां देखने को मिल रही है। इसके बाद भी केदारनाथ में भारी भीड़ हो रही है। प्रशासन ने पैदल मार्ग, टेंट, स्वास्थ्य व सुरक्षा संबंधित सुविधाओं को बेहतर बनाया है। इससे हर श्रद्धालु को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

# अयोध्या बनेगा स्मार्ट और सुरक्षित शहर, लगेंगे 1000 सीसीटीवी कैमरे

**एजेंसी। अयोध्या**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में भगवान राम की नगरी अयोध्या को स्मार्ट और सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अयोध्या नगर निगम ने योगी सरकार की स्मार्ट सिटी पहल के तहत एक महत्वाकांक्षी मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके अंतर्गत इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर (आईसीसीसी) स्थापित किया जाएगा। योगी सरकार के नियोजन विभाग ने इस योजना को मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। इस परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपए की लागत से अयोध्या और फैजाबाद में एक हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस विभाग के सहयोग से शहर के संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। योगी सरकार की इस पहल के तहत सिविल लाइंस में नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के संयुक्त कार्यालय में एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। यह कंट्रोल रूम न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि शहर की विभिन्न समस्याओं जैसे जलभराव, खराब स्ट्रीट लाइट्स और पेयजल संकट की त्वरित मॉनिटरिंग और समाधान में भी सहायक होगा।

## सपा विधायक व उनके परिजनों की 23 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क

**एजेंसी। आजमगढ़**



उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक और पूर्व सांसद रमाकांत यादव और उनके परिजनों की 23 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत कुर्क कर ली। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रमाकांत यादव पर आरोप है कि उन्होंने कथित तौर पर अपराध के जरिए स्वयं और परिजनों के नाम यह संपत्ति अर्जित की। अधिकारियों के मुताबिक कथित बाहुबली विधायक रमाकांत यादव के खिलाफ आज आजमगढ़ में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश पर जिले की पुलिस और प्रशासन ने कुर्की की एक बड़ी कार्रवाई की। जिला प्रशासन ने अपराध जगत से अवैध तरीके से अर्जित 23 करोड़ 42 लाख 81 हज़ार 400 रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया। यादव जिले में एक जहरीली शराब कांड मामले में आरोपी है तथा फतेहगढ़ जेल में बंद हैं। आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र में फरवरी 2022 में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हुई थी और कई लोग गंभीर रूप से बीमार हुए थे।

## मणिपुर में बड़ी कार्रवाई: 328 बंदूकें10 ग्रेनेड और 7 डेटोनेटर बरामद

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाकर भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर मणिपुर पुलिस, केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीएपीएफ), भारतीय सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने घाटी के पांच जिलों के बाहरी इलाकों में एक साथ छापेमारी की। इस अभियान में कुल 328 हथियार बरामद किए गए, जिनमें 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी-5 गन और कई अन्य घातक हथियार शामिल हैं। इसके अलावा, सुरक्षा बलों को 10 ग्रेनेड, 7 डेटोनेटर, लैथोड बम और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस (एसएलआर, इंसास, एके, .303) के साथ मैगज़ीन भी मिली हैं। मणिपुर पुलिस के एडीजीपी ने बताया कि 13-14 जून की रात को शुरू किए गए तलाशी अभियान में पांच जिलों के बाहरी इलाकों से यह हथियार बरामद किए गए हैं। बरामद हथियारों में एक एसएलआर, 5 राइफल, मोर्टार, और फ्लेयर गन जैसी उन्नत तकनीक के हथियार और उपकरण शामिल हैं, जो इस गुप्त शस्त्रागार की गंभीरता और खतरनाक प्रकृति को दर्शाते हैं।

पुलिस ने इस सफलता को राज्य में कानून-व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच मजबूत समन्वय के चलते यह अभियान सफल हो सका।

# एयर इंडिया हादसे की जांच को लेकर हाई लेवल कमेटी गठित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार ने एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 की दुर्घटना की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है।यह फ्लाइट अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे जा रही थी, जो 12 जून को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई।इस विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा। दुर्घटना में 241 लोगों की जान चली गई, जो हाल के वर्षों में सबसे बड़े हवाई दुर्घटनाओं में से एक है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि समिति दुर्घटना के पीछे के कारणों का पता लगाएगी और जांचेगी कि क्या गलत हुआ। समिति मौजूदा सुरक्षा नियमों की समीक्षा भी करेगी और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नए तरीके सुझाएगी। समिति विभिन्न एजेंसियों द्वारा चल रही अन्य जांचों की जगह नहीं लेगी, बल्कि नीतियों और सुरक्षा दिशानिर्देशों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।इस उच्च स्तरीय टीम का नेतृत्व केंद्रीय गृह सचिव करेंगे। इसमें नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय वायु सेना, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।



● केंद्रीय गृह सचिव करेंगे, सदस्य विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी
● गुजरात सरकार, पुलिस, आपदा प्राधिकरण, फोरेंसिक विशेषज्ञ भी शामिल

गुजरात सरकार, अहमदाबाद पुलिस, आपदा प्रतिक्रिया प्राधिकरण और फोरेंसिक साइंस के विशेषज्ञ भी इस टीम का हिस्सा होंगे। जरूरत पड़ने पर पैनल में अतिरिक्त विमानन विशेषज्ञ, कानूनी सलाहकार या जांचकर्ता शामिल किए जा सकते हैं। समिति के पास उड़ान डेटा, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग, विमान रखरखाव लॉग, एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) लॉग और गवाहों के बयान जैसे महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच होगी। यह समिति दुर्घटना स्थल का दौरा भी करेगी और इसमें शामिल लोगों से बात करेगी, जिसमें क्रू मेंबर्स, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और रेस्क्यू टीम शामिल हैं।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना के भयावह दृश्य, फोरेंसिक की टीम जुटी जांच में

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर प्रत्यक्षदर्शी आकाश पटनी ने कहा कि वह मंजर बहुत ही भयावह था, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। शनिवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान प्रत्यक्षदर्शी आकाश पटनी ने कहा, “गुजरात हाउसिंग बोर्ड के एक नंबर ब्लॉक में रहता हूं। जो घटना हुई है उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। वो एक भयानक मंजर था। मैं उस दिन घर पर था। कपड़े उतारने के लिए पत्नी के साथ छत पर गया था। इस दौरान हमने देखा कि एक प्लेन हमारी तरफ आ रहा है। हमारा शरीर कांपने लगा। प्लेन सबसे पहले एक पेड़ से टकराया। इसके बाद हॉस्टल की बिल्डिंग पर गिरा। चारों तरफ फैले धुएं के कारण हमें कुछ देर के लिए दिखना तक बंद हो गया था। जैसे-तैसे हम छत से नीचे की ओर आए। धमाका इतना जोरदार था कि आस-पास की बिल्डिंग में रहने वाले लोग भी घर से बाहर एक सुरक्षित जगह पर जमा हुए।” पटनी ने उस मेस की भी बात की जिस पर विमान गिरा था। बोले, “रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान हम भी वहां गए थे। खाने की प्लेट में खाना वैसा का वैसा ही था। इसके बाद लोगों ने यह समझा कि छात्र खाना ही खाने वाले थे। लेकिन, खाना खाने से पहले यह भयावह हादसा हो गया।”अहमदाबाद विमान हादसे में शनिवार को घटना स्थल पर एनडीआरएफ, सीआईएसएफ और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, “फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में कई अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें विशेष रूप से गुजरात के फोरेंसिक वैज्ञानिकों की टीम पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो पिछले दो रातों से बिना आराम किए दिन-रात अथक परिश्रम कर रहे हैं ताकि परिवारों के लिए डीएनए मिलान में तेजी लाई जा सके। राज्य के प्रयासों के अलावा, भारत सरकार द्वारा भी बड़ी संख्या में फोरेंसिक विशेषज्ञों को सहायता के लिए भेजा गया है।



● भयानक मंजर

## नीट यूजी-2025 रिजल्ट आउट होने से पहले फर्जीवाड़े का भंडाफोड़

**एजेंसी। मुंबई**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट यूजी 2025 के उम्मीदवारों को ठगने की साजिश रचने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों से संबंध होने का झूठा दावा कर उम्मीदवारों और उनके अभिभावकों से मोटी रकम वसूलने की कोशिश की। सीबीआई ने 9 जून को मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। आरोपियों ने दावा किया कि वे नीट यूजी 2025 के स्कोर में हेरफेर कर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने प्रति उम्मीदवार 90 लाख रुपये की मांग की, जिसे बाद में बातचीत के बाद 87.5 लाख रुपये तक कम कर लिया। उन्होंने अभिभावकों को यह भी आश्वासन दिया कि परिणाम की आधिकारिक घोषणा से छह घंटे पहले बढ़े हुए अंकों का विवरण दे देंगे। सीबीआई को सूचना मिली कि एक आरोपी मुंबई के परेल स्थित होटल आईटीसी ग्रैंड सेंट्रल में अभिभावकों से मिल रहा था। जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी सोलापुर का रहने वाला है, जबकि दूसरा आरोपी नवी मुंबई में एक प्रवेश परामर्श फर्म चलाता है। इनका एक अन्य व्यक्ति से भी संपर्क था, जो पुणे में ऐसी ही कंसल्टेंसी संचालित करता है।




● सीबीआई ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

## लालू अपमानित करने वाले नेता, लोकतंत्र में ‘राजा’ बनने की कोशिश कर रहे : भाजपा

**एजेंसी। पटना**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन के अवसर पर भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर उनके पैरों के पास रखे जाने को लेकर बयानबाजियों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा के साथ जदयू इस मामले को लेकर राजद पर हमलावर है। इस घटना पर भाजपा के नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लालू यादव अपमानित करने वाले ही नेता हैं। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि लालू यादव इस लोकतंत्र में जिस तरह से राजा बनने का प्रयास कर रहे हैं, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, “बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को जिस तरह से अपमानित करने का काम किया गया, वह लोकतंत्र के लिए काला अध्याय है।”बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस मामले पर कहा, “लालू यादव आपराधिक मानसिकता वाले हैं। वे आर्थिक अपराधी ही नहीं, सामाजिक अपराध के भी पोषक रहे हैं। वह नरसंहार के नायक रहे हैं। ऐसी मानसिकता वाले लोगों का सामाजिक न्याय के प्रणेता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के साथ व्यवहार दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।” उन्होंने कहा कि वह बिहार को बदनाम करने वाले लोग हैं।

## विमान के पिछले हिस्से से एयर होस्टेस का शव मिला



**अहमदाबाद।** हादसे के तीसरे दिन शनिवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त विमान के पिछले हिस्से से एक एअर होस्टेस का शव मिला है। दुर्घटनाग्रस्त विमान जिस हॉस्टल की छत से टकराया, हादसे के समय वहां मौजूद रहे 4 एमबीबीएस छात्रों की मौत की पुष्टि भी हुई है। हादसे के शिकार लोगों के शवों की पहचान के बाद परिजनों को सौंपे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शवों की पहचान के लिए परिजनों से डीएनए सैंपल लिए जाने में भी काफी तेजी आई है। विमान हादसा स्थल पर राहत कार्य तीसरे दिन भी जारी है। इसके लिए काफी संख्या में राहतकर्मियों की टीम मौके पर लगातार काम कर रही है। इस दौरान आज सुबह अहमदाबाद फायर ब्रिगेड की टीम ने बचाव उपकरणों की मदद से क्षतिग्रस्त विमान के पिछले हिस्से का मलबा काट कर एक युवती का शव बरामद किया, जिसके एयर होस्टेस होने का अनुमान है। हॉस्टल की छत पर क्षतिग्रस्त विमान का हिस्सा गिरने से उस समय वहां मौजूद 4 एमबीबीएस छात्रों की मौत की पुष्टि हो गई है।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना में किसान के बेटे और एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के छात्र की मौत

मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के एक किसान का बेटा आर्यन राजपूत डॉक्टर बनने की पढ़ाई कर रहा था, लेकिन बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 19 वर्षीय आर्यन की मौत हो गई। आर्यन राजपूत उन लोगों में शामिल था, जिनकी मौत बी जे मेडिकल कॉलेज और सिविल अस्पताल के परिसर में हुई, जब लंदन जाने वाला बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना ने पीटीआई- को बताया कि आर्यन का पार्थिव शरीर शुक्रवार देर रात ग्वालियर पहुंचेगा। जिग्सावली गांव के रहने वाला आर्यन राजपूत अहमदाबाद के कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र था और कॉलेज के छात्रावास में रहता था। जिग्सावली गांव के सरपंच पंकज राजपूत ने बताया कि उनके पिता रमेश सिंह राजपूत किसान हैं। उन्होंने बताया कि आर्यन 31 मई को घर जाने के बाद हाल ही में छात्रावास लौटा था।

### अहमदाबाद और वडोदरा के कॉफिन मेकर ताबूतों का ऑर्डर मिलने पर भावुक हो गये

**अहमदाबाद।** नियति भी कैसे कैसे खेल खेलती है। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद कई ऐसी कहानियां सामने आ रही हैं जो लोगों के मन में गहरा असर छोड़ जा रही हैं। वडोदरा के एक ताबूत निर्माता को एअर इंडिया ने जब 100 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया तो उसे समझ नहीं आया कि इतना बड़ा ऑर्डर मिलने पर खुश होये या दिल को दहलाने वाली मानवीय त्रासदी के चलते गम में ही डूबा रहे। वडोदरा के कॉफिन मेकर अरनेश रजवाड़ी ने मीडिया को बताया कि एअर इंडिया के एक मैनेजर का फोन आया कि अरनेश भाई जल्दी से 100 ताबूत चाहिए इसलिए हमारे सारे कारीगर काम पर जुट गये। वहीं अहमदाबाद में सिविल अस्पताल के बाहर जब 47 वर्षीय निलेश वाघेला अपने ट्रक में 20 ताबूत लेकर पहुँचे तो उन्होंने कहा कि लोग सीमाओं और वीज़ा की बातें करते हैं। लेकिन ताबूत पासपोर्ट नहीं माँगते। मौत में सब एक जैसे दिखते हैं। निलेश ने बताया कि वह रोज़ 7 ताबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि AI-171 विमान दुर्घटना के चलते 274 लोगों की मृत्यु हुई इसलिए उन्हें अचानक 100 ताबूतों का ऑर्डर मिला तो उन्हें समझ नहीं आया कि मांग कैसे पूरी करें। उन्होंने कहा कि मेरे पास पहले से ही 50 से ज़्यादा तैयार ताबूत स्टॉक में थे। इसलिए काम थोड़ा आसान हो गया। उन्होंने बताया कि मैं अक्सर मृतकों के पार्थिव शरीर विदेश, जैसे लंदन, अमेरिका, भेजने में मदद करता हूँ। लेकिन इस बार कुछ अलग महसूस हो रहा है।

## रातोंरात 38 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार, सीएम हिमंता ने दी जानकारी

**एजेंसी। गुवाहाटी**



असम के मुस्लिम बहुल धुबरी में हनुमान मंदिर को अपवित्र करने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने जबरदस्त एक्शन लेते हुए 38 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार सुबह खुद इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया साइट “एक्स” पोस्ट में लिखा, “धुबरी प्रतिबंधित मांस कांड में रात भर में 38 लोग गिरफ्तार। धुबरी में बकरीद के अगले दिन कुछ लोगों ने कथित तौर पर हनुमान मंदिर के सामने गो मांस रखा था। इसके बाद दोनों समुदायों के लोगों ने बैठक की, शांति समिति ने भी चर्चा की और मामला सुलझ गया। हालांकि अगले दिन परिसर में ये फिर दोहराया गया, जिससे धुबरी में तनाव की स्थिति पैदा हुई। अशांति फैलाने के लिए कथित तौर पर पथराव किया गया। धुबरी को बांग्लादेश का हिस्सा बताने वाले पोस्टर भी चिपकाए गए थे। इस घटना के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शूट एंड साइट का ऑर्डर दिया था। मुख्यमंत्री ने धुबरी जिले में सांप्रदायिक शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के लिए “देखते ही गोली मारने” का आदेश जारी किया। शुक्रवार को धुबरी का दौरा करने वाले हिमंता ने कहा, “मैंने पुलिस को निर्देश दिया है कि धुबरी जिले में सांप्रदायिक शांति और सद्भाव को बनाए रखने में कोई भी गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन :** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग।

**मकर :** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से इ्क्षचता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**इतिहास का मोड़** ऐतिहासिक है 15 जून 1947 का दिन, जब एक सपना दो टुकड़ों में बंट गया था

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने दी थी देश के बंटवारे को मंजूरी

● भारत और पाकिस्तान के रूप में दो अलग राष्ट्रों के गठन का प्रस्ताव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ठीक 78 साल पहले 15 जून 1947 को भारत के इतिहास में एक ऐसा दिन दर्ज हुआ, जिसने न केवल देश की भौगोलिक सीमाओं को बदला, बल्कि लाखों लोगों की जिंदगियों को हमेशा के लिए प्रभावित किया। यह वह दिन था, जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने ऐतिहासिक अधिवेशन में ब्रिटिश शासन की माउंटबेटन योजना के तहत भारत के बंटवारे को मंजूरी दी। यह फैसला न केवल एक राजनीतिक निर्णय था, बल्कि यह उस दर्द का प्रतीक बन गया, जिसने भारत और पाकिस्तान के रूप में दो नए राष्ट्रों को जन्म दिया।कांग्रेस के उस अधिवेशन में माहौल गंभीर था। नेताओं के बीच गहन विचार-विमर्श हुआ। गांधी जी, जो बंटवारे के सख्त खिलाफ थे, उन्होंने इसे “देश का विच्छेद” कहा।लेकिन सांप्रदायिक तनाव, खासकर पंजाब और बंगाल में बढ़ती हिंसा ने कांग्रेस को यह कठोर निर्णय लेने के लिए मजबूर किया। मुस्लिम लीग, जिसका नेतृत्व मोहम्मद अली जिन्ना कर रहे थे, अलग राष्ट्र की मांग पर अडिग थी। ऐसे में कांग्रेस ने यह मान लिया कि बंटवारा ही एकमात्र रास्ता है, जो देश को और रक्तपात से बचा सकता है।



### आजादी के साथ बंटवारे का दर्द

1947 का वह दौर आजादी की आस का समय था। ब्रिटिश शासन अपने अंतिम पड़ाव पर था और भारत की आजादी का सपना साकार होने वाला था। लेकिन इस आजादी की कीमत थी देश का विभाजन। ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन की ओर से प्रस्तावित माउंटबेटन योजना में भारत को दो हिस्सों, भारत और पाकिस्तान, में बांटने की बात कही गई थी। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे नेताओं के सामने एक कठिन विकल्प था या तो बंटवारे को स्वीकार करें, या देश को और लंबे समय तक सांप्रदायिक हिंसा और अस्थिरता में झोंक दें।

इस फैसले के बाद भारत की आजादी की तारीख 15 अगस्त 1947 तय की गई। लेकिन बंटवारे की यह मंजूरी केवल कागजों पर एक निर्णय नहीं थी। इसके परिणामस्वरूप लाखों लोग बेघर हुए, हजारों ने अपनी जान गंवाई और सांप्रदायिक दंगों ने देश के कई हिस्सों को झकझोर दिया। पंजाब और बंगाल जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पलायन हुआ, जिसने इतिहास की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदियों में से एक को जन्म दिया। आज जब हम इस ऐतिहासिक घटना को याद करते हैं तो यह हमें उन बलिदानों की याद दिलाता है, जिन्होंने आज के भारत को आकार दिया।

## शूटिंग विश्व कप

# आर्य-अर्जुन ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक




**म्यूनिख (आईएएनएस)।** आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने शनिवार को आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। नॉर्वे के जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने यूएसए के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी पर 16-14 से मामूली जीत के बाद कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाजों ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और चीनी जोड़ी को चुनौती देने का कोई मौका नहीं दिया। बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मैच में अपना स्थान सुरक्षित किया था, जो वांग और शेंग के 635.9 से थोड़ा पीछे था - यह एक ऐसा अंक है जो क्वालिफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड भी है। क्वालिफिकेशन में बाबूता ने 317.7 का स्कोर बनाया, जबकि बोरसे ने 317.5 का स्कोर बनाकर मजबूत प्रदर्शन किया। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे।

# केरला ब्लास्टर्स ने गोलकीपर अर्श अनवर शेख के साथ तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट किया

**कोच्चि (आईएएनएस)।** केरला ब्लास्टर्स ने युवा गोलकीपर अर्श अनवर शेख के साथ तीन साल का करार किया है।




अनवर शेख 2028 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। अर्श को देश के सबसे होनहार गोलकीपर्स में से एक माना जाता है। वह मोहन बागान सुपर जायंट से ब्लास्टर्स में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने टीम में खास जगह बनाई और इंडियन सुपर लीग, डूरंड कप, सुपर कप और एएफसी कप सहित प्रतिष्ठित घरेलू और महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं में शानदार अनुभव हासिल किया। छत्तीसगढ़ में जन्मे अर्श ने भारतीय फुटबॉल में अपनी खास पहचान बनाई है। उन्हें मजबूत सजगता, दबाव में संयम और अपने शानदार डिफेंस के लिए जाना जाता है। माना जा रहा है कि अर्श अनवर शेख ब्लास्टर्स सेटअप में एक आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी मानसिकता लेकर आ सकते हैं। केरला ब्लास्टर्स से जुड़ने के बाद अर्श ने कहा, "मैं केरला ब्लास्टर्स एफसी से जुड़कर बहुत खुश हूं। यह क्लब ऐसी जगह से है, जहां फुटबॉल को बहुत प्यार किया जाता है। मैंने हमेशा देखा है कि फैंस कितने भावुक हैं। मैं अपने करियर के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यहां मेरे लिए सीखने, अनुभव हासिल करने और एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने के लिए सही माहौल है।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड चैंपियन

# ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता




**एजेंसी । लंदन**

साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के द लॉर्ड्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी।

वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नॉटआउट रहे। ऐडन मार्करम प्लेयर ऑफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया था। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी।



टेस्ट की गदा के साथ साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा और उनकी बेटी

## एमएलसी 2025

# रोमांचक मुकाबले में टेक्सास सुपर किंग्स ने बाजी मारी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

टेक्सास सुपर किंग्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के दूसरे मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ तीन रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ टेक्सास ने अपने नए सीजन की शुरुआत शानदार तरीके से की है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी टेक्सास सुपर किंग्स ने 20 ओवरों में छह विकेट गंवाकर 185 रन बनाए। टेक्सास के लिए डेवोन कॉनवे ने 44 गेंदों में सर्वाधिक 65 रन जड़े। उनकी इस पारी में पांच छक्के और दो चौके शामिल रहे। कॉनवे के अलावा केल्विन सैवेज ने 34 गेंदों में नाबाद 53 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें चार छक्के और दो चौके शामिल रहे। इन दोनों बल्लेबाजों के दम पर टीम ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। विपक्षी टीम की ओर से माइकल ब्रेसवेल ने दो विकेट चटकाए, जबकि एहसान आदिल, नवीन-उल-हक और सनी पटेल के नाम एक-एक विकेट रहा।

# मॉडलिंग के कई ऑफर ठुकरा चुकी हैं टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



टेबल टेनिस जगत में भारत को खास पहचान दिलाने में मनिका बत्रा का बड़ा रोल रहा है। 15 जून 1995 को दिल्ली में जन्मी मनिका तीन भाई-बहन में सबसे छोटी हैं। तीन बार की ओलंपियन मनिका दिल्ली के नारायणा विहार की रहने वाली हैं। उनके पिता का नाम गिरीश बत्रा और मां का नाम सुषमा बत्रा है। बड़ी बहन आंचल और बड़े भाई साहिल को टेनिस खेलता देखकर मनिका को भी इस खेल में रुचि जागी। उन्होंने महज चार साल की उम्र में ही टेबल टेनिस खेलना शुरू कर दिया था। इतनी छोटी-सी उम्र में मनिका की स्किल्स बेहद शानदार थी।

# खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे कोलाज ग्रुप और मद्रास क्रिकेट क्लब

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

50वें गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजी.) का खिताबी मुकाबला कोलाज ग्रुप और मद्रास क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। सेंट स्टीफंस क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में कोलाज ग्रुप और दिल्ली चैलेंजर के बीच मुकाबला हुआ। दिल्ली चैलेंजर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय कोलाज ग्रुप के बल्लेबाजों की विस्फोटक पारी के आगे गलत साबित हुआ। अंकित कुमार ने टूर्नामेंट की सबसे शानदार पारियों में से एक खेलते हुए केवल 39 गेंदों पर नाबाद 117 रन (5 चौके, 14 छक्के) बनाए। उनका साथ दिया समर्थ सेठ ने, जिन्होंने 34 गेंदों में 56 रन (10 चौके, 1 छक्का) की तेजतर्रार पारी खेली। इन दोनों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत कोलाज ग्रुप ने टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर 257/8 (20 ओवर) बनाया।दिल्ली चैलेंजर की ओर से प्रशांत चौधरी ने सबसे




बढ़िया गेंदबाजी की और 4 विकेट 33 रन देकर हासिल किए। जवाब में दिल्ली चैलेंजर ने बड़े लक्ष्य का पीछा करने की पूरी कोशिश की। कप्तान ललित यादव ने मोर्चा संभालते हुए 33 गेंदों में 63 रन (6 चौके, 3 छक्के) बनाए।उनका साथ दिया गौरव गौर ने, जिन्होंने 24 गेंदों में 54 रन (6 चौके, 3 छक्के) बनाये। प्रियम गर्ग ने 11 गेंदों में 29 रन (2 चौके, 3 छक्के) और प्रशांत चौधरी ने 11 गेंदों में 28 रन (4 छक्के) बनाए।

## दिल्ली जीएम ओपन


### अभिजीत गुप्ता ने चौथा खिताब जीतकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट (दिल्ली जीएम ओपन) 2025 के निर्विवाद चैंपियन बनकर उभरे। उन्होंने 10 में से 8.5 अंक हासिल कर एशिया के सबसे प्रतिष्ठित ओपन शतरंज इवेंट में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीता। 36 वर्षीय गुप्ता ने 10 राउंड में अजेय रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बेलारूसी जीएम मिहेल निकितेंको पर राउंड 9 में उनकी निर्णायक जीत ने उन्हें बढ़त दिलाई और आईएम अरोण्यक घोष के खिलाफ अंतिम राउंड में ड्रॉ ने उन्हें सीधे खिताब पर पहुंचा दिया।निकितेंको (2520, बेलारूस) 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने भारतीय जीएम दिप्तयान घोष (2573) को टाईब्रेक में पछाड़ दिया।

# एमसीसी ने बाउंड्री कैच नियम बदला

**लंदन (आईएएनएस)**

बिग बैश लीग में मैट रेनशॉ, माइकल नीसर और टॉम बैंटम के बाउंड्री पर लिए गए कैच अब इस महीने के अंत से वैध नहीं रहेंगे। अपडेट किए गए नियम के अनुसार, जिसे इस महीने आईसीसी की खेल स्थितियों में और फिर अक्टूबर 2026 में एमसीसी के नियमों में शामिल किया जाएगा। यानि हवा में उड़ने वाला क्षेत्ररक्षक सीमा से परे गेंद को केवल एक बार छू सकता है और कैच को सही करार दिए जाने के लिए उसे मैदान के अंदर वापस आना होगा। नेसर द्वारा किया गया "बनी हॉप" - सीमा के बाहर हवा में उड़ने के दौरान दूसरे संपर्क के रूप में गेंद को हथेली से ऊपर उठाना और साथ ही मैदान के अंदर फेंकना अब वैध नहीं होगा। बीबीएल 2023 के दौरान, ब्रिसबेन हीट के लिए खेल रहे नेसर सिडनी



सिक्सर्स के जॉर्डन सिल्क की ओर से लॉन्ग ऑफ पर लगाए गए एक लॉफ्टेड ड्राइव का पीछा कर रहे थे। नेसर ने गेंद को दोनों हाथों से पकड़ा लेकिन उनकी गति ने उन्हें रस्सी के पार पहुंचा दिया। बाउंड्री नियम के अनुसार, नेसर ने शुरुआत में हवा में गेंद को उछाला, बाउंड्री के बाहर उतरे, फिर से कूदे और कैच को पूरा करने के लिए मैदान में वापस कूदने से पहले दोनों पैरों को हवा में रखते हुए गेंद को वापस मैदान में ले गए। सिल्क को आउट करार दिया गया और वह अपना सिर हिलाते हुए वापस चले गए। नेसर ने कहा था कि वह साथी हीट खिलाड़ी रेनशॉ द्वारा गाबा में बीबीएल 2020 के दौरान होबार्ट हरिकेंस के मैथ्यू वेड के कैच को पकड़ने के प्रयास से प्रेरित थे। वेड के लॉफ्टेड स्ट्रोक का जवाब देते हुए रेनशॉ अपने बाएं ओर वाइड लॉन्ग ऑन की ओर भागे और गेंद को सीमा रेखा के अंदर पकड़ लिया। फिर वह अपना संतुलन खो बैठे और रस्सी के ऊपर से कूद गए लेकिन इससे पहले उन्होंने उस गेंद को ऊपर उछाल दिया। यह महसूस करते हुए कि गेंद सीमा रेखा के बाहर गिरेगी, उन्होंने गेंद को वापस खेल में लाने के लिए फिर से छलांग लगाई ताकि बैंटन कैच पूरा कर सके।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# हमारी अर्थव्यवस्था विश्वास-आधारित शासन के साथ नई ऊंचाइयों को छू सकती है : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत पिछले 11 वर्षों में स्ट्रक्चरल सुधारों ने भारत के व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे को नया आकार दिया है।

वित्त मंत्री ने एक मीडिया आर्टिकल में लिखा कि भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना कई अनुकूल कारकों पर आधारित है। साथ ही यह अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों जैसे बैंकों, कॉरपोरेट्स, परिवारों, सरकार और एक्सटर्नल सेक्टर की बैलेंस शीट को मजबूत करने के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। वित्त मंत्री सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "पिछले 11 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का 'ट्विन डेफिसिट प्रॉब्लम से फाइव-बैलेंस शीट लाभ' तक परिवर्तन पीएम मोदी के नेतृत्व में ठोस नीतिगत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि "जब हम 2014 में सत्ता में आए तो हमारी सबसे पहली प्राथमिकता विकास को पुनर्जीवित करना था। जीएसटी, आईबीसी, आरईआरए और महामारी के वर्षों के दौरान, पीएलआई योजना और ईसीएलजीएस जैसे संरचनात्मक सुधार पेश किए गए, ताकि क्रेडिट-योग्य एमएसएमई को कोरोना से उबरने में मदद मिल सके। वित्त मंत्री ने अपने आर्टिकल में बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में पूंजी निवेश जीडीपी के 1.7 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 3.2 प्रतिशत हो गया। 11 वर्षों में, 88 हवाई अड्डों का संचालन किया गया, 31,000 किलोमीटर रेल पटरियां बिछाई गईं, मेट्रो नेटवर्क का चार गुना से अधिक विस्तार किया गया, बंदरगाह की क्षमता दोगुनी हो गई और राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई 60 प्रतिशत बढ़ गई।

वित्त मंत्री ने अपने आर्टिकल में भारत की गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण प्रगति को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने विश्व बैंक के लेटेस्ट आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने पिछले दशक में अपनी अत्यधिक गरीबी दर को कम करने में प्रगति की है और देश में अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 में 27.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत दर्ज की गई है। वित्त मंत्री के अनुसार, यूपीआई द्वारा शुरू की गई डिजिटल भुगतान क्रांति से लेकर मुद्रा ऋण द्वारा प्रकट उद्यमशीलता की लालसा तक, पिछले 11 वर्षों ने दिखाया है कि जब हम विश्वास-आधारित शासन को नियामक बोझ में कमी और सार्वजनिक वस्तुओं के विस्तार के साथ जोड़ते हैं तो हमारी अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों को छू सकती है।



*पिछले 11 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का 'ट्विन डेफिसिट प्रॉब्लम से फाइव-बैलेंस शीट लाभ' तक परिवर्तन पीएम मोदी के नेतृत्व में ठोस नीतिगत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि "जब हम 2014 में सत्ता में आए तो हमारी सबसे पहली प्राथमिकता विकास को पुनर्जीवित करना था।*

### लगातार 35वें महीने मासिक शिकायत निपटान 1 लाख के पार: केंद्र

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मई महीने में केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा कुल 1,24,101 शिकायतों का निवारण किया गया और लगातार 35वें महीने केंद्रीय सचिवालय में निपटान 1 लाख के पार हो गया। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के अनुसार, 1 से 31 मई तक केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों में शिकायतों के निपटान में औसत समय 16 दिन था। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) की मई की मासिक रिपोर्ट में लोक शिकायतों के प्रकार और श्रेणियों तथा निपटान की प्रकृति का विस्तृत विश्लेषण दिया गया है।



# राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को 2025 में 5.41 लाख शिकायतें मिलीं, 23% दक्षिणी राज्यों से : निधि खरे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को 2025 में 5.41 लाख शिकायतें मिलीं, जिनमें से 23 प्रतिशत शिकायतें दक्षिणी राज्यों से थीं, जो मजबूत क्षेत्रीय जुड़ाव को दर्शाता है। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग ने उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए चेन्नई में 'दक्षिणी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में उपभोक्ता संरक्षण' पर एक क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए खरे ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज 28.54 लाख शिकायत के मामलों में से केवल 5.62 लाख मामले पेंडिंग हैं, जबकि दक्षिणी राज्यों में यह संख्या केवल 13.34 प्रतिशत है। उन्होंने




दक्षिणी राज्यों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि कर्नाटक और केरल आयोगों ने दर्ज मामलों से अधिक मामलों का निपटारा किया है और कई जिला आयोगों ने लगातार तीन वर्षों में 100 प्रतिशत से अधिक डिस्पोजल रेट हासिल किया है। इसके अलावा, वर्चुअल कोर्ट के माध्यम से 11,900 से अधिक मामलों की सुनवाई की गई। अपने मुख्य भाषण में खरे ने इस बात पर जोर दिया कि डिजिटल युग में अनुकूलनीय कानूनी और डिजिटल तंत्र की आवश्यकता है। उन्होंने राइट टू रिपेयर पोर्टल, ई-जागृति और राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को मजबूत बनाने जैसी पहलों के महत्व को रेखांकित किया, जो मुकदमे से पहले के चरण में उपभोक्ता शिकायतों के निवारण का त्वरित और परेशानी मुक्त तरीका है। उन्होंने एआई-पावर्ड यूनिफाइड प्लेटफॉर्म ई-जागृति को लेकर कहा कि इसमें ई-दाखिल और कॉन्फोनेट जैसी प्रमुख प्रणालियों का इंटीग्रेशन किया गया है, जो चैटबॉट-बेस्ड रजिस्ट्रेशन, बहुभाषी पहुंच और कानूनी पेशेवरों और दिव्यांग यूजर्स के लिए सहायता जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, खरे ने डार्क पैटर्न, फर्जी समीक्षा और भ्रामक विज्ञापनों पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा उठाए गए नियामक कदमों पर भी प्रकाश डाला।

# विदेशी निवेशकों ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में 3,346 करोड़ रुपए से अधिक का किया निवेश

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा ब्याज दरों में कटौती के बाद निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ और इसी के साथ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में 3,346.94 करोड़ रुपए का निवेश किया। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई सप्ताह के पहले तीन कारोबारी सत्रों, 9 जून से 13 जून के दौरान भारतीय इक्विटी बाजार में सक्रिय खरीदार रहे। बाजार में सकारात्मक माहौल मुख्य रूप से आरबीआई द्वारा रेपो दर को 50 आधार अंकों से घटाकर 5.5 प्रतिशत करने के फैसले से जुड़ा था, जिसे कई लोगों ने आर्थिक विकास को समर्थन देने और बाजार में लिक्विडिटी में सुधार के स्पष्ट संकेत के रूप में देखा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि ब्याज दरों में इस आश्चर्यजनक कटौती ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने में बड़ी भूमिका निभाई है, क्योंकि यह केंद्रीय बैंक के विकास समर्थक दृष्टिकोण को दर्शाता है। 6 जून को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के निर्णय का निवेशकों ने स्वागत किया है। निवेशकों ने इसे अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कॉर्पोरेट आय में सुधार के लिए समय पर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम माना। एक ओर जहां वैश्विक कारक बाजार की गतिविधियों को प्रभावित करना जारी रखते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत अपनी मजबूत बुनियादी बातों, नीति समर्थन और बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है।



### एसबीआई का होम लोन 0.50% सस्ता हुआ

- अब 7.50% इंटरेस्ट पर मिलेगा कर्ज, यहां समझें ईएमआई कितनी कम हो जाएगी

**मुंबई ।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने लोन की ब्याज दरों में 0.50% की कटौती की है। इस कटौती के बाद SBI से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो गया है। अब SBI की होम लोन की ब्याज दर सालाना 7.50% से शुरू होंगी। आरबीआई ने हाल ही में रेपो रेट को 6.00% से घटाकर 5.50% किया है। जिसके बाद बैंकों ने भी एफडी और लोन की ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है।

## बोलेरो ने मोपेड सवार को मारी टक्कर, मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के लूटी गांव में एक अज्ञात बोलेरो ने एक मोपेड सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में मोपेड सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी शिनाख्त हेरहंज प्रखंड के आराहरा ग्राम निवासी आजाद खान (45) के रूप में की गयी है। घटना शनिवार की सुबह तकरीबन साढ़े सात बजे की है। जानकारी के अनुसार आजाद खान अपने मोपेड से आराहरा से लातेहार की ओर आ रहे थे। इसी दौरान लूटी गांव के पास एक अज्ञात बोलेरो ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गयी. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आजाद खान के परिजनों को इसकी सूचना दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, लातेहार लाया गया।

## नशा मुक्त समाज निर्माण बड़ी चुनौती : गांव-गांव में फल फूल रहा है नशा का कारोबार

**मोहम्मदगंज।** नशा की आदत से युवा ही नहीं हर वय के लोग ग्रसित हो रहे हैं। जो भले ही कुछ सीमा तक ही क्यों न सीमित हों। मगर, अब देखने वाली बात होगी कि इसके विरूद्ध आया नया कानून इसकी रोकथाम में कितना कारगर साबित होता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि गांव-गांव में खासकर, मादक पदार्थ और अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री होती है। जिसका कुप्रभाव गरीब तबका को पूर्ण रूप से गर्त में डाल रही है। विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थ युवाओं को आसानी से मिल भी रहे हैं, बताया जाता है। एक सर्वेक्षण में पाया गया कि नशे के आदी में 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। नशे की लत के चलते ऐसे युवा न केवल शारीरिक रूप से बीमार हो रहे हैं, बल्कि अपराध की दुनिया में भी कदम रख रहे हैं। नशे के कारण उनका स्वास्थ्य तेजी से गिर रहा है, जिससे वे कई प्रकार की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। नशे की लत न केवल व्यक्तिगत बल्कि परिवारिक जीवन और समाज को भी प्रभावित कर रही है। संपूर्ण नशाबंदी के बाद गांव-गांव में फैला अवैध शराब व मादक पदार्थ का उत्पादन व कारोबार लोगों का कहना है कि जिस प्रकार बिहार में शराब और मादक पदार्थ को प्रतिबंधित करने के बाद अन्य राज्यों से इसकी तस्करी और होम डिलेवरी की बातें सामने आती हैं, उसी प्रकार 1977 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की पहल पर पूरे देश में शराब बंदी लागू होने के बाद से महुआ से बनी कच्ची शराब के उत्पादन और कारोबार ने कुटीर उद्योग का रूप धारण कर लिया है।

## फोर्थ ग्रेड बहाली में स्थानीयता को प्राथमिकता दे जिला प्रशासन: अमित

**पलामू।** पलामू जिला प्रशासन की ओर से चतुर्थ वर्गीय पदों के लिए निकाले गए नियुक्ति विज्ञापन में दसवीं में प्राप्त अंकों को आधार बनाकर मेरिट लिस्ट बनाने पर पलामू के छात्रों ने शनिवार को कड़ा विरोध जताया है। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, महामंत्री ज्योति पांडेय, श्वेतांक गर्ग, श्रवण गुप्ता गुप्ता, राकेश पांडेय ने छात्रों के मांग को जायज ठहराते हुए छात्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही। छात्रों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि चतुर्थ वर्गीय बहाली प्रक्रिया में केवल दसवीं के अंकों से मेरिट ना बनाकर परीक्षा लेकर नियुक्ति प्रक्रिया को संपन्न कराया जाए। छात्रों में यह भी मांग की है कि इस बहाली में स्थानीयता को अधिक से अधिक प्राथमिकता मिले, जिससे जिले के छात्रों को नौकरी मिल सके। भाजपा अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के नौजवानों के साथ धोखा कर रही है। नौजवानों को झांसा देकर सत्ता पाकर हेमंत सरकार नौजवानों के हितों को भूल चुकी है। एक ओर सरकार प्राइवेट कंपनियों में स्थानीयता को प्राथमिकता देने की बात कहती है। वहीं दूसरी ओर पलामू जैसे अति पिछड़े जिले में फर्स्ट ग्रेड की बहाली में ओपन का जो का खेल खेल रही है। सरकार के जरिये क्षेत्रीय भाषा के नाम पर पलामू में कुडूख और नागपुरी भाषा को क्षत्रिय भाषा का दर्जा देकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के साथ भी छलावा किया है। महामंत्री ज्योति पांडे ने कहा कि छात्रों की मांग जायज है। जिला प्रशासन को नियुक्ति विज्ञापन पर विचार करने की आवश्यकता है नहीं तो भाजपा के जरिये आंदोलन किया जाएगा। मौके पर छात्रों ने समाहरणालय परिसर में फोर्थ ग्रेड नियुक्ति विज्ञापन की प्रति को जलाकर अपना रोष प्रकट किया।

## पलामू में चतुर्थवर्गीय पदों पर विज्ञापन का विरोध

**पलामू।** पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के भर्ती विज्ञापन का विरोध शुरू हो गया है। युवा जिलास्तर पर बहाली करने, विज्ञापन में सुधार, परीक्षा आयोजन, सिलेबस निर्धारण एवं स्थानीय अभ्यर्थियों को पूर्ण प्राथमिकता देने की मांग कर रहे हैं। इस सिलसिले में शनिवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इधर, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बर्खास्त जिले के 251 अनुसेवकों ने समायोजित करने की मांग की है। इन अनुसेवकों ने 16 जून को रैली निकाल कर प्रदर्शन और फिर धरना देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री का भी घेराव करने की बात कही। शनिवार को बर्खास्त अनुसेवकों ने भी उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। युवाओं का नेतृत्व कर रहे सत्यनारायण शुक्ला ने ज्ञापन के माध्यम से चतुर्थवर्गीय कर्मचारी भर्ती विज्ञापन में कमियां गिनायी है। यह भी कहा है कि इससे स्थानीय अभ्यर्थियों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने पलामू से आने वाले युवाओं को पूर्ण वरीयता देने की मांग की है। यह भी कहा है कि वर्तमान विज्ञापन में अन्य जिलों के लोगों को भी आवेदन की अनुमति दी गयी है, जबकि यह नियुक्ति पलामू जिला अंतर्गत पदों के लिए है। यदि राज्य के अन्य 23 जिलों के अभ्यर्थियों को आवेदन की अनुमति दी जाती है, तो इससे पलामू के स्थानीय युवाओं का हक मारा जायेगा।

## कुशा नारायणपुर गांव में बंद घर से डेढ़ लाख रुपये संपत्ति की चोरी, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के कुशा नारायणपुर गांव निवासी अर्जुन विश्वास के बंद घर में दरवाजा तोड़कर चोरों ने नगदी, आभूषण, टीवी सेट,इनवेटर का बैट्री,वर्तन, गैस सिलेंडर समेत करीब डेढ़ लाख रुपए से अधिक की संपत्ति चुरा कर ले गये। इस संबंध में भुक्तभोगी ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में अर्जुन द्वारा कहा गया है कि मैं और मेरा पूरा परिवार दस दिन पूर्व पिता के इलाज कराने हेतु कोलकता गये थे। इसी का फायदा उठाकर 05 जून की रात में अज्ञात लोगों नें मेरे घर का दरवाजा तोड़कर सारा सामान ले गये। जैसे टीवी. सेट, आभूषण, इनवाईटर बैटरी, खाना बनाने का वर्तन, गैस सिलेन्डर, चूल्हा नगदी (5000) आभूषण लगभग एक लाख रूपये चुराकर कर ले गए। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर आग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। उधर भुक्तभोगी ने बताया कि वहां से आने के बाद थाना में आवेदन दिया है।

# सड़क दुर्घटना में महिला की हुई मौत, दो लोगा घायल





**लातेहार।** जिला मुख्यालय के करकट स्थित वनशक्ति होटल के सामने शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत घटनास्थल पर हो गई, जबकि दो लोग घालय है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। वहीं मृतक महिला की पहचान लालमनी देवी तरवाडीह पंचायत के मनकेरी के खैरा निवासी बताया जा रही है।साथ ही घायलों में अमेता देवी पति रामपृत उरांव और रामपृत उरांव पिता लक्ष्मण उरांव शामिल है। मृतक महिला का शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में चश्मदीदों ने बताया कि बाईक पर तीन लोग सवार थे जो होटवाग की ओर जा रहे थे, वे जैसे ही मोड़ के पास पहुंचे उधर से बस आता देख बाइक सवार अपना संतुलन खो दिया जिसके चलते महिला बाइक से गिर गई और ताज नामक बस की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गया।

### सरयू बाजार में नशा मुक्ति अभियान रैली का शुभारम्भ

# लोगों की समस्याओं को दूर करना हर पहली प्राथमिकता: उपायुक्त

- लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने को लेकर किया गया निर्देशित

नवीन मेल संवाददाता




लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा सरयू प्रखण्ड कादौरा किया गया इसी क्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय,उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सरयू,का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पीएम जनमन योजना एवं डीएमएफटी मद द्वारा निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इसी क्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता विद्यालय में उपस्थित बच्चों से मुखातिब हुये उन्होंने सभी क्लास रूम में भ्रमण कर छात्र छात्राओं से उनके पठन पाठन में आने वाले किसी भी तरह के समस्याओं को जानना चाहा। विद्यालय के किचन में जाके बनने वाले भोजन को देखा,आईसीटी लैब,साइंस लैब रूम, कंप्यूटर रूम,लाइब्रेरी, पेयजल एवं शौचालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में प्रत्येक वर्ग के समय सारणी नही होने पर नाराजगी जताई,उपायुक्त के द्वारा बच्चों के अनुपस्थिति पंजी देखी गई बहुत दिनों से अनुपस्थित छात्र छात्रओं का टोला-टैगिंग नही होने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री अनीस कुमार सिंह से कारण पूछा जिसका उनके द्वारा सन्तोषप्रद जवाब नही दिया गया,शिक्षा विभाग के एमआईएस समन्वयक से ई-विधा वाहिनी के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति निकालने का निर्देश दिया गया, विद्यालय के एसएलसी रजिस्टर में आय व्यय से संबंधित वित्तीय अनियमितता देखी गई जिसके बाद उपायुक्त के द्वारा नाराजगी जताते हुए विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। साथ ही साथ विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए स्कूल प्रबंधन व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा निर्माणाधीन प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का निरीक्षण किया गया जहाँ उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता से मूलभूत जानकारियां ली। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून तक व्यापक रूप से मादक पदार्थों के दुष्परिणाम एवं रोकथाम के लिए नशा मुक्ति अभियान रैली का शुभारंभ किया। एवं मादक द्रव्यों के रोकथाम के लिए सरयू बाजार में शपथ दिलवाया। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई,जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार,डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग,कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता, जेएसएलपीएस डीपीएम सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्साहित नजर आए बीडब्ल्यूसी

**मोहम्मदगंज।** स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के तहत कार्यरत ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर के रांची स्थित विश्वसरैया स्वच्छता एवं जल अकादमी (कांके) में आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रीति कुमारी दुबे ने किया। इसमें शामिल हैदरनगर व मोहम्मदगंज के ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर हरसु कुमार दयानिधि और प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि पहले चरण में आदित्यपुर, जमशेदपुर,धनबाद-1, धनबाद -2 ,गिरीडीह1-2, गुमला, हजारीबाग, दूसरे चरण दुमका1-2, जामताड़ा, खूंटी, कोडरमा, लातेहार, चाईबासा, चक्रधरपुर, साहेबगंज, रामगढ के अलावा अंतिम चरण में पलामू के 21, पाकुड़ 1, पूर्वी रांची 7,पश्चिम रांची 13, सरायकेला 9, लोहरदगा 7, गोड्डा 3 और चतरा के 3 बीडब्ल्यूसी ने प्रशिक्षण प्राप्त किए। प्रशिक्षण यूनिसेफ के प्रेमचंद, लक्ष्मीकांत शिंदे और शैलेश ने दिए। उन्होंने बताया कि उन्मुखीकरण प्राप्त कर सभी ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर उत्साहित नजर आए।

## काशीस्रोत डैम में पर्यटन के दृष्टिकोण से सौंदर्यीकरण का सपना अबतक पूरा नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** काशीस्रोत डैम से लक्ष्य के अनुरूप सिंचाई क्षमता का विस्तारीकरण और पर्यटन के दृष्टिकोण से सौंदर्यीकरण का सपना इसके निर्माण के दो दशक बाद भी पूरा नहीं किया जा सका है। गोड़ाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया पंचम खान के अनुसार अभी भी जमींदारी रमवां बाध की क्षमता के हिसाब से ही इस डैम से खेतों की सिंचाई संभव हो सका है। डैम वहीं बनाया गया है, जहां किसी जमाने में तब के जमींदार ने रमवां बाध बंधवा कर संबंधित इलाके को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने का काम किया था। बताया गया कि पहले 23 नवंबर 2003 में तत्कालीन सिंचाई मंत्री रामचंद्र केसरी और दूसरी बार 2013 में इसी विभाग की तत्कालीन मंत्री अन्नपूर्णा देवी के हाथों तब और अब के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने शिलान्यास कराकर इस डैम के विकास की दिशा में काफी हद तक काम कराने का प्रयास किया था। अब एक फिर वर्तमान में भी उनसे ही इस डैम से सिंचाई की क्षमता के विस्तारीकरण और पर्यटन के दृष्टिकोण से इसके सौंदर्यीकरण की उम्मीद जग गई है। क्योंकि विधायक ने इस डैम की सिंचाई क्षमता को बढाने के उद्देश्य से सोन नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने को लेकर विस में आवाज बुलंद किया भी है। इसकी घोषणा सार्वजनिक तौर पर भी हाल ही में कादल गांव में आयोजित सभा में की भी है। इससे पहले जिला पार्षद अंजू देवी की पहल पर पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से मंत्रिपरिषद ने पुनरीक्षित मद में 12.47 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की थी। मगर बताया जाता है कि इस राशि का उपयोग अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में कर दिया गया। इसकी पुष्टि सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने विभागीय अभियंता का हवाला देते हुए की है। जबकि इस डैम से दूरदराज के पंचपोखरी, डाली, माली, गजरही, भजनियां, बेगमपुरा, पटखौलिया, झरी, तेंदुआ सहित दो दर्जन से अधिक गांवों की भूमि सिंचित होने की बाट किसान अबतक जोह रहे हैं। वहीं, विभाग की टीम के सर्वेक्षण के करीब एक साल बाद भी पर्यटन के दृष्टिकोण से डैम स्थल के सौंदर्यीकरण की दिशा अबतक सकारात्मक पहल सामने नहीं आई है। जिसे लेकर युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया स्टेट कॉर्डिनेटर राहुल सिंह ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया था। बता दें कि पिकनिक टाइम पर भीमचूल्हा के साथ ही डैम स्थल पर भी सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ता है।

# स्वास्थ्य योजनाओं व योग दिवस की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता




**चतरा।** जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य, पोषण, अस्पताल प्रबंधन तथा आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार सहित सभी प्रखंडों के सीडीपीओ, स्वास्थ्य प्रबंधक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।
बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाएं सीधे आम जनता से संबंधित होती हैं, अतः इनके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन समितियों को सक्रिय कर नियमित बैठकें सुनिश्चित करने और सेवाओं की गुणवत्ता पर जोर दिया।
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 6 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। उपायुक्त ने आयुष विभाग को प्रचार-प्रसार तेज करने का निर्देश दिया।
कोरोना संक्रमण, वैक्सीनेशन, दवा और ऑक्सीजन की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण कार्यक्रमों, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और लिंग अनुपात से जुड़े सूचकों पर चर्चा हुई। जहां कुपोषण उपचार केंद्र कार्यरत हैं वहां दाल-भात केंद्र संचालित करने का निर्देश भी दिया गया।
उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना को गति देने हेतु 16 जून से प्रत्येक प्रखंड के दो पंचायतों में कैंप लगाने का आदेश दिया। सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग भी की जाएगी। उन्होंने सिविल सर्जन को प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य संकेतकों की समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।
अंत में उपायुक्त ने निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा अगली बैठक में करने की बात कही और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

## पेज एक के शेष

### दो करोड़ रुपए...

उसके पास से 10 करोड़ के अफीम और ब्राउन शुगर के साथ नकदी 23.60 लाख रुपए मिले थे। उसी की निशानदेही पर रौशन और रूबी पकड़े गए हैं। तेतरिया गांव निवासी रौशन कुमार दांगी उर्फ भगीरथ दांगी ने तस्करी में कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उसके साथ उनकी दोनों सालियां भी जेल भेजी गई हैं। एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि छापेमारी अभियान में एक एंड्रॉयड फोन, आसमानी ब्लू रंग का होंडा शाइन मोटरसाइकिल, अफीम से ब्राउन शुगर बनाने का एक लोहे की संरचना मिली है। उन्होंने बताया कि तस्करी का मास्टर माइंड रौशन एनडीपीएस एक्ट के मामले में वर्ष 2021 में जेल जा चुका है। उसने पुलिस को झारखंड में तस्करी का नेटवर्क की जानकारी दी। वह कहां से माल खरीदता था और किसके सहयोग से वह अफीम से ब्राउन शुगर तैयार करता था। ड्रग्स को कहां भेजता था। इस नेटवर्क का पता पुलिस के पास है। पुलिस उसके बयान की सत्यता के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस निरंतर कार्रवाई करेगी। तस्करी के धंधे से खड़ी की गई चल और चल संपत्ति को भी जब्त किया जाएगा।
छापेमारी अभियान में सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल, चतरा सदर एसडीपीओ संदीप कुमार, पुलिस उपाध्यक्ष वसीम रजा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### लोहरदगा में 30...

उर्फ रवि साहू की संलिप्तता की जानकारी दी। इस आधार पर राजा साहू के घर पर भी छापेमारी की गई, जहां से 3.5 किलोग्राम गांजा चूर्ण बरामद हुआ।
इस संबंध में बगडू थाना में कांड संख्या 14/25, दिनांक 13.06.2025, धारा 20(बी)(2)(सी)/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, राजा साहू के विरुद्ध लोहरदगा थाना में कांड संख्या 89/25, धारा 20(बी)(2)(ए)/32 एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल राजा साहू पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि इस कार्रवाई से नशा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है और जिले में इस तरह के अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और ऐसे अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। छापामारी टीम में वरीय पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार तिर्की, पुलिस निरीक्षक, किस्को संदीप रंजन, थाना प्रभारी, बगडू नरेश कुमार यादव, बृन्दा उरांव, लालजीत तुरी, रिचर्ड सोरेन, मरयानूस कुजूर, नीरज कुमार मिश्र (तकनीकी शाखा), निर्मल मार्शल मिंज, बुधराम सिंह गुंडा, भरत सिंह, राजीव मुखियार, लक्ष्मण उरांव, अनुज साहू, संजय गोप आदि शामिल थे।

### अवैध मादक पदार्थों...

अवैध नशे के कारोबारियों का कारोबार और रैकेट ध्वस्त कर आर्थिक चोट लगातार देनी होगी। इस अभियान में पुलिस प्रशासन के साथ जागरूक नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं को आगे जाकर भागीदारी निभानी होगी। लोहरदगा पुलिस अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान में जन भागीदारी की अपील करती है।

### खूंटी से 1.48...

सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को सूचित कर छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने बेड़ाहातु गांव के पास सड़क पर ट्रैक्टर को देख उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन ट्रैक्टर पर सवार दो व्यक्ति वाहन छोड़कर झाड़ियों की ओर कूद गए और अंधेरे तथा जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गए।
पुलिस की ओर से उन्हें पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। ट्रैक्टर के मालिक, चालक और अन्य अज्ञात लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। छापेमारी टीम में परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश कुमार, सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर किशुन दास, अड़की थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी, सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार तुरी, रोशन खाखा और अड़की थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### महेश कुमार ने...

नीट यूजी 2025 में पास होने वाले छात्र एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए होने वाली केंद्रीकृत काउंसलिंग में शामिल होने के योग्य होंगे। अखिल भारतीय कोटा (एआईक्यू) की काउंसलिंग मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) द्वारा करवाई जाएगी, जबकि राज्य सरकारें अपने-अपने राज्य की सीटों के लिए अलग से काउंसलिंग करेंगी। एनटीए ने 4 मई 2025 को 552 भारतीय शहरों और दुबई, दोहा, सिंगापुर और काठमांडू सहित 14 अंतरराष्ट्रीय स्थानों में 5,468 केंद्रों पर नीट यूजी 2025 की परीक्षा आयोजित की थी। इस साल मेडिकल प्रवेश परीक्षा में 22,09,318 उम्मीदवारों ने भाग लिया। एनटीए के अनुसार इस वर्ष 12.36 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए अर्हता प्राप्त की है। इसमें 5,14,063 पुरुष, 7,22,462 महिला और 6 थर्ड जेंडर सहित कुल 12,36,531 उम्मीदवार हैं। नीट यूजी 2025 परीक्षा में अभ्यर्थी की संख्या के अनुसार सबसे आगे उत्तर प्रदेश राज्य रहा, जहां 3,41,491 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे तथा 3,33,088 उपस्थित रहे एवं 1,70,684 क्वालिफाइड रहे। सबसे कम लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश रहा, जहां 260 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड थे तथा 236 उपस्थित रहे एवं 154 क्वालिफाइड रहे।
**महेश ने अनुशासन व लगन से हासिल किया शीर्ष स्थान :** राजस्थान के हनुमानगढ़ के रहने वाले महेश कुमार केसवानी ने 720 में से 686 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। सीकर के एक प्रसिद्ध करियर संस्थान में पिछले तीन साल से तैयारी कर रहे थे। अपनी मेहनत के बलबूते वे 4 मई को आयोजित इस परीक्षा में पूरे देश के 20 लाख से ज्यादा छात्रों में पहले स्थान पर आ पाए। महेश एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके माता-पिता दोनों सरकारी नौकरी में हैं। उनकी पढ़ाई की यात्रा मेहनत, अनुशासन और लगन से भरी रही है। उनकी इस सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार और गांव को गर्व महसूस कराया है, बल्कि यह सीकर के लिए भी एक और बड़ी उपलब्धि है।

### दर्दनाक दुर्घटना : अनगड़ा

वहां डॉक्टरों ने युवक और गीता को मृत घोषित कर दिया। घायल रेखा की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद तत्काल रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही अनगड़ा थाना की पुलिस भी अस्पताल पहुंची और हादसे की जानकारी ली। शुरुआती जांच में पता चला है कि तीनों शुक्रवार शाम को पिठोरिया चौक जाने की बात कहकर घर से निकले थे। भूसूर स्थित एक गार्डन घूमने गए थे। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है

### गुमला के चैनपुर...

हत्या और मारपीट का स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है। हालांकि, दबे स्वरों में ग्रामीण इस घटना का कारण अंधविश्वास या बलिराम की मानसिक स्थिति ठीक न होने की आशंका जता रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे बलिराम को ग्रामीणों ने घेरने का प्रयास किया। अपने आप को घिरा देखकर, वह गांव के ही एक कुएं में कूद गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कुएं को अपने कब्जे में ले लिया। हत्यारोपी बलिराम को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास खबर लिखे जाने तक जारी थी। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण सदमे में हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# ईरान-इजराइल के बीच हवाई संघर्ष तेज तेल अवीव और तेहरान में भीषण विस्फोट

**तेहरान (ईरान)/तेल अवीव (इजराइल) (हि.स.)**

इजराइल की सैन्य कार्रवाई से प्रतिशोध की आग में झुलस रहे ईरान के जवाबी हमले से स्थिति और विस्फोटक हो गई है। अब से कुछ देर पहले ईरान की राजधानी तेहरान और इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर भीषण विस्फोट हुए हैं। दोनों देशों ने मिसाइल और ड्रोन दागकर लोगों को थर्रा दिया।

अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की खबर के अनुसार, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने के कारण तेल अवीव और तेहरान में और भीषण विस्फोट हुए हैं। ऐसा लग रहा है कि ईरानी मिसाइलों ने यरुशलम में भारी तबाही मचाई है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने माना है कि ईरान की मिसाइलें इजराइल में गरजी हैं।



## ईरान दागेगा 1800 मिसाइलें, नेतन्याहू को सुरक्षित स्थान पर किया गया शिफ्ट



इजरायल के हमले के जवाब में ईरानी सेना ने तेल अवीव में तबाही मचाना शुरू कर दिया है। ईरान ने इजरायल पर 150 बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इनमें से छह मिसाइलें राजधानी तेल अवीव में गिरी जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं 63 अन्य घायल हो चुके हैं।

## एफ-35 फाइटर जेट मारकर गिरा दिया, ईरान का बड़ा दावा, आईडीएफ ने बताया झूठ

मीडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने दावा किया कि उसने दो उन्नत इजरायली एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों को मार गिराया है और उस दिन पहले हुए घातक इजरायली हमले का बदला लेने के लिए कई ड्रोन को रोका है। इस हमले में कथित तौर पर कई शीर्ष ईरानी सैन्य कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक और महिलाओं और बच्चों सहित नागरिक मारे गए। तेहरान के अनुसार, यह हमला ज़ायोनी शासन द्वारा किया गया था। एक ऐसा शब्द जिसका इस्तेमाल ईरानी अधिकारी आमतौर पर इज़राइल का वर्णन करने के लिए करते हैं।

## शिमला के रिज पर भिड़े टूरिस्ट, दोनों ओर से चले लात-घूंसे

**शिमला** । शिमला के रिज पर शनिवार की दोपहर बाद कुछ टूरिस्टों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते यह मारपीट में तब्दील हो गई। कुछ देर के लिए दोनों ओर से लात घूंसे चले। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया। तब तक दो पुलिस जवान भी वहां पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों को शांत करवाया गया। वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना दिया, जो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।इस पर लोग तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, क्योंकि दुनियाभर में मशहूर पर्यटन स्थल पर इस तरह के लड़ाई-झगड़े कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं। इसे लेकर जब सदर थाना में बात की गई तो पुलिस ने बताया गया कि अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है। हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर इस तरह की मारपीट आम हो गई है। 11 जून की रात को हरियाणा के टूरिस्ट ने कुल्लू में साडा बैरियर पर वहां तैनात होमगार्ड कर्मी से धक्का मुक्की और खुद बैरिकेड हटाया था। उन्होंने बिना बूम बैरियर उठाए अपनी गाड़ी भी आगे निकाल दी थी। यही नहीं उसने गन तक कर्मचारी पर तान दी थी।

# एयर इंडिया हवाई जहाज क्रैश के चलते टाटा कंपनी समूह की साख को लगा झटका

- अब उसे यात्रियों का भरोसा जीतने के लिए शिकायतों पर रीयल टाइम एक्शन लेना होगा

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** यदि बेशर्म उद्योगपति होता तो लोग मान लेते कि इसकी कंपनियां व धंधे तो ऐसे ही हैं। लापरवाही , बदइंतजामी , धांधली का तो इसके चोली -दामन संबंध वाला इतिहास है। लेकिन मामला टाटा कंपनी समूह का है। जिसका देश - विदेश में बहुत साख है। इस साख को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की हवाई जहाज के क्रैश होने के बाद झटका लगा है।

शेयर का गिरना तो अलग बात है , यहां मामला उस साख का है जिसके लिए टाटा समूह जाना जाता है। इसके पहले तो केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को टूटी सीट देने, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले को फ्लाइट ट्रैकर पर ग़लत जानकारी देने तथा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर के बिना पायलट वाली फ्लाइट समेत कमेडियन वीर दास व एक बुजुर्ग दंपति को व्हीलचेयर ना देने के अलावा अन्य कई यात्रियों की शिकायतों के बाद टाटा समूह के सामने अब इस प्लेन क्रैश से एयर इंडिया की बिगड़ती छवि को संभालने की चुनौती आ गई है। इसके लिए टाटा समूह सतर्क हो गया है। क्योंकि अब उसे यात्रियों का भरोसा जीतने के लिए शिकायतों पर रीयल टाइम एक्शन लेना होगा। एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस को और बेहतर करने की भी योजना बनने लगी है।

मालूम हो कि 55 हजार करोड़ रुपए से भी ज़्यादा के घाटे में चल रही एयर इंडिया को जनवरी 2022 में टाटा समूह ने खरीदा था। उसके बाद कंपनी ने नए एयरक्राफ्ट खरीदने के ऑर्डर दिए गए। पुराने एयरक्राफ्ट का इंटीरियर व लोगो बदला गया। एयर होस्टेस की सर्विस पर भी बहुत काम किया गया।लेकिन नए मैनेजमेंट के आने से कुछ परेशानियाँ भी शुरू हुईं। नए मैनेजमेंट ने पुराने स्टाफ पर कड़ाई करना शुरू कर दिया।तमाम कर्मचारियों को वीआरएस दे दिया गया। तमाम ऐसे कर्मचारी थे जो ग्रुप बाजी करते हुए मनमानी कर रहे थे। नए मैनेजमेंट ने उन्हें बाहर कर दिया। कुछ कर्मचारी अन्य कंपनी में चले गये। पहले तो एयर इंडिया के पास देश के लगभग हर सेंटर पर अपने इंजीनियर होते थे। लेकिन, जब से एआईईएसएल अलग हुई, तब से इंजीनियरिंग ग्राउंड पर कई तरह की कमी आई है। प्रशिक्षण कोर्स भी छोटे कर दिए गए। अन्य कई मामलों में कम समय वाला तरीका अपनाया जाने लगा है। इन सब पर अब कंपनी को ध्यान देकर सुधारना होगा।

# यदि आप अपना पेशाब रोकते हैं तो हो सकती है 5 बीमारियां

**पेशाब रोके रहना सेहत के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है**

**स्वास्थ्य**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञों के अनुसार पेशाब को बार-बार रोकने से शरीर को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। होता यह है कि काम में व्यस्त होने के चलते, यात्रा के दौरान या सार्वजनिक जगहों पर साफ टॉयलेट न मिलने के कारण हम में से ज्यादातर लोग पेशाब रोक लेते हैं, लेकिन लंबे समय तक या फिर बार-बार पेशाब रोके रहना सेहत के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। यह आदत मूत्र मार्ग को तो नुकसान पहुंचाती ही है, कई गंभीर बीमारियों का भी कारण बन सकती है। वैसे तो डाक्टर एक दिन में तीन लीटर पानी पीने की सलाह देते हैं, क्योंकि पानी पीने से किडनी फिल्टर होने के साथ-साथ शरीर से विषैले पदार्थ को बाहर निकालने का काम करती है। लेकिन तमाम लोग शरीर में ऑटोमेटिक होने वाले इस काम में बाधा डालते हैं और कामकाज में व्यस्त होने के चलते पेशाब को ज्यादा देर तक रोके रखते हैं। वे नहीं जानते हैं कि शरीर के टॉक्सिन, खतरनाक बैक्टीरिया और एक्स्ट्रा सॉल्ट मूत्र के मार्फत बाहर आते हैं। यूरिनरी ब्लैडर भरने पर मस्तिष्क को मूत्र रिलीज करने का मैसेज मिलता है, लेकिन यदि इसे रोक दिया जाए तो कई गंभीर बीमारी होने का खतरा रहता है। यह आदत आपकी किडनी, ब्लैडर व यूरिनरी सिस्टम के लिए बहुत नुकसान पहुंचा सकती है।बार-बार पेशाब रोकने से मूत्राशय में बैक्टीरिया होने लगते हैं, जो धीरे-धीरे यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का कारण बनते हैं। इसके चलते जलन, बार-बार पेशाब आना, बदबूदार पेशाब और बुखार आदि हो सकता है। यदि समय रहते यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का इलाज न हो, तो यह किडनी को प्रभावित करने लगते हैं और किडनी की समस्या का खतरा अधिक बढ़ जाता है।पेशाब रोकने से ब्लैडर (मूत्राशय) पर ज्यादा दबाव पड़ता है, जिसके चलते ब्लैडर की मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इससे ब्लैडर धीरे-धीरे अपनी मूल क्षमता खो देता है और ओवरफ्लो इनकॉन्टिनेंस जैसी समस्या होने लगती है जिसमें पेशाब टपकने लगता है।लंबे समय तक या फिर बार-बार पेशाब रोकने से मूत्र का दबाव ऊपर की ओर जाकर किडनी पर पड़ता है। इससे हाइड्रोनेफ्रोसिस या किडनी इंफेक्शन हो सकता है जो धीरे-धीरे किडनी फेलियर का कारण भी बन सकता है।लंबे समय तक मूत्र रोकने से किडनी में मिनरल्स जमा होने लगते हैं, जो बाद में पथरी का रूप ले सकते हैं। यदि यूरिन को बार-बार रोकते हैं, तो यह समस्या बढ़ सकती है और किडनी स्टोन से लेकर कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में ज्यादा पानी पीएं ताकि किडनी स्टोन बनने से रोका जा सके। जब भी यूरिन आए, उसे रोकने की बजाय तुरंत वॉशरूम जाएं। इन समस्याओं से बचने के लिए ज्यादा पानी पीएं, स्वास्थ्यकर भोजन लें और शरीर की जरूरतों को अनदेखा न करें। इससे यूरिनरी हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं और इन बीमारियों से बच सकते हैं। जब भी पेशाब लगे , उसे रोकें नहीं , मूत्रालय जाएं।

## घर में फंदे पर लटके मिले मां और दो बच्चे

- दोनों बच्चों के हाथ-पैर बंधे थे

**डिंडौरी** । डिंडौरी में एक घर में मां और दो बच्चों के शव फंदे पर लटके मिले। पिता जब घर लौटे तब पता चला। बच्चों के हाथ-पैर बंधे थे। पिता ने उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घर सील कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मेहदवानी थाना क्षेत्र के कुम्हारिन टोला में शुक्रवार रात की है। राजेंद्र प्रजापति गांव में फुल्की चाट का ठेला लगाता है। रात करीब 8 बजे जब वह काम से लौटा तो घर में टीवी चल रहा था। रोज की तरह सब कुछ सामान्य लग रहा था। कमरे में देखा तो पत्नी मधु प्रजापति (35), बेटी शिवानी (12) और बेटा आदित्य (10) फंदे पर झूल रहे थे। पुलिस को सूचना दी गई। एएसआई सुनील पटेल ने बताया, एफएसएल की टीम और डॉग स्क्वाड को जांच के लिए बुलाया गया है। घर के बाहर पुलिस बल तैनात है। एसपी वाहिनी सिंह और एसडीओपी मुकेश अविंदा मौके पर पहुंचे।

# व्हिसलब्लोअर ने बोइंग को दी थी 787 विमानों में खतरों के बारे में चेतावनी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कई व्हिसलब्लोअर ने बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर के बारे में गंभीर सुरक्षा चिंता जताई हैं, जिससे विमान के उत्पादन व असेंबली प्रक्रियाओं में संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा जांच शुरू हो गई है। आरोपों , अनुचित विनिर्माण प्रथाओं से लेकर कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिशोध के दावों तक ने बोइंग की सुरक्षा संस्कृति व परिचालन निरीक्षण की जाँच को तेज कर दिया है।कंपनी में 17 साल तक काम करने वाले एक बोइंग इंजीनियर सालेहपुर ने आरोप लगाया है कि ड्रीमलाइनर के धड़ के कुछ हिस्सों को अनुचित तरीके से एक साथ बांधा गया था, जिससे विमान की संरचनात्मक अखंडता से समझौता हो सकता है और इसका जीवनकाल कम हो सकता है। सालेहपुर के अनुसार, उन्होंने विमान के पुर्जों पर कर्मचारियों को "टार्जन की तरह कूदते" देखा ताकि संरेखण को मजबूर किया जा सके और 2020 से शुरू होने वाले तीन साल की अवधि में बार-बार इन प्रथाओं के बारे में चिंता जताई। उनका दावा है कि उनकी चेतावनियों को खारिज कर दिया गया और उन्हें "चुप रहने" का निर्देश दिया गया। जॉन बार्नेटः एक पूर्व गुणवत्ता नियंत्रण इंजीनियर जॉन बार्नेट ने पहले भी इसी तरह के मुद्दों को चिह्नित किया था।

**कहा था, ये 'विनाशकारी' हो सकते हैं**

बार्नेट ने आरोप लगाया कि उत्पादन के दबाव में, कर्मचारी असेंबली लाइन पर घटिया पुर्जे लगा रहे थे और उन्होंने विमान के ऑक्सीजन सिस्टम में दोषों की पहचान की थी - जिससे यह संभावना बढ़ गई कि उड़ान में चार में से एक आपातकालीन श्वास मास्क विफल हो सकता है। बार्नेट के परिवार ने उनकी मृत्यु के बाद पीटीएसडी, अवसाद और चिंता का हवाला देते हुए मुकदमा दायर किया है, उनका दावा है कि वे बोइंग के आचरण से जुड़े थे। स्पिरिट एयरोसिस्टम्स के ठेकेदार स्ट्रोम द्वारा नियोजित एक मैकेनिक रिचर्ड क्यूवास ने 2023 में स्पिरिट के विचिटा, कंसास, सुविधा में 787 विमानों के आगे के दबाव वाले बल्कहेड में छेदों की अनुचित ड्रिलिंग देखने की सूचना दी। उन्होंने अक्टूबर 2023 में बोइंग व स्पिरिट दोनों को "घटिया विनिर्माण और रखरखाव प्रक्रियाओं" का हवाला देते हुए एक शिकायत प्रस्तुत की, और कई महीनों बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। ये विवरण एफएए को प्रस्तुत की गई व्हिसलब्लोअर शिकायतों की बढ़ती संख्या में से हैं, जिनमें से कई विनिर्माण मानकों व निरीक्षण प्रोटोकॉल में कथित खामियों से संबंधित हैं। जनवरी 2024 की एक घटना के बाद से जिसमें उड़ान के दौरान 737 मैक्स से एक डोर प्लग अलग हो गया था, एक दर्जन से अधिक व्हिसलब्लोअर आगे आए हैं। एक ने बताया कि बोइंग ने विनियामकों से दोषपूर्ण या गैर-अनुपालन वाले भागों को छिपाने का प्रयास किया, इस डर से कि ऐसे घटक सेवा में विमान पर लगाए गए हो सकते हैं। बढ़ती चिंताओं के जवाब में एफएए ने पिछले साल बोइंग की सुविधाओं का छह सप्ताह का ऑडिट किया। ऑडिट में उत्पादन प्रथाओं में कई मुद्दे सामने आए और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में "अंतराल" का हवाला दिया गया, जिसमें प्रबंधन और फ्रंटलाइन कर्मचारियों के बीच अलगाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं की रिपोर्ट करने पर प्रतिशोध का व्यापक डर शामिल है। बोइंग ने कहा है कि उसे 787 ड्रीमलाइनर की सुरक्षा और स्थायित्व पर "पूरी तरह भरोसा" है। फिर भी, व्हिसलब्लोअर के दावे और संघीय निरीक्षण निकायों के निष्कर्ष कंपनी की आंतरिक सुरक्षा प्रथाओं और गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में सवाल उठाते रहते हैं। अहमदाबाद से उड़ान भरने के तुरंत बाद एयर इंडिया ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद बोइंग इंडिया ने एक संक्षिप्त बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि वह स्थिति पर नजर रख रहा है। बोइंग इंडिया ने कहा, "हमें शुरुआती रिपोर्टों की जानकारी है और हम और जानकारी जुटाने के लिए काम कर रहे हैं।

## अमेरिका में 2 सांसदों को घर में घुसकर गोली मारी

**मिनेसोटा** । अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गई। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गई है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गई हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जाएंगे। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने घटना को लेकर कहा, 'दोनों सांसदों पर हमला राजनीति से प्रेरित लग रहा है। मेलिसा एक शानदार जनसेवक थीं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। पुलिस ने बताया कि हमलावर अभी भी फरार है।

# न्यूरालिंक अगले वर्ष तक ब्लाइंड साइट टेस्टिंग में सफल हो जाएगा?

**ब्यूरो**

- यह होने पर अंधे व्यक्ति को ब्लाइंड साइड डिवाइस से उसके दिमाग के उस हिस्से को एक्टिवेट किया जाएगा , जो देखने से जुड़ा है

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की न्यूरोटेक्नोलॉजी कंपनी न्यूरालिंक बंदरों में ब्रेन इम्प्लांट की टेस्टिंग कर रही है। वह यह टेस्टिंग मनुष्यों को "सुपर पावर" देने के लिए कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य दृष्टिहीन रोगियों को दृष्टि देना हो सकता है। कंपनी के ब्लाइंडसाइट डिवाइस के मुख्य उद्देश्य में इन्फ्रारेड साइट्स जैसी "सुपर ह्यूमन कैपेबिलिटी" को इनेबल करना शामिल है। जिन बंदरों पर ब्रेन इनप्लांट की टेस्टिंग की जा रही है, उनमें से एक को वो चीज दिखाई दी है, जो कि असल में वहां पर थी ही नहीं। इसका मतलब है कि इस डिवाइस के जरिए उन चीजों को भी देखा जा सकता है, जो वहां मौजूद नही हैं। न्यूरालिंक के इंजीनियर जोसेफ ओ डोहर्टी ने एक कॉन्फ्रेंस में बताया है कि ब्लाइंड साइड डिवाइस से बंदर के दिमाग के उस हिस्से को एक्टिवेट किया गया है, जो देखने से जुड़ा है। यानी यह डिवाइस दिमाग को नकली चीजें देखने में मदद करती है। टेस्टिंग के दौरान, बंदर ने अपनी आंखें उस दिशा में घुमाई, जहां रिसर्चर उसे कुछ दिखाना चाहते थे।ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार इसका ट्रायल इंसानों पर इसी साल हो सकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि न्यूरालिंक की ब्लाइंडसाइट पर की जा रही टेस्टिंग की यह पहली जानकारी सामने आई है। इससे पहले, कंपनी ने इस बारे में कोई खास जानकारी नहीं दी थी। हालांकि मस्क ने पहले ही बता दिया था कि ब्लाइंडसाइट को कई साल से बंदरों पर टेस्ट किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा था कि इंसानों पर इसका ट्रायल इस साल के अंत तक शुरू हो सकता है। बता दें कि अभी तक इस डिवाइस को अमेरिका में मानव पर उपयोग के लिए अप्रूवल नहीं मिला है।




# 11 दिन बाद कैंसर की सर्जरी करवा कर घर लौटीं दीपिका कक्कड़...

38 वर्षीय ससुराल सिमर का की अभिनेत्री ने ट्यूमर को हटाने के लिए मुंबई के एक अस्पताल में 14 घंटे की सर्जरी करवाई, जिसके दौरान डॉक्टरों ने उनके पित्ताशय और लीवर के एक हिस्से को भी हटा दिया। टेलीविजन अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ को स्टेज 2 लीवर कैंसर की सर्जरी के बाद शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया। 38 वर्षीय ससुराल सिमर का की अभिनेत्री ने ट्यूमर को हटाने के लिए मुंबई के एक अस्पताल में 14 घंटे की सर्जरी करवाई, जिसके दौरान डॉक्टरों ने उनके पित्ताशय और लीवर के एक हिस्से को भी हटा दिया। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में एक सप्ताह से अधिक समय तक निगरानी में रहने के बाद, दीपिका ने साझा किया कि ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। हालांकि, उनका उपचार जारी है, और पूरी तरह से ठीक होने के लिए और अधिक चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता है।

**परिवार और डॉक्टर लगातार उनकी स्थिति पर नज़र रख रहे हैं**

## दीपिका को अस्पताल से छुट्टी मिली




शोएब इब्राहिम ने अपने लेटेस्ट व्लॉग में बताया कि दीपिका को 11 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। दीपिका की सेहत के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, "उन्हें 11 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वे चेक-अप के लिए आई हैं। पिछले कुछ दिन मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद मुश्किल रहे हैं, लेकिन हम सभी की प्रार्थनाओं और समर्थन के लिए आभारी हैं। यह सिर्फ़ एक हिस्सा है, अभी बहुत कुछ बाकी है। अभी सब कुछ ठीक है, लेकिन हमने सिर्फ़ एक मील का पत्थर पार किया है। अभी भी बहुत कुछ बाकी है, जिस पर हमें गौर करना है। जैसा कि डॉक्टर हमें बताते हैं, हम उसका पालन करते रहेंगे।